# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार


https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, मंगलवार 22 जुलाई 2025 ● श्रावण कृष्ण पक्ष 12, संवत 2082 ● रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 105 ● मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12


**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.6 | 23.6 |
| डालटनगंज | 33.2 | 24.8 |
| धनबाद | 33.4 | 27.1 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.



# पूरी तरह बदल रही भारत की युद्धनीति!

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद दुश्मनों पर प्रहार के लिए भविष्य के हथियारों पर हो रहा काम

शुभम संदेश डेस्क

मई 2025 में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से दुनिया को अपनी सैन्य ताकत और तकनीकी दमखम दिखा दिया. पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट किया. इस ऑपरेशन में स्वदेशी हथियारों, जैसे ब्रह्मोस मिसाइल, आकाश डिफेंस सिस्टम और ड्रोन्स ने कमाल कर दिखाया. ये तो बस शुरुआत थी. ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने अपनी युद्ध योजना को और मजबूत करने के लिए नए और शक्तिशाली हथियारों पर काम शुरू कर दिया है.

**भारत के नए हथियार: क्या-क्या है लिस्ट में**
ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने अपनी सैन्य ताकत को कई गुना बढ़ाने का फैसला किया. डीआरडीओ, भारतीय नौसेना और निजी कंपनियां मिलकर ऐसे हथियार बना रही हैं, जो भविष्य के युद्धों में गेम-चेंजर साबित होंगे.

### 1. प्राइम मिसाइलें : दुश्मन केलिए खतरा

लॉन्ग रेंज एंटी-शिप मिसाइलः डीआरडीओ और भारतीय नौसेना ने मिलकर एक ऐसी मिसाइल बनाई है, जिसे कैरियर किलर कहते हैं. ये मिसाइल समुद्र में 1,000 किमी से ज्यादा दूरी पर दुश्मन के युद्धपोतों और एयरक्राफ्ट कैरियर्स को नष्ट कर सकती है. इसे जाम करना नामुमकिन है.

**ब्रह्मोस-2:** ये हाइपरसोनिक मिसाइल है. इसकी रेंज 1500 किमी है यानी दिल्ली से इस्लामाबाद या दक्षिण चीन सागर तक के ठिकाने सेकंडों में नष्ट हो सकते हैं. ये रडार से बच निकलती है, जिससे दुश्मन का डिफेंस सिस्टम बेकार हो जाता है.

**रुद्रम-2 और रुद्रम-3 :** ये एंटी-रेडिएशन मिसाइलें हैं, जो दुश्मन के रडार, एयर डिफेंस सिस्टम और कम्युनिकेशन सेंटर्स को तबाह करती हैं. इन्हें एसयू-30एमकेटी और एएमसीए जैसे फाइटर जेट्स से दागा जा सकता है.

**आकाश और क्यूआरएसएएम:** आकाश सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल है, जो 25 किमी तक दुश्मन के ड्रोन और विमानों को मार गिराती है. क्यूआरएसएएम (क्विक रिएक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल) 30 किमी तक के खतरों को खत्म करती है. ऑपरेशन सिंदूर में इनका जलवा देखने को मिला.

### 2. युद्धपोत : समुद्र में भारत का दबदबा

नई पनडुब्बियां और युद्धपोतः ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय नौसेना अपनी ताकत बढ़ा रही है. मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) को 1.06 लाख करोड़ रुपए का ठेका मिला है, जिसके तहत 3 नई स्कॉर्पीन पनडुब्बियां बनेंगी. ये 60% स्वदेशी तकनीक से बनेंगी और 6-8 साल में तैयार होंगी.

**आईएनएस विक्रांत और विशाखापट्टनम :** भारत के स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत और युद्धपोत आईएनएस विशाखापट्टनम ड्रोन्स और मिसाइलों से लैस हैं. ये अरब सागर और हिंद महासागर में भारत की ताकत बढ़ा रहे हैं.

**4000-5000 करोड़ का निवेश:** एमडीएल मुंबई में 10 एकड़ जमीन पर दो नए बेसिन बना रहा है, जहां बड़े युद्धपोत और पनडुब्बियां बनेंगी. इससे 2047 तक स्वदेशी नौसेना का सपना पूरा होगा.

### 3. रडार: दुश्मन की हर हरकत पर नजर

स्वदेशी एईएसए 'उत्तम' रडारः ये रडार एएमसीए स्टेल्थ फाइटर जेट्स में लगेगा. ये दुश्मन के विमानों और मिसाइलों को दूर से पकड़ लेता है. हालांकि, अभी इसकी प्रोडक्शन क्षमता 24 यूनिट्स प्रति साल है, लेकिन एचएएल और बीईएल इसे बढ़ाने पर काम कर रहे हैं.

**डी4एस एंटी-ड्रोन सिस्टम:** ये सिस्टम ड्रोन्स को इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग और लेजर से मार गिराता है. ऑपरेशन सिंदूर में इसने पाकिस्तान के 307 ड्रोन्स को पकड़ा और नष्ट किया.

**एईडब्ल्यू&सी रडार:** ये हवा में निगरानी रखने वाला रडार है, जिसने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की सुपरसोनिक सीएम-400एकेजी मिसाइल को ट्रैक और नष्ट किया.

### 4. किलर ड्रोन्स: युद्ध का भविष्य

स्विफ्ट-के कामिकेज ड्रोनः बेंगलुरु की डीआरडीओ-एडीई लैब में बन रहा ये ड्रोन 735 किमी/घंटा की रफ्तार से उड़ता है. स्टील्थ तकनीक की वजह से रडार इसे पकड़ नहीं पाते. ये दुश्मन के हवाई डिफेंस सिस्टम को नष्ट कर सकता है.

**एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन:** भारत ने अमेरिका से 31 हंटर-किलर ड्रोन्स खरीदे हैं.

-शेष पेज 11 पर...

## ब्रीफ न्यूज

### मुंबई ब्लास्ट केस के सभी 12 आरोपी बरी

**मुंबई।** देश को दहला देने वाले मुंबई लोकल ट्रेन सीरियल ब्लास्ट केस 2006 में बड़ा फैसला आया है. बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया. अदालत ने कहा कि प्रॉसिक्यूशन (सरकारी पक्ष) आरोपियों के खिलाफ पुख्ता सबूत पेश करने में नाकाम रहा, इसलिए उन्हें दोषी नहीं ठहराया जा सकता. कोर्ट ने अपने फैसले में कहा, यह मानना कठिन है कि जिन आरोपियों को दोषी ठहराया गया था, उन्होंने वास्तव में यह अपराध किया है. इसलिए, उन्हें सभी आरोपों से बरी किया जाता है.

### ममता ने खेल दिया बांग्ला भाषी कार्ड

**कोलकाता।** टीएमसी प्रमुख और सीएम ममता बनर्जी ने सोमवार को धर्मतला में आयोजित वार्षिक शहीद श्रद्धांजलि सभा से भाजपा पर जमकर हमला बोला. उन्होंने देशभर में घुसपैठियों को चिन्हित करने की मुहिम के जरिए बांग्ला भाषी लोगों को प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाते हुए इसके खिलाफ देशभर में बड़े स्तर पर आंदोलन की चेतावनी दी है. ममता ने इस कार्रवाई को भाषाई विद्वेष से जोड़ते हुए कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो फिर से भाषा आंदोलन शुरू किया जाएगा.

### केरल के पूर्व मुख्यमंत्री अच्युतानंदन का निधन

**तिरुअनंतपुरम।** केरल के पूर्व सीएम और वरिष्ठ मार्क्सवादी नेता वीएस अच्युतानंदन का निधन हो गया है. उनकी उम्र 101 वर्ष थी. माकपा के राज्य सचिव एमवी गोविंदन ने यह जानकारी दी. गोविंदन ने पत्रकारों को बताया कि अच्युतानंदन का निधन यहां एक निजी अस्पताल में हुआ, जहां वह करीब एक महीने पहले दिल का दौरा पड़ने के बाद से उपचार करा रहे थे. अच्युतानंदन माकपा के संस्थापक सदस्यों में से थे और जीवनभर मजदूरों के अधिकारों, भूमि सुधार और सामाजिक न्याय की वकालत करते रहे. उन्होंने 2006 से 2011 तक केरल के सीएम के रूप में सेवा दी.

## मानसून सत्र: पहले दिन संसद में जोरदार हंगामा, नहीं चल पाई कार्यवाही

# ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में 16 तो राज्यसभा में 9 घंटे होगी बहस

एजेंसियां। नयी दिल्ली

संसद में जैसा तय था, सोमवार को मॉनसून सत्र के पहले दिन ऑपरेशन सिंदूर पर संग्राम छिड़ा रहा. दोनों सदनों में विपक्षी सांसद पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग करते रहे. लोकसभा में मोर्चा अखिलेश यादव के साथ सपा सांसदों ने संभाला, तो राज्यसभा में खुद नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस पर बहस की मांग की. विपक्ष के इस वार पर सरकार पूरी तरह से तैयार नजर आई. लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला ने साफ किया कि विपक्ष चाहे तो प्रश्नकाल के बाद इस पर चर्चा कराई जा सकती है. बाद में संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू और रक्षा मंत्री राजनाथ ने भी विपक्ष की इस चुनौती को स्वीकार किया. राज्यसभा में भी सदन के नेता जेपी नड्डा ने भी कहा कि इस मुद्दे पर सरकार चर्चा करेगी और हर तरीके से करेगी. लेकिन जिस ऑपरेशन सिंदूर को विपक्ष सरकार की कमजोरी नस मान रहा है, उसे आखिर सरकार मौके की तरह क्यों देख रही है? माना जा रहा है कि ऑपरेशन सिंदूर पर बहस को लेकर सहमति बन गई है. इस पर 16 घंटे का समय तय किया गया है.

**ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा क्या विपक्ष की रणनीतिक चूक:** ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विपक्ष की रणनीति दरअसल पहलगाम हमले के अब तक आजाद आतंकियों और डोनाल्ड ट्रंप के बयान पर टिकी है. विपक्ष मोदी का बयान चाहता है. इसके जरिए पीएम को घेरने की रणनीति है. हालांकि पीएम मोदी ने इस विपक्ष की इस रणनीति को भांपते हुए सुबह सत्र शुरू होने से पहले ही यह कहते हुए विपक्ष के आक्रमण की धार को कुंद करने की कोशिश की कि यह मॉनसून सत्र दरअसल विजयोत्सव है. उन्होंने इसे सैनिकों की वीरता और अंतरिक्ष में परचम लहराने वाले शुभांशु शुक्ला से जोड़ा. सदन में भी आसन संभाल रहे जगदंबिका पाल ने भी पीएम मोदी की इस लाइन का जिक्र किया.

**बैकफुट पर नहीं सरकार :** सत्र शुरू होने से पहले ही पीएम मोदी ने संसद भवन में ऑपरेशन सिंदूर के तथ्यों के बारे में मीडिया को ब्रीफ किया. उन्होंने भारत में बने जनमत और सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों के विदेश दौरे को आम राय का प्रतीक बताया. वहीं सदन के अंदर सरकार ने यह भी बिल्कुल साफ कर दिया वह ऑपरेशन सिंदूर पर कतई बैकफुट पर नहीं है. चर्चा होगी और जोरदार होगी. सोमवार को राज्यसभा में नड्डा के तेवर कुछ ऐसे ही थे. दरअसल सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग तुरंत स्वीकार कर विपक्ष के हाथ से मुद्दा छीनने की रणनीति अपनाई है. बीजेपी के पास अब चर्चा के दौरान अपने फेवरिट पिच पर बैटिंग का मौका है. विपक्ष के लिए बड़ा धर्मसंकट अपने वे सांसद भी रहेंगे जो ऑपरेशन सिंदूर के प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे.



### पीएम मोदी ने की उच्च स्तरीय बैठक

#### अमित शाह व राजनाथ सिंह समेत कई मंत्री रहे मौजूद

इस बीच, दोपहर बाद संसद भवन में पीएम मोदी की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत कई मंत्री शामिल हुए. सूत्रों के अनुसार, यह बैठक संसद सत्र को लेकर आयोजित की गई थी, जिसमें सत्र की रूपरेखा, विधायी एजेंडा और विपक्ष से संभावित रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया. माना जा रहा है कि सरकार इस सत्र में कुछ अहम विधेयकों को पेश करने और पारित कराने की तैयारी में है. इस बैठक में संसद की कार्यवाही को सुचारू रूप से संचालित करने और कई मंत्रालयों के समन्वय को लेकर भी विचार किया गया. हालांकि, सरकार की ओर से बैठक के एजेंडे पर आधिकारिक रूप से कोई बयान नहीं आया है.

### न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ चलेगा महाभियोग

#### 207 सांसदों के हस्ताक्षर वाला प्रस्ताव लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपा

सरकारी आवास से नकदी बरामदगी के मामले में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने के लिए विभिन्न दलों के 207 लोकसभा सदस्यों के हस्ताक्षर वाला प्रस्ताव लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपा गया. संसद का मानसून सत्र आज से ही शुरू हुआ. संसद अब इन आरोपों की जांच करेगी. संविधान के अनुच्छेद 124, 217 और 218 के तहत महाभियोग का प्रस्ताव लाया गया है.

### पीएम ने मानसून सत्र को बताया गौरवपूर्ण विजयोत्सव

## सभी दलों से की देशहितमें एकता की अपील

एजेंसियां। नयी दिल्ली



संसद के मानसून सत्र की शुरुआत से पहले सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने मीडिया को संबोधित करते हुए इसे राष्ट्र के लिए एक गौरवपूर्ण विजयोत्सव बताया. उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे भले ही राजनीतिक दृष्टिकोण में भिन्न हों, लेकिन देशहित में एकजुट होकर काम करें. उन्होंने कहा कि संसद से एक सकारात्मक संदेश जाना चाहिए जो जनभावनाओं को प्रतिबिंबित करे और राष्ट्र को आगे ले जाए. मोदी ने देश की हालिया सैन्य, अंतरिक्ष और आर्थिक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत अब दुनिया के सामने एक नई शक्ति के रूप में उभरा है. उन्होंने कहा कि भारत का तिरंगा जब अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर लहराया, तो हर भारतीय का सिर गर्व से ऊंचा हो गया. उन्होंने कहा कि यह समय है इन उपलब्धियों का गुणगान करने का, ताकि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा मिल सके. मोदी ने कहा कि भारत की सेनाओं ने हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक विजय हासिल की है. इस अभियान ने न सिर्फ आतंकवादियों को करारा जवाब दिया, बल्कि भारत के स्वदेशी सैन्य उपकरणों की ताकत भी दुनिया को दिखा दी. उन्होंने कहा कि मेड इन इंडिया रक्षा उत्पादों से अब वैश्विक स्तर पर भारत की साख बढ़ रही है.

### राहुल गांधी ने सरकार पर लगाया पक्षपात का आरोप

#### मैं विपक्ष का नेता, फिर भी मुझे बोलने नहीं दे रहे



संसद के मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को हंगामे और स्थगन के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष का नेता होने के बावजूद उन्हें लोकसभा में बोलने नहीं दिया गया. सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद राहुल ने संसद भवन के बाहर संवाददाताओं से कहा, रक्षा मंत्री और सरकार के अन्य लोगों को बोलने की इजाजत है, लेकिन विपक्षी नेताओं को बोलने नहीं दिया जा रहा. मैं विपक्ष का नेता हूं, बोलना मेरा अधिकार है, मुद्दे उठाना मेरा काम है, लेकिन वे मुझे बोलने नहीं दे रहे. उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार एक नया तरीका अपना रही है. उन्होंने कहा, पीएम मोदी सदन से चले गए. अगर वे अनुमति दें तो चर्चा हो सकती है, लेकिन मुद्दा यह है कि परंपरा कहती है कि अगर सरकार के नेताओं को बोलने की अनुमति है, तो हमें भी जगह दी जानी चाहिए. हम बोलना चाहते थे, लेकिन हमें अनुमति नहीं दी गई.

- **पीएम मोदी के जवाब पर अटकी बात :** ऑपरेशन सिंदूर की चर्चा पर सरकार और विपक्ष में सहमति पीएम मोदी को लेकर भी अटकी हुई है. राज्यसभा की बिजनस एडवाइज़री समिति की बैठक में विपक्षी दलों ने पहलगाम में आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर इसी हफ्ते चर्चा की मांग की. विपक्ष की मांग है कि प्रधानमंत्री चर्चा के बाद जवाब दें. लेकिन सरकार की ओर से कहा गया कि इस हफ्ते पीएम विदेश दौरे पर जा रहे हैं.

### सिमडेगा में नाबालिग से दुष्कर्म पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सख्त, कहा

# बर्दाश्त के काबिल नहीं की जाए कड़ी कार्रवाई

शुभम संदेश। रांची

सिमडेगा जिले के कोलेबिरा में नाबालिग लड़की को अगवा करके अश्लील वीडियो बनाने व दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है. पीड़िता के स्वजन ने एक युवक पर आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है. इस मामले को लेकर बाबूलाल मरांडी ने भी उठाया है. जिसके बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संज्ञान लिया है. उन्होंने सिमडेगा डीसी और सिमडेगा पुलिस से कहा है कि यह बिल्कुल बर्दाश्त के काबिल नहीं है. आरोपियों की पहचान कर उन्हें अविलंब गिरफ्तार कर आगे कठोरतम कार्रवाई करें. साथ ही बच्ची एवं उनके पूरे परिवार की सुरक्षा एवं अन्य सभी सरकारी सहायता उपलब्ध कराते हुए सूचना दें.

दरअसल पहले बाबूलाल मरांडी ने झारखंड पुलिस को टैग करते हुए कहा है कि सिमडेगा जिले के कोलेबिरा में नाबालिग बेटी के साथ हुई दुष्कर्म की घटना ने पूरे प्रदेश को शर्मसार कर दिया है. एक मासूम बच्ची का अपहरण कर दुष्कर्म और अश्लील वीडियो बनाए जाने की घटना अति निंदनीय है.

#### क्या है मामला

13 वर्षीय नाबालिग बीती 16 जुलाई की रात 9 बजे से लापता थी. काफी ढूंढने के बाद भी वह नहीं मिली. इसके तीन दिन बाद 19 जुलाई को सुबह लगभग 9 बजे घर वापस आई तो उसने पिता से आपबीती बताई. पीड़िता ने बताया कि स्थानीय निवासी एक 19 वर्षीय युवक ने 16 जुलाई को रात 9 बजे फोन कर चुपके से घर से बाहर आने के लिए कहा था. घर से बाहर नहीं आने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी. आरोपी एक समुदाय विशेष का बताया गया है. नाबालिग ने कहा कि डर के कारण वह परिवार को बिना बताए घर से बाहर निकली. इसके बाद आरोपी अपने साथ ले गया और डरा-धमका कर अश्लील फोटो, वीडियो दिखा कर उसके साथ दुष्कर्म किया. आरोपी ने डरा-धमका कर और बंधक बनाकर तीन दिन गलत काम किया. पीड़िता ने यह भी बताया कि आरोपित ने तीन माह पहले भी उसे डरा-धमकाकर एक बगीचे ले जाकर दुष्कर्म किया था. इस दौरान आरोपी ने पीड़िता का अश्लील वीडियो बनाया और फोटो भी खींचे थे.

# मुख्यमंत्री हेमंत और चीफ जस्टिस आज रांची आएंगे

शुभम संदेश। रांची



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार की शाम दिल्ली से रांची आएंगे. वहीं झारखंड हाईकोर्ट के नव नियुक्त मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान भी रांची आएंगे. मालूम हो कि 23 जुलाई को राजभवन में न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान को राज्यपाल संतोष गंगवार पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे. न्यायमूर्ति चौहान के शपथ ग्रहण समारोह में काफी संख्या में हिमाचल व अन्य जगहों से उनके रिश्तेदार, करीबी व जस्टिस भी आ रहे हैं. इनकी संख्या लगभग 60 है जिन्हें राज्य सरकार ने स्टेट गेस्ट घोषित किया है. उन्हें होटल रेडिशन ब्लू, बीएनआर व अन्य होटलों में ठहराने की व्यवस्था की गयी है. मालूम हो कि हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस तरलोक सिंह चौहान को हाल ही में झारखंड हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया है. जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भी मंगलवार शाम ही दिल्ली से रांची आ रहे हैं. वह 23 जुलाई को चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे. उसके अगले दिन 24 जुलाई को मुख्यमंत्री कैबिनेट की बैठक करेंगे.

### नाराज सीजेआई बीआर गवई ने पूछा

# राजनीतिक लड़ाइयों के लिए ईडी का इस्तेमाल क्यों हो रहा?

एजेंसियां। नयी दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को ईडी से पूछा- ईडी का इस्तेमाल राजनीतिक लड़ाइयों के लिए क्यों किया जा रहा है. कोर्ट ने कर्नाटक हाईकोर्ट द्वारा सीएम सिद्धारमैया की पत्नी बीएम पार्वती और मंत्री बायरथी सुरेश के खिलाफ समन रद्द करने के आदेश को चुनौती देने वाली ईडी की अपील पर सुनवाई से इनकार कर दिया.
यह मामला मैसूर विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध ढंग से भूखंड आवंटन से जुड़ा है. जब मामले की सुनवाई शुरू हुई तब चीफ जस्टिस गवई की बेंच ने मामले में हाई कोर्ट के फैसले खिलाफ ईडी की अपील पर सुनवाई से इनकार कर दिया.

**हमें बोलने के लिए मजबूर मत करिए:** सीजेआई गवई ने ईडी की ओर से पेश एएसजी एसवी राजू से कहा, राजू साहब कृपया हमें बोलने के लिए मजबूर मत कीजिए. वरना हमें ईडी पर कठोर टिप्पणी करनी पड़ेगी. दुर्भाग्यवश, मुझे अनुभव है. आप यह चीज देश में मत फैलाइए. राजनीतिक लड़ाइयां जनता के सामने लड़ी जानी चाहिए. कोर्ट ने कहा कि ईडी को इस काम में क्यों लगाया जा रहा है? इसके बाद कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए अपील खारिज कर दी. शीर्ष अदालत ने कहा कि हमें हाई कोर्ट के जज द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया में कोई त्रुटि नहीं दिखती. इस मामले के विशेष तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए, हम इसे खारिज करते हैं.

### बड़ी पहल : बोकारो स्टील प्लांट के मसलों पर समन्वय बैठक में बोलीं मुख्य सचिव अलका तिवारी

# स्थानीय लोगों की भावनाओं का भी ख्याल रखे सेल

- प्लांट जिन्हें प्रशिक्षित करे, उन्हें उनकी योग्यतानुसार रोजगार के अवसर भी मुहैय्या कराये

शुभम संदेश। रांची



मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा है कि बोकारो स्टील प्लांट विभिन्न मसलों का समाधान समन्वय बनाकर करे. इसके लिए पारदर्शी संवाद कायम करे. इस प्रक्रिया में स्थानीय लोगों की भावनाओं का भी ख्याल रखे. उन्होंने कहा कि स्टील पॉलिसी के तहत सेल की विभिन्न इकाइयों में कई विकासात्मक कार्य हो रहे हैं. हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि बोकारो के लोग यह नहीं महसूस करें कि वे इसमें पीछे छूट रहे हैं. जरूरी है कि हम स्थानीय लोगों की फीलिंग को समझें. साथ ही स्थानीय समस्याओं का समाधान लोकल स्तर पर समन्वय बनाकर करने को कहा. वह सोमवार को सेल के चेयरमैन और उनकी टीम, संबंधित विभागों के सचिव और बोकारो जिला प्रशासन के साथ बोकारो स्टील सिटी के विविध मसलों को लेकर आहूत बैठक में बोल रहीं थीं.

**9 पंचायतों के पुनर्गठन का प्रस्ताव :** बैठक के दौरान विस्थापितों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई. इस मसले का हल समन्वित प्रयास से करने का निर्णय लिया गया. इसके लिए जवाबदेही के साथ आपसी विश्वास और सौहार्द विकसित करने पर बल दिया गया. मुख्य सचिव ने इसके लिए सक्षम समन्वित योजना और समयबद्ध समाधान की दिशा में आगे बढ़ने का निर्देश दिया. पुनर्वास से वंचित 20 गांवों के पुनर्गठन पर भी चर्चा हुई. सेल के चेयरमैन अमरेंद्र प्रकाश ने कहा कि हमारी मंशा किसी को उजाड़ने की नहीं है.

**756.94 एकड़ अप्रयुक्त वन भूमि के सीमांकन का निर्देश:** बैठक के दौरान बोकारो स्टील सिटी द्वारा अप्रयुक्त 756.94 एकड़ वन भूमि को वन विभाग को लौटाने को लेकर भी चर्चा हुई. सेल उक्त भूमि को लौटाने की सहमति दे चुका है, लेकिन अभी तक इसका क्रियान्वयन नहीं हुआ है. मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि सेल और वन विभाग पहले एक समन्वित टीम बनाकर उक्त जमीन का नक्शा बनायें, ताकि यह स्पष्ट हो जाये कि लौटानेवाली जमीन की सीमा क्या है. वन सचिव अबू बक्कर सिद्दीकी ने प्रस्ताव दिया कि सीमांकन के बाद वन विभाग उसकी पिलरिंग कराने के लिए तैयार है, बशर्ते सेल उसके खर्च का भुगतान करे. सेल चेयरमैन ने पैसा देने की सहमति दी.

#### बोकारो स्टील सिटी को टॉप टेन में लायें

बताते चलें कि सेल 13 शहरों में है. उसमें से तीन शहर टॉप टेन में हैं. मुख्य सचिव ने व्यवस्थित ढंग से बसे बोकारो स्टील सिटी को भी टॉप टेन में लाने का प्रयास करने को कहा. बोकारो उपायुक्त ने बैठक में इसे टॉप वन सिटी बनाने का खाका प्रस्तुत किया. सेल के चेयरमैन ने इसमें पूरा सहयोग देने की बात कही. उन्होंने कहा कि बोकारो में अतिक्रमण बड़ा मसला है. 1932 एकड़ जमीन पर अतिक्रमण है. इसी कारण समस्या है. उन्होंने कहा कि बोकारो को व्यवस्थित करने के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है. 20 हजार करोड़ से प्रस्तावित बोकारो स्टील सिटी के विस्तारीकरण के साथ आर्थिक गतिविधियां भी बढ़ेंगी.

## इरफान अंसारी और भानू प्रताप शाही की सोशल मीडिया पर जुबानी जंग

# आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री भानु प्रताप शाही के बीच सोशल मीडिया पर जुबानी जंग छिड़ गई है. दोनों नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है. भानु प्रताप शाही ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि इरफान अंसारी जी इसका भी निरीक्षण कर के कृष बाबू से बनवाइएगा की खाली अस्पताले निरीक्षण करवाइएगा. आगे लिखा कि कृष बाबू यह आपके अब्बू जान के क्षेत्र का है, जहां से आपके अब्बू जान तीन बार विधायक दो बार मंत्री बने हैं.





### शाही के बयान पर इरफान ने किया पलटवार

भानु प्रताप शाही के बयान पर इरफान अंसारी ने पलटवार किया है. उन्होंने लिखा कि जब आप जेल में थे, तब आपके पिता मंत्री बने थे. आप जेल से बाहर निकले तो पिता हेमंत प्रताप देहाती को जबरदस्ती मंत्री पद से इस्तीफा दिलवाया. भानु जी, उस वक्त आपकी नैतिकता कहां थी. आपने अपने पिता को मंत्री पद से वंचित कर खुद कुर्सी पर कब्जा कर लिया और तब से घोटाले होते रहे, आप बस देखते रहे.

#### खबरदार मेरे पुत्र के बारे में कुछ बोला तो

इरफान ने आगे लिखा है कि खबरदार मेरे पुत्र कृष अंसारी के बारे में कुछ बोला. मेरा पुत्र गंगा की तरह पवित्र मंशा से रिम्स गया था और जब जब किसी इंसान को कृष की जरूरत पड़ेगी वह जाएगा. रिम्स किसी की बपौती नहीं है. कृष में एक समाज सेवी देश भक्त का खून दौड़ रहा है. मानवता के पुकार पर कृष सौ बार वहां जाएगा जंहा उसकी जरूरत होगी.

# भाजपा को महिलाओं के मुद्दों पर राजनीतिक करने का नैतिक अधिकार नहीं: विनोद पांडेय

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने भाजपा के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि भाजपा झारखंड में महिला सुरक्षा के मुद्दे पर घड़ियाली आंसू बहा रही है, जबकि यही पार्टी उन राज्यों में मौन साध लेती है जहां उसकी खुद की सरकारें हैं और उन राज्यों में महिलाओं के खिलाफ अपराध के आंकड़े कहीं ज्यादा हैं. पांडेय ने कहा कि भाजपा को यह याद रखना चाहिए कि झारखंड में डायन प्रथा जैसी कुप्रथाओं के खिलाफ सबसे पहले झामुमो ने ही आवाज़ उठाई और कड़े कानून बनवाए. इन मामलों में दोषियों पर कार्रवाई चल रही है और सरकार हर पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने भाजपा पर सवाल उठाते हुए कहा कि हाथरस, उन्नाव और मणिपुर जैसी घटनाओं पर भाजपा ने चुप्पी क्यों साध रखी थी? क्या यह दोहरे मापदंड नहीं हैं?

उन्होंने कहा कि भाजपा को पहले अपने शासित राज्यों में महिलाओं की स्थिति सुधारनी चाहिए, जहां कानून-व्यवस्था की हालत झारखंड से भी बदतर है. विनोद पांडेय ने स्पष्ट किया कि हेमंत सरकार महिला सुरक्षा के लिए कई ठोस कदम उठा रही है. राज्य में महिला पुलिस बल की संख्या बढ़ाई गई है, हेल्पलाइन को मजबूत किया गया है और फास्ट ट्रैक कोर्ट में लंबित मामलों का निपटारा तेजी से हो रहा है. उन्होंने कहा कि भाजपा को हर संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति करने के बजाय सकारात्मक सहयोग करना चाहिए. महिला सम्मान के नाम पर झूठा विमर्श गढ़कर भाजपा जनता को गुमराह कर रही है, लेकिन जनता सच जानती है और झामुमो सरकार पर भरोसा करती है. जनता के आशीर्वाद से ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लगातार दूसरी बार राज्य की बागडोर मिली है.

## कांग्रेस पर भाजपा ने किया पलटवार, कहा

# सबसे बड़ी ओबीसी विरोधी पार्टी ओबीसी हित का नाटक कर रही: प्रतुल शाहदेव

**शुभम संदेश. रांची**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की प्रेस वार्ता पर पलटवार करते हुए कांग्रेस को देश की सबसे बड़ी ओबीसी विरोधी पार्टी करार दिया. प्रतुल ने कहा कि 25 के ओबीसी प्रदर्शन में भागीदारी की घोषणा सिर्फ नाटक है. ओबीसी को 27% आरक्षण देने वाले मंडल कमेटी की सिफारिशों को कांग्रेस की स्वर्गीय इंदिरा गांधी एवं राजीव गांधी के नेतृत्व वाली सरकारों ने 1980 से 1989 के बीच में कई वर्षों तक दबा कर रखा था. हद तो तब हो गई थी जब अगस्त,1990 में मंडल कमीशन रिपोर्ट को सदन में पेश किया गया, तब तत्काली नेता प्रतिपक्ष राजीव गांधी ने इसका पॉइंट दर पॉइंट विरोध करते हुए इसे देश को तोड़ने वाला बताया था.

प्रतुल ने कहा कि झारखंड में तो कांग्रेस ने पंचायत स्तर पर ओबीसी समुदाय को नेतृत्व विहीन कर दिया क्योंकि उनके गठबंधन सरकार ने बिना ओबीसी आरक्षण के चुनाव करवा लिया. इन्होंने तो बिना ओबीसी आरक्षण के नगर निकाय चुनाव की भी अधिसूचना जारी कर दी थी.बाद में सर्वोच्च न्यायालय की फटकार के बाद मामला रुका. ट्रिपल टेस्ट और पिछड़ों को आरक्षण का मामला भी इस सरकार ने न्यायालय के स्पष्ट आदेश के बावजूद लंबे समय से लटका कर रखा है.प्रतुल ने कहा कि गठबंधन सरकार की एकजुटता का दावा लगातार तथ्यों से टकराता है. एक



तरफ कांग्रेस नेता कहते हैं कि कोई नाराज नहीं है, वहीं आए दिन विधायकों के अलग-अलग बयान, मंत्री और विधायकों की अनुपस्थिति, और अंसारी परिवार से जुड़ी घटनाएं अलग ही तस्वीर पेश करती हैं. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बंधु तिर्की नगड़ी में रिम्स टू का विरोध करते है. तो वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ' रिम्स टू वही बनेगा' का नारा लगाते हैं. दीपिका पांडे सिंह अपनी ही सरकार के खिलाफ धरने में बैठी थी. इतने दिनों के बाद दिया गया इस मुद्दे पर स्पष्टीकरण ही खुद संदेह पैदा करता है.हद तो तब हो जाती है कि जब कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप मुख्यमंत्री की स्वीकृति प्राप्त मुख्य सचिव के द्वारा निर्गत आदेश को अंचलाधिकारी के मुंह पर फेंक देते हैं. प्रतुल ने कहा कि पूरे सरकार में अराजकता चरम पर है. दूल्हे के फूफा वाली स्थिति हो गई है. कौन नाराज है और कौन किसको माना रहा है,रोज सिर्फ़ यही ड्रामा हो रहा है.प्रतुल ने कहा कि पूरे प्रदेश में कांग्रेस के संगठन की स्थिति खस्ता हाल है.अब तो प्रदेश अध्यक्ष ने भी स्वीकार कर लिया है कि अब तक जमीनी संगठन का ढांचा पूरी तरह से तैयार नहीं है.

## झारखंड की महागठबंधन सरकार में सब ठीक है!

# भाजपा के इशारे पर फैलाई जा रही भ्रामक खबर: केशव महतो कमलेश

**शुभम संदेश। रांची**

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन किया. उन्होंने कहा कि राज्य की महागठबंधन सरकार में सबकुछ ठीक चल रहा है. कहीं कोई परेशानी नहीं है. केशव महतो कमलेश ने कहा कि सरकार पूरी मजबूती से जनता से किए वादे पूरा करेगी.

### भाजपा भ्रामक खबरें फैलाने में लगी है

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा संवाद के अलग-अलग माध्यमों से भ्रामक खबरें फैला रही है. जबकि हकीकत कुछ और है. राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह के निर्वाचन क्षेत्र में पेयजल की समस्या का हल करने के लिए टेबल पर बैठी थी, लेकिन खबर यह आयी कि वह मंत्री बनकर धरने पर बैठ गयी. उन्होंने कहा कि इसी तरह स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के बेटे कृष अंसारी अपने शिक्षक के किसी बीमार परिजन को देखने अस्पताल गए थे. वह किसी अस्पताल का निरीक्षण करने नहीं गए थे. किसी डॉक्टर-स्टाफ से बात नहीं की और ना ही कोई निर्देश दिया. लेकिन खबरें भ्रामक बना दी गयी. प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप ने एचईसी के विस्थापित मुद्दे पर बात की तो उसे भी अलग तरीके से प्रकाशित की गई.



#### राष्ट्रीय अध्यक्ष को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

संवाददाता सम्मेलन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष और अन्य नेताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं. प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड कांग्रेस, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सुखद और दीर्घायु जीवन की कामना करती है.

#### सभी पंचायत और नगर कमेटी होगी गठित: प्रदेश अध्यक्ष

केशव महतो कमलेश ने कहा कि राज्य के सभी जिले में संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. इसके बाद 15 अगस्त तक कांग्रेस पंचायत और शहरी निकाय में वार्ड स्तर पर कमेटी के गठन का काम पूरा कर लेगी.

#### दिल्ली में ओबीसी-कांग्रेस हिस्सेदारी न्याय सम्मेलन

प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि 25 जुलाई को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में ओबीसी-कांग्रेस हिस्सेदारी न्याय सम्मेलन आयोजित करने जा रही है, जिसका उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे. जबकि समापन के दौरान लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी उपस्थित रहेंगे. इस सम्मेलन में झारखंड के सभी जिलों से हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता भाग लेने दिल्ली जाएंगे.

### रक्षा राज्यमंत्री से राज्यपाल की मुलाकात



सोमवार को नई दिल्ली में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शिष्टाचार भेंट की. इस दौरान दोनों नेताओं के बीच विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई.

### झारखंडी सांसद अपनी भाषा का मुद्दा संसद में उठाएं: विजय शंकर नायक

**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा है कि झारखंड के आदिवासी मूलवासी समुदायों की ओर से, हम राज्य के (भाजपा/ कांग्रेस/ झामुमो) के सांसदों से संसद के मॉनसून सत्र में सरना धर्म कोड को मान्यता दिलाने, नागपुरी, मुंडारी, हो, कुरुख को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को प्राथमिकता के साथ उठाने का अनुरोध करते हैं. इसके साथ ही, आदिवासी समुदायों के अन्य उपेक्षित मुद्दों को भी संसद में बुलंद किया जाए. यह पहल आदिवासी सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करने और राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम होगा. नायक ने आगे कहा की इन भाषाओं के डिजिटलीकरण, ऑनलाइन शिक्षण संसाधनों, और साहित्य प्रकाशन के लिए एक राष्ट्रीय मिशन शुरू किया जाए. नायक ने कहा कि आदिवासी मूलवासियों के अनछुए और उपेक्षित मुद्दों को संसद में दृढ़ता और एकजुटता के साथ सभी सांसद उठाएं. क्योंकि झारखंड की सांस्कृतिक, धार्मिक और भाषाई पहचान को संरक्षित करना न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि यह आदिवासी मूलवासी समुदायों के आत्मसम्मान और अधिकारों की रक्षा का भी प्रतीक है.



### विहिप केंद्रीय प्रबंध समिति की दो दिवसीय बैठक संपन्न

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद केंद्रीय प्रबंध समिति दो दिवसीय बैठक महाराष्ट्र के जलगांव, देवगिरी प्रांत में सोमवार को संपन्न हुई. बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए संत श्याम चैतन्य जी महाराज ने कहा विहिप देव, देश, धर्म, गौमाता, संत व हमारी सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करने वाला संगठन है. उन्होंने कहा युवा पीढ़ी को आर्थिक, शैक्षिक, मानसिक एवं बौद्धिक स्तर से सक्षम बनाना हमारा धर्म व कर्तव्य है. केंद्रीय महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा ने कहा हिंदू समाज मन से कभी भी पराजय नहीं हुई है, जिसका परिणाम संघर्ष प्रलक्षित होती है. हिंदू समाज की परंपरा एवं श्रद्धा का प्रमाण कुंभ मेला जैसे अवसर पर संपूर्ण विश्व के हिंदू जनमानस का एकत्र होना सनातन हिंदू समाज के लिए अनुपम क्षण है. समापन सत्र में केंद्रीय अध्यक्ष आलोक ने कहा हिंदू से हिंदू को अलग करने की समाज में अनेक कुचेष्टाएं चल रही है. अपने पंथ को श्रेष्ठ मानने वाले तथाकथित समुदायों ने आज भारत की संस्कृति, संप्रभुता व स्वाभिमान को कुचलने का प्रयास कर रही है, जिसे हिंदू समाज को समझने की आवश्यकता है.

### पुलिस मेंस एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह

**रांची।** झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के केंद्रीय कार्यालय में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए. इस अवसर पर उन्होंने नवनिर्वाचित अध्यक्ष, महामंत्री व अन्य पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और प्रमाणपत्र भी प्रदान किए. डीजीपी अनुराग गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन जवानों की समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है. उन्होंने विश्वास दिलाया कि पुलिस मुख्यालय और संगठन मिलकर पुलिसकर्मियों की हर जरूरत को प्राथमिकता देंगे. उन्होंने नवनिर्वाचित टीम को बधाई देते हुए आशा जताई कि यह टीम कर्मियों की आवाज को बुलंद करेगी. हाल ही में संपन्न हुए झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन चुनाव में कर्ण सिंह गुट ने दबदबा कायम रखते हुए अध्यक्ष और महामंत्री सहित अधिकांश पदों पर जीत दर्ज की.

### मनरेगा इंजीनियरों को 9-10 महीने से नहीं मिला मानदेय

**रांची।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ ने राज्य सरकार से मांग की है कि मनरेगा योजना के तहत काम कर रहे सहायक अभियंता और कनीय अभियंताओं को जल्द से जल्द उनका लंबित मानदेय दिया जाए. संघ के प्रदेश अध्यक्ष महेश सोरेन ने इस संबंध में मनरेगा आयुक्त झारखंड को पत्र लिखकर शिकायत की है. उन्होंने कहा कि इंजीनियरों को पिछले 9 से 10 महीनों से मानदेय नहीं मिला है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बहुत खराब हो गई है. संघ ने बताया कि बिना वेतन के इंजीनियर ना तो ठीक से क्षेत्र भ्रमण कर पा रहे हैं और ना ही योजनाओं की निगरानी कर पा रहे हैं. यहां तक कि अपने परिवार का खर्च चलाना भी उनके लिए मुश्किल हो गया है.

### आजसू ने डॉ रीना को पार्टी से किया निष्कासित

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के निर्देश और पश्चिमी सिंहभूम जिला समिति की अनुशंसा पर डॉ रीना गॉडसोरा को पार्टी से निष्कासित करते हुए उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से हटा दिया गया है. यह कार्रवाई पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष मो हसन अंसारी ने सोमवार को की है.

## झारखंड हाईकोर्ट ने बदला ट्रायल कोर्ट का फैसला

# फांसी की सजा को उम्रकैद में बदला

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने तीन साल की बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में आरोपी रोहित राय की फांसी की सजा को बदलकर उम्रकैद कर दिया है. यह फैसला फांसी की सजा को बरकरार करने के लिए राज्य सरकार की ओर से दायर याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई के बाद आया है. न्यायाधीश रंगोन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने ट्रायल कोर्ट के आदेश में संशोधन करते हुए यह बड़ा फैसला सुनाया है.

राज्य सरकार की ओर से इस मामले में बहस कर रहे विशेष लोक अभियोजक विनीत कुमार वशिष्ठ ने फांसी की सजा बरकरार रखने के लिए कई दलीलें पेश कीं, जिसे ध्यान में रखते हुए अदालत ने फांसी की सजा को उम्र कैद में बदला है.



#### 8 साल पहले दुष्कर्म के बाद बच्ची की कर दी गई थी हत्या

एक जनवरी 2017 को दुमका के सरैयाहाट इलाके में दुष्कर्म के बाद बच्ची की हत्या कर दी गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक, सरैयाहाट के जाबीजोर गांव निवासी रोहित तीन साल की बच्ची को चॉकलेट दिलाने के बहाने घर से ले गया. उसके बाद बच्ची के साथ दुष्कर्म किया और फिर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी. साक्ष्य मिटाने के लिए उसने शव को भी छिपा दिया था. इस मामले में पुलिस ने रोहित को तीन जनवरी 2017 को बिहार के श्याम बाजार से गिरफ्तार किया था. रोहित की निशानदेही पर ही गांव के पास एक खेत से बच्ची का शव बरामद किया गया था. ट्रायल के दौरान रोहित पर लगे सभी आरोप सही साबित हुए थे, जिसके बाद कोर्ट ने उसे दोषी करार देते हुए फांसी की सजा सुनाई थी.

#### दुमका कोर्ट के फैसले को रोहित ने दी थी हाईकोर्ट में चुनौती

बता दें कि दुमका सिविल कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई करते हुए सरैयाहाट निवासी रोहित राय को फांसी की सजा सुनाई थी. कोर्ट ने सजा सुनाते हुए कहा था कि तीन साल की मासूम के साथ हुई हैवानियत का यह अपराध जघन्यतम और अमानवीय है. इसके लिए मृत्यु दंड का आदेश ही समुचित होगा. दुमका सिविल कोर्ट के फैसले को रोहित राय ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी.

### कायस्थ महासभा देवघर के अध्यक्ष का निधन

**रांची।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा देवघर जिला अध्यक्ष डॉ. अशोक सिन्हा का सोमवार को भागलपुर स्थित उनके बड़े पुत्र के आवास पर निधन हो गया. इसकी जानकारी देवघर के उपाध्यक्ष अमरेंद्र सिन्हा ने दी. उनकी अंत्येष्टि मंगलवार को सुल्तानगंज घाट पर होगी. उनके निधन की खबर सुन कर पूरे झारखंड के अखिल भारतीय कायस्थ महासभा सभा में शोक की लहर फैल गई है. उनके निधन पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में एकके श्रीवास्तव झारखंड प्रभारी, प्रणय कुमार प्रदेश अध्यक्ष वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम कुमार सिन्हा देवघर जिले के सभी पदाधिकारी सहित दुमका के जिला अध्यक्ष दयानंद श्रीवास्तव, विनय कुमार महामंत्री दुमका जिला रामगढ़ जिला, हजारीबाग जिला साहिबगंज जिला जमशेदपुर जिला रांची जिला सहित झारखंड के जिले के पदाधिकारी ने अपनी शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा है कि डॉ. अशोक सिन्हा चिकित्सा जगत में एक ख्याति प्रति चिकित्सक के रूप में सेवा करते हुए कायस्थ समाज के उत्थान के लिए सदैव सक्रिय रहे.



## पुलिस मुख्यालय ने जारी किया अलर्ट

# बंद के दौरान सुरक्षाबलों पर हमला कर सकते हैं माओवादी

**शुभम संदेश। रांची**

माओवादियों ने 3 अगस्त को झारखंड बंद का आह्वान किया है, जिसे देखते हुए राज्यभर में सुरक्षा बलों को सतर्क कर दिया गया है. पुलिस मुख्यालय की ओर से सभी जिलों के एसपी को अलर्ट रहने का निर्देश जारी किया गया है. पुलिस मुख्यालय आइजी अभियान माइकलराज एस ने एक रिपोर्ट तैयार कर संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता बरतने को कहा है. जानकारी के अनुसार, माओवादी 20 जुलाई से 3 अगस्त तक लुगुबुरू पहाड़ सहित विभिन्न स्थानों पर शहीद सप्ताह मना रहे हैं. इस दौरान वे मारे गए नक्सलियों की स्मृति में सभाएं और कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं.

3 अगस्त को झारखंड के अलावा बिहार, उत्तरी छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और असम में भी बंद का ऐलान किया गया है. पुलिस रिपोर्ट में आशंका जताई गई है कि बंद के दौरान माओवादी सुरक्षाबलों को निशाना बना सकते हैं. पुल-पुलिया, रेलवे ट्रैक, थाना, पिकेट, सरकारी प्रतिष्ठान, रेलवे साइडिंग और आम जनता के वाहन इनके निशाने पर हो सकते हैं. इसे देखते हुए सभी पुलिस पोस्ट और पिकेट को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया गया है. इसके साथ ही सुरक्षा बलों को केवल अभियान से जुड़ी गतिविधियों के लिए ही मूवमेंट करने की अनुमति दी गई है. अनावश्यक या असुरक्षित मूवमेंट से बचने के सख्त निर्देश हैं.

राज्य के नक्सल प्रभावित जिलों में विशेष सतर्कता के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसी भी संभावित हमले को रोका जा सके और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके. नक्सल प्रभावित इलाकों में स्थित पुलिस पिकेट और कैंप में प्रतिनियुक्त बलों की समीक्षा कर आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त बल की तैनाती करने का भी निर्देश दिया गया है. संवेदनशील इलाके में सड़कों पर चलने वाले वाहन और रेल मार्ग सहित अन्य स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था पर बढ़ाने का निर्देश दिया गया है.

## करारा जवाब : कांग्रेस नेता आलोक दुबे ने कहा- बीजेपी राज में छोड़ी गई थी नाली-गली तक अधूरी

# हेमंत की सरकार बना रही एशिया का सबसे बड़ा अस्पताल

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने झारखंड को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने की जो दिशा तय की है, वह ऐतिहासिक है. एक ओर राजधानी रांची को तीन नए फ्लाईओवर की सौगात मिल रही है, तो दूसरी ओर नगड़ी जैसे ग्रामीण इलाके में एशिया का सबसे बड़ा अस्पताल बनने जा रहा है. आलोक दूबे ने कहा कि झारखंड बनने के बाद बीजेपी को सबसे पहले सरकार बनाने का मौका मिला और डबल इंजन की सरकार भी लोगों ने देखी, लेकिन उस दौर में गली और नाली तक नहीं बन पाई, हां हाथी उड़ते हुए लोगों ने जरूर देखा था, बांध को चूहा द्वारा कुतरते हुए भी देखा गया था,



विकास केवल नारों तक सीमित था, जमीन पर कुछ भी नहीं था.

उन्होंने कहा कि आज जब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा रहा है, तब भी बीजेपी के पास केवल राजनीति है, काम नहीं. राजधानी रांची में ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए तीन बड़े फ्लाईओवर को मंजूरी दी गई है और नगड़ी जैसे क्षेत्र में उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं की नींव रखी जा रही है — यह साबित करता है कि सरकार का लक्ष्य सिर्फ वादे नहीं, वास्तविक विकास है.

आलोक दूबे ने कहा कि हेमंत सरकार ने अपने काम से यह बता दिया है कि झारखंड अब ठहराव नहीं, तरक्की की ओर बढ़ रहा है. उन्होंने जनता से अपील की कि वह ऐसे जनहितैषी कार्यों का समर्थन करें और झूठ फैलाने वालों से सतर्क रहें. प्रदेश कांग्रेस महासचिव आलोक कुमार दूबे ने रिम्स निरीक्षण को लेकर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के पुत्र कृष अंसारी पर उठ रहे सवालों को अनावश्यक और तिल का ताड़ बनाने वाली राजनीति करार दिया है. उन्होंने कहा कि कृष अभी एक किशोर है और यदि वह अस्पताल किसी का स्वास्थ्य देखने गया भी हो, तो इसे राजनीतिक विवाद का विषय बनाना दुर्भाग्यपूर्ण है. आलोक दुबे ने कहा कि भाजपा इस छोटे से विषय को तूल देकर यह सिद्ध कर रही है कि उसके पास राज्य सरकार की आलोचना के लिए कोई ठोस मुद्दा नहीं है. उन्होंने कहा, कृष एक कच्ची उम्र का लड़का है, यदि उसमें जनसेवा या स्वास्थ्य व्यवस्था में रुचि है, तो उसे प्रोत्साहित किया जाना चाहिए. देश के भविष्य को सही दिशा देना हम सबकी जिम्मेदारी है, न कि उन्हें बदनाम कर राजनीति चमकाना.

### झारखंड से बड़ी भागीदारी के साथ दिल्ली कूच करेगी ओबीसी कांग्रेस

**रांची।** झारखंड प्रदेश ओबीसी कांग्रेस के महासचिव संजीत यादव ने कहा कि झारखंड के सभी ओबीसी समाज के प्रतिनिधि 25 जुलाई को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में होने वाले कांग्रेस ओबीसी नेतृत्व का भागीदारी न्याय महासम्मेलन में शामिल होंगे. यह आयोजन राहुल गांधी की पहल पर आयोजित किया जा रहा है. कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल और कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे. महासम्मेलन में ओबीसी समुदाय की न्यायिक, प्रशासनिक, मीडिया, कॉर्पोरेट और शैक्षणिक संस्थानों में हिस्सेदारी को लेकर विस्तार से चर्चा होगी. साथ ही, आगामी ओबीसी जनगणना के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया जाएगा. डॉ. अनिल जयहिंद, ओबीसी विभाग के चेयरमैन ने नई पहल की शुरुआत करने का आह्वान किया है.

## झारखंड में माइनिंग टूरिज्म की शुरुआत

# पर्यटन विभाग और सीसीएल के बीच हुआ साझेदारी का एमओयू

**शुभम संदेश। रांची**

खनन पर्यटन न केवल हमारे राज्य की औद्योगिक ताकत को प्रदर्शित करेगा, बल्कि पर्यटकों को ऊर्जा क्षेत्र और इसके समृद्ध इतिहास पर एक अनूठा दृष्टिकोण भी प्रदान करेगा. यह ऐतिहासिक अवसर झारखंड राज्य की दूरदर्शी सोच और साहसी निर्णयों का परिणाम है. मैं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हार्दिक बधाई देता हूं, जिनके नेतृत्व में झारखंड ने पर्यटन, उद्योग और सांस्कृतिक विरासत को नए आयाम देने के लिए प्रयासरत है. यह साझेदारी झारखंड के पर्यटन सफर में एक नए अध्याय की शुरुआत है. उक्त बातें पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहीं. वह सोमवार को झारखंड मंत्रालय स्थित कान्फ्रन्स हॉल में झारखंड पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (जेटीडीसी) एवं सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के बीच खान पर्यटन को लेकर हुए एक ऐतिहासिक समझौता (एमओयू) के दौरान बोल रहे थे. समारोह में सीसीएल की ओर से अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक निलेंदु कुमार सिंह तथा



अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे. पर्यटन निदेशालय की ओर से निदेशक पर्यटन विजया जाधव, जेटीडीसी के प्रबंध निदेशक प्रेम रंजन सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए.

यह माइनिंग टूरिज्म उत्तर उरीमारी माइंस से शुरू होगी. यह करार 5 वर्षों के लिए होगा, जिसे आगे 5 वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकता है. जेटीडीसी पर्यटकों की बुकिंग करेगा और प्रति सप्ताह दो दिन खनन पर्यटन की सुविधा प्रदान करेगा. सभी पर्यटकों को खनन में प्रवेश से पूर्व सीसीएल के नियमों, सुरक्षा निर्देशों एवं स्वास्थ्य मानकों का पालन करना अनिवार्य होगा.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, मंगलवार 22 जुलाई 2025 | श्रावण कृष्ण पक्ष 12, संवत 2082 | रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित | वर्ष : 3, अंक : 105 | मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12



स्पोर्ट्स

पाकिस्तान को टी 20मैं चटाई धूल

अगले साल से फिर से शुरू होगी चैंपियंस लीग टी20

चैंपियंस लीग टी20 का फिर से आगाज


एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट : टीम को भारत नहीं भेजना चाहता है पाक

अमेरिकी गोल्फर स्कॉटी शेफ्लर ने जीता पहला ब्रिटिश ओपन खिताब

इंग्लैंड टेस्ट सीरीज से बाहर हो सकते हैं नितीश कुमार रेड्डी

## दूसरी सोमवारी पर बाबाधाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

### 20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किया जलार्पण



शुभम संदेश | देवघर

सावन की दूसरी सोमवारी को लेकर देवघर के विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम में लगातार श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है. देवघर में भक्तों एवं श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है. हर-हर महादेव और बम बोल के जयघोष के साथ शिवभक्त भगवान आशुतोष का अभिषेक कर रहे हैं.

सावन के दसवें दिन सुबह 04:07 मंदिर का पट खुलते ही जलार्पण शुरू हो गया है. बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर में शिवभक्तों की गूंज से पूरा रूट लाईन गुंजायमान है और कांवरिया कतारबद्ध होकर बाबा का जयघोष करते हुए जलार्पण के लिए निरंतर आगे बढ़ रहे हैं. देश के हर कोने और विदेश से भी भक्त भोलेनाथ को जलार्पण करने आ रहे है. जिला प्रशासन के अनुसार 10 जुलाई से रविवार रात तक 14 लाख 43 हजार 693 श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया है. सोमवार देर रात तक यह संख्या 20 लाख पार कर जाएगी.

**उपायुक्त ने रूट लाइन का किया निरीक्षण, दिए कई निर्देश :** सावन की दूसरी सोमवारी को लेकर जिला उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने सम्पूर्ण मेला क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले रुटलाइन का निरीक्षण किया. इसके अलावे उपायुक्त ने नेहरू पार्क स्थित आईएमसीआर कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर मेला को लेकर की गई तैयारियों का जायजा लिया. साथ ही प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों को मेला के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए, ताकि श्रावणी मेला के दौरान चौबीसों घंटे कंट्रोल रूम एक्टिव मोड में कार्यरत रहे.

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने मेला क्षेत्र में प्रतिनियुक्त अधिकारियों, दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं सुरक्षाकर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विनम्रता के साथ श्रद्धालुओं की सेवा करें, ताकि बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर से श्रद्धालु एक सुखद अनुभूति लेकर प्रस्थान करें. उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की टीम के साथ बरमसिया सरकार भवन से बीएड कॉलेज, तिवारी चौक, शिवराम झा चौक, बीएन झा पथ मोड़, शिवगंगा घाट, नेहरू पार्क, बाबा मंदिर एवं उनके आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर किये गए विभिन्न इंतजामों से अवगत हुए.

## मंत्री सुदिव्य सोनू ने बाइक से लिया श्रावणी मेले की तैयारियों का जायजा

देवघर | झारखंड के मंत्री सुदिव्य सोनू ने दूसरी सोमवारी को लेकर बाइक से श्रावणी मेले का जायजा लिया है. बाइक पर बैठकर उन्होंने पूरी व्यवस्था का निरीक्षण किया. मंत्री हेलमेट लगा कर बाइक की पीछे वाली सीट पर बैठे थे और एक अन्य व्यक्ति बाइक चला रहा था. उन्होंने जिला प्रशासन के साथ विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया. इस दौरान वह जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ वार्ता करते भी दिखे. इससे जुड़ा वीडियो भी उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा किया है और कहा है कि आज देवघर में श्रावणी मेले की दूसरी सोमवारी की पूर्व संध्या पर ज़िला प्रशासन के अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया.



श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु राज्य सरकार हर मोड़ पर उनके साथ खड़ी है. चाहे वह आवागमन हो, स्वास्थ्य सेवाएं हों, आवास की व्यवस्था हो या शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं, सरकार पूरी तत्परता के साथ ग्राउंड ज़ीरो पर मौजूद है. मैं आशा करता हूं कि श्रावणी मेला के दौरान आप बाबा बैद्यनाथ धाम एवं बासुकीनाथ धाम से सुखद और यादगार अनुभव लेकर लौटें.

## बाबा आम्रेश्वर धाम में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**खूंटी** | भगवान शिव शंकर को सबसे प्रिय पवित्र सावन मास की दूसरी सोमवारी को भोलनाथ के जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए बाबा आम्रेश्वर धाम में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा. वैसे तो आधी रात के बाद ही जलार्पण के लिये श्रद्धालु की कतार लगनी शुरू हो गई थी. जैसे ही सुबह साढ़े तीन बजे मंदिरों के पट खुले पूरा वातावरण बोल बम, हर-हर महादेव, ओम पर्वती पतये नमः, के जयकारे से गूंज उठा.



मंदिर परिसर में शांति और सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस के जवान, एनसीसी कैडेट और प्रबंध समिति के सदस्य व्यवस्था को संभालते हुए भक्तों को कतारबद्ध मंदिर में प्रवेश कराते रहे. तड़के प्रारंभ हुए पूजन-अर्चन का यह दौर पूरे दिन अनवरत जारी रहा. इस दौरान पुलिस प्रशासन के साथ ही बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के अधिकारी और सदस्य भी दिन भर सक्रिय रहे. पूजा-अर्चना के बाद दूरदराज क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने धाम परिसर में लगे श्रावणी मेले का आनंद उठाया. मेला परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन द्वारा कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है.

जलाभिषेक के लिए आनेवाले भक्तों को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो, इसे ध्यान में रखकर बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के महामंत्री मनोज कुमार के अलावा अध्यक्ष लाल ज्ञानेंद्र नाथ शाहदेव, उपाध्यक्ष उपेंद्र कश्यप, दानियल भगत, आनंद वर्मा, मंत्री प्रेमचंद महतो, जगदीश नाग, महेंद्र अग्रवाल, महेंद्र कश्यप, महेंद्र प्रसाद भगत, कोषाध्यक्ष संतोष पोद्दार, अरुण कर, दुर्गा महतो, केशरी कश्यप, नरेंद अधिकारी, प्रेमानंद तिवारी, प्रह्लाद साव, मिथिलेश ठाकुर, विजय राम, हरिपोदो महतो, सुदामा प्रसाद, शिवगोविंद साहू, ओमप्रकाश प्रसाद, दीपक सिंह, प्रदीप साहू, सत्यजीत दिन भर व्यवस्था बनाने में लगे रहे.

## जमशेदपुर की स्नेहा ने थाईलैंड में रचा इतिहास

## भारत को दिलाए दो स्वर्ण पदक



शुभम संदेश | जमशेदपुर

खेल के क्षेत्र में भारत ने एक और स्वर्णिम इतिहास रच दिया है. झारखंड की बेटी और जमशेदपुर के मानगो निवासी कामेश्वर ठाकुर की सुपुत्री स्नेहा कुमारी ने थाईलैंड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्ट्रेंथलिफ्टिंग एवं इनक्लाइन बेंच प्रेस चैंपियनशिप 2025 में दो स्वर्ण पदक जीतकर न सिर्फ भारत का गौरव बढ़ाया, बल्कि झारखंड और लौहनगरी जमशेदपुर का नाम भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया. स्नेहा के सोमवार को टाटानगर आगमन पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नीतीश कुशवाहा के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया. इस मौके पर स्टेशन परिसर देशभक्ति के नारों से गूंज उठा. नीतीश कुशवाहा जी ने कहा कि स्नेहा की यह जीत केवल पदकों की नहीं, बल्कि नारीशक्ति, आत्मविश्वास और कठोर परिश्रम की जीत है. वह उन सभी बेटियों के लिए प्रेरणा हैं जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखती हैं और उन्हें साकार करने का साहस रखती हैं. इस दौरान स्नेहा को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया. उनके सम्मान में स्थानीय युवा, खेलप्रेमी, सामाजिक संगठन और मीडिया प्रतिनिधियों ने खुलकर भाग लिया. स्नेहा कुमारी ने कहा कि यह सम्मान मेरा नहीं, हर उस बेटी का है जो खुद पर विश्वास रखती है. मेरा सपना है कि झारखंड की और भी बेटियां अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का नाम रोशन करें. मैं इस समर्थन और स्नेह के लिए पूरे जमशेदपुर की आभारी हूं.

## कोडरमा में पत्रकार दंपती के साथ मारपीट 7 लोग गिरफ्तार

**कोडरमा** | कोडरमा-रजौली मुख्य मार्ग पर मेघातरी के पास बीते रविवार रात एक पत्रकार दंपती के साथ मारपीट और छीनाझपटी की घटना सामने आई है. पत्रकार संजीव कुमार अपनी पत्नी मेनका कुमारी के साथ सीतामढ़ी से झुमरी तिलैया लौट रहे थे. रात करीब 10:15 बजे, जब वे मेघातरी बस स्टैंड के पास पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि कुछ लोग सड़क किनारे वाहनों से पैसे वसूलने की कोशिश कर रहे हैं. संजीव कुमार ने इस घटना को मोबाइल में रिकॉर्ड करना शुरू किया, तभी कुछ लोग उनके वाहन के पास पहुंचे. उन लोगों ने गाड़ी का दरवाज़ा खोलने की कोशिश की और कथित तौर पर उनकी पत्नी को बाहर खींचने का प्रयास भी किया. इस दौरान मोबाइल फोन भी छीन कर फेंक दिया गया और पत्रकार के साथ धक्का-मुक्की हुई. इस बीच, एक व्यक्ति द्वारा महिला की चेन छीने जाने की भी बात सामने आई है. घटना के बाद दोनों ने किसी तरह वहां से निकलकर कोडरमा थाना पहुंचकर मामला दर्ज कराया. शिकायत के आधार पर पुलिस ने 13 लोगों की पहचान की है, जिनमें से 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.

## चतरा : अनगड़ा जंगल में सुरक्षाबलों और उग्रवादियों के बीच हुई मुठभेड़



शुभम संदेश | चतरा

चतरा में एक बार फिर नक्सली गतिविधि देखने को मिली है. हाल ही में सीआरपीएफ की टीम को चतरा से नक्सलवाद खत्म होने का दावा करते हुए वापस बुलाया गया था, इसी दौरान रविवार रात कुंदा थाना क्षेत्र के अनगड़ा जंगल में सुरक्षाबलों की प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी (तृतीय प्रस्तुति कमेटी) से मुठभेड़ हो गई.

यह घटना तब हुई, जब पुलिस टीम को नक्सली गतिविधि की सूचना मिली और वे सर्च अभियान चला रहे थे. सर्च अभियान के दौरान ही टीएसपीसी के उग्रवादियों से मुठभेड़ हो गई. पुलिस जवानों पर नजर पड़ते ही उग्रवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके जवाब में जवानों ने भी फायरिंग की. सुरक्षाबलों को खुद पर भारी पड़ता देख सभी उग्रवादी मौके से भाग निकले. इस मुठभेड़ में पुलिस को किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है और अभी तक किसी की गिरफ्तारी भी नहीं हुई है. मुठभेड़ के बाद घटनास्थल से सुरक्षाबलों को एक मोबाइल और एक पिट्ठू बैग मिला है. पुलिस और सुरक्षाबल अब अनगड़ा जंगल में सघन तलाशी अभियान चला रहे हैं ताकि भागे हुए उग्रवादियों के संभावित ठिकानों और संदिग्ध गतिविधियों का पता लगाया जा सके.

## मनिका में तेज धारदार हथियार से मार कर युवक की हत्या

**लातेहार** | मनिका थाना क्षेत्र के जेरूआ गांव में रविवार की देर रात अज्ञात लोगों ने 25 वर्षीय यशवंत सिंह नामक युवक की तेज धारदार हथियार से मार कर हत्या कर दी. मृतक जेरूआ गांव के अरूण सिंह का पुत्र था. परिजनों ने बताया कि यशवंत रविवार की रात घर के बरामदे में सोया हुआ था. देर रात्रि लगभग दो बजे चार अज्ञात लोगो ने सो रहे युवक के सिर पर तेज धारदार हथियार से वार कर वहां से फरार हो गये. घायल युवक ने आवाज लगाकर परिजनों को जगाया. नन फानन में परिजनों ने घायल युवक को रात्रि में ही मनिका सामुदायिक अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचाया. गंभीर स्थिति को देखते हुए मनिका सामुदायिक अस्पताल के चिकित्सको ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया. युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए परिजनो के द्वारा तत्काल इलाज के लिए नजदीक के तुम्बागाड़ा अस्पताल में युवक को ले जा रहे थे. इलाज के लिए ले जाने के दौरान युवक की मौत हो गई. घटना की सुचना मिलते ही मनिका थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर शव को अंतरपरीक्षण के लिए लातेहार भेज दिया.

## मौसम का मिजाज : झारखंड में फिर लौटेगा मानसून का कहर

## 24 से भारी बारिश व वज्रपात की चेतावनी, अलर्ट जारी

शुभम संदेश | रांची

झारखंड में मानसून की रफ्तार भले ही कुछ दिनों के लिए धीमी पड़ी हो, लेकिन मौसम विभाग ने एक बार फिर चेतावनी जारी की है. रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, 24 जुलाई से पूरे राज्य में भारी बारिश, वज्रपात और आंधी-तूफान की आशंका है. इसको देखते हुए येलो अलर्ट भी जारी किया गया है. राज्य के जिन जिलों में बहुत भारी बारिश होने की आशंका है. उनमें पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां, देवघर, दुमका, गिरीडीह गोड्डा, जामताड़ा गोड्डा पाकुड़ और साहिबगंज शामिल हैं. वहीं विभाग की ओर से राजकीय दक्षिण-पश्चिमी और उत्तर पूर्वी जिले के कुछ इलाकों में भारी बारिश होने की आशंका जताई गई है. इसके अलावा इन इलाकों में गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी आशंका है. इसके अलावा 25 जुलाई को भी मौसम विभाग ने राज्य के कुछ हिस्सों में बहुत भारी बारिश होने की आशंका व्यक्त की है. इसे लेकर भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. इधर, पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश रामगढ़ के डीवीसी में 64.5 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई. वहीं सोमवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से बादल छाए रहे और उमस की स्थिति रही. सोमवार को रांची में अधिकतम तापमान 30 डिग्री, जमशेदपुर में 32.8, डालटेनगंज में 31.6, बोकारो में 31.5 और चाईबासा में अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया. 23 जुलाई तक हल्की बारिश और तेज वज्रपात की संभावना बनी हुई है, जिसके चलते लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है. वज्रपात की घटनाओं में अब तक राज्य में 8 लोगों की जान जा चुकी है.



**24 जुलाई से मौसम में बड़ा बदलाव संभव :** मौसम विभाग के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दबाव क्षेत्र सक्रिय हो रहा है, जो 24 जुलाई तक झारखंड के मौसम को पूरी तरह प्रभावित कर सकता है. इसके असर से पूरे राज्य में भारी से बहुत भारी बारिश के साथ तेज आंधी और वज्रपात की स्थिति बन सकती है.

**अब तक सामान्य से कहीं अधिक वर्षा :** राज्य में अब तक कुल 633.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जबकि इस अवधि में सामान्य बारिश का औसत 391.8 मिमी है. यानी झारखंड में इस बार करीब 300% अधिक बारिश हो चुकी है. ऐसे में अगर बारिश फिर तेज हुई, तो जनजीवन प्रभावित होने की पूरी आशंका है.

## रेकी कर चोरी करने वाले गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार

शुभम संदेश | धनबाद

बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में सक्रिय चोरी के गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. दोनों आरोपी मुमताज अंसारी और मुस्ताक अंसारी गिरिडीह जिले के मनकडीहा थाना अंतर्गत अहिल्यापुर के रहने वाले हैं. गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी के कई सामान, हथियार और वाहन बरामद किए हैं. सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दो संदिग्ध व्यक्ति लाल रंग की मोटरसाइकिल पर भूली ओपी क्षेत्र से जयनगर की ओर आ रहे हैं. सूचना के आधार पर बरवाअड्डा थाना प्रभारी के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया. संभारी चौक पर एंटी-क्राइम चेकिंग के दौरान दोनों संदिग्धों को घेराबंदी कर पकड़ा गया.

## गिरिडीह : जमुआ में झपटमार गिरोह का पर्दाफाश

## 2 गिरफ्तार, चोरी के 5 फोन और नकदी बरामद

शुभम संदेश | गिरिडीह

जिले के जमुआ थाना क्षेत्र में रविवार शाम उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक राहगीर से मोबाइल और नकदी झपट कर भाग रहे दो अपराधियों को ग्रामीणों और पुलिस की सतर्कता से रंगेहाथ पकड़ लिया गया. यह घटना 20 जुलाई की शाम लगभग 4 बजे की है जब जमुआ चौक पर एक व्यक्ति फल खरीद रहा था, तभी बाइक सवार दो युवकों ने उसके हाथ से स्मार्टफोन और नकद 2000 झपट लिया. स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस की तत्परता से दोनों आरोपियों को पीछा कर जमुआ प्रखंड मुख्यालय के मुख्य द्वार के पास धर दबोचा गया. पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान गंगा कुमार एवं विष्णु विश्वकर्मा के रूप में हुई है.



दोनों ग्राम सुरही, थाना नावाडीह, जिला बोकारो के रहने वाले हैं. पुलिस द्वारा की गई तलाशी में गंगा कुमार की जेब से झपटा गया मोबाइल फोन व 2000 नकद के साथ-साथ अन्य पीड़ितों से छीने गए 7400 भी बरामद किए गए. आरोपियों से सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने झपटमारी की कई अन्य घटनाओं में संलिप्तता स्वीकार की. एसपी गिरिडीह के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खोरीमहुआ राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया.

## सावन की दूसरी सोमवारी : पहाड़ी मंदिर में श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ का किया जलाभिषेक

# शहर के सभी शिवालयों में भक्तों की उमड़ी भीड़

**शुभम संदेश।रांची**

सावन की दूसरी सोमवारी को लेकर राजधानी रांची के पहाड़ी मंदिर सहित सभी शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही. पहाड़ी मंदिर में रविवार देर रात नामकुम के स्वर्णरेखा से जल लेकर अहले सुबह से ही भक्त भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर रहे थे. वहीं दूसरी ओर चुटिया के सुरेश्वर धाम, कोकर के शिव मंदिर, लालपुर, डोरंडा, बरियातू, हिनू, हरमू, धड़पकना सहित अन्य शिवालयों में भी सोमवार सुबह से ही भीड़ लगी रही. सभी भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुख समृद्धि मांग रहे हैं. हर हर महादेव, ओम नमः शिवाय, हर हर शंभू के जयकारे से पूरा वातावरण शिवमय हो गया.





**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम :** पहाड़ी मंदिर में सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. पुलिस कतार वध होकर लोगों को जलाभिषेक करवा रहे हैं. इसके अलावा हिंदू संगठन के कार्यकर्ता भी भक्तों का सहयोग कर रहे हैं.

पंडित मनोज पाठक ने बताया कि सोमवार का व्रत करने से भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण होती है. सोमवार के व्रत का भगवान शिव की आराधना और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए सोमवार का विशेष महत्व माना गया है. सुखदेव नगर थाना प्रभारी , कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय लगातार सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग कर रहे हैं. भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है.

**स्वर्णरेखा से जल लेकर पहुंचे शिव भक्त :** सैकड़ों की संख्या में भक्त स्वर्णरेखा नदी से पवित्र जल लेकर पैदल यात्रा करते हुए पहाड़ी मंदिर पहुंचे. कई श्रद्धालु रातभर की कठिन यात्रा के बाद भक्ति भाव से लबरेज होकर मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया. मंदिर तक की यह पदयात्रा श्रद्धा, संकल्प और निष्ठा से परिपूर्ण रही.

**मंदिर परिसर भक्तिमय हुआ :** मंदिर परिसर बोल बम और हर हर महादेव के गगनभेदी नारों से गूंज उठा है. वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया. महिलाओं, युवाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित समाज के हर वर्ग के श्रद्धालु महादेव की भक्ति में डूबे नजर आ रहे हैं.

### अन्य शिवालयों में भी विशेष पूजा अर्चना

रांची ही नहीं, बल्कि झारखंड के विभिन्न जिलों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु पहाड़ी मंदिर पहुंचे हैं. इसके अलावा शहर के अन्य शिवालयों में भी सावन सोमवारी के उपलक्ष्य में विशेष पूजा-अर्चना और जलाभिषेक का आयोजन किया गया है.

**मंदिर परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम :** श्रावण मास की यह दूसरी सोमवारी भक्तों के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा और अनूठे अनुभव से परिपूर्ण रही. स्थानीय प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो.

## रांची एयरपोर्ट में बड़ा हादसा टला, बारिश से गिरी दीवार, बाल-बाल बचे यात्री

**शुभम संदेश।रांची**

रांची में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण बीती रात बिरसा मुंडा हवाई अड्डे में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया. एयरपोर्ट के दक्षिणी हिस्से की चहारदीवारी का लगभग 30 मीटर हिस्सा अचानक ढह गया. गनीमत रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है.

**प्रभावित क्षेत्र को बंद कर की गई बैरिकेडिंग :** घटना की जानकारी मिलते ही एयरपोर्ट निदेशक आरआर मौर्या ने स्थिति का तत्काल आकलन किया और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए अतिरिक्त सीआईएसएफ कर्मियों की तैनाती की गई. प्रभावित क्षेत्र को अस्थायी रूप से बंद कर बैरिकेडिंग की गई है, ताकि किसी भी तरह की अनहोनी को रोका जा सके.

**दीवार के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया शुरू :** निदेशक ने बताया कि गिरी हुई चहारदीवारी के पुनर्निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है. इस हादसे का हवाई अड्डे के सामान्य संचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है. उड़ानों का संचालन पूर्ववत सुचारू रूप से जारी है.

**यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता :** एयरपोर्ट निदेशक ने स्पष्ट किया कि, यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है. किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रबंधन पूरी तरह तैयार है और परिचालन में किसी तरह की बाधा न आए, इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है.

## उपायुक्त ने जिलास्तरीय वरीय पदाधिकारियों के साथ की महत्वपूर्ण बैठक

# विकास परियोजनाओं और प्रशासनिक कार्यों की प्रगति की समीक्षा, दिए निर्देश

**शुभम संदेश।रांची**

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने सोमवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिलास्तरीय वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए. इस बैठक में, डीडीसी सौरभ भुवनिया, अपर समाहर्ता रामनारायण सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार एवं जिले के सभी वरीय अधिकारियों ने भाग लिया. बैठक में जिले में चल रही विकास परियोजनाओं, जनकल्याणकारी योजनाओं, और प्रशासनिक कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई.



उपायुक्त ने बैठक में पदाधिकरियों को निर्देश देते जिला में चल रहें विकास परियोजनाओं की समयबद्ध प्रगति सभी विभागों को अपनी परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने के लिए समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए. आगामी विश्व आदिवासी महोत्सव को लेकर कार्यक्रम स्थल से लेकर सभी आवश्यक जिला स्तरीय तैयारी को पूरा करने का निर्देश दिया. केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया.

उपायुक्त ने मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी विद्यालय में जो भी आवश्यक निर्माण कार्य होने है, उसको लेकर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बंधित पदाधिकारी को दिए. उन्होंने इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी का डीएमएफटी फंड के माध्यम से भवन की मरम्मत हेतु प्रस्ताव पर कार्य करने के लिए सम्बंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया.

**सार्वजनिक शिकायतों का त्वरित निवारण :** उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ करें. उन्होंने जोर देकर कहा कि अधिकारी हर स्थिति में आम लोगों के साथ विनम्र और सम्मानजनक व्यवहार करें. साथ ही, उनके कार्यालय के कर्मचारी नागरिकों की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुनें और उनके कार्यों को त्वरित गति से निपटाएं. उपायुक्त ने झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना की राशि भुगतान की समीक्षा करते हुए सभी सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की किसी कारण से योग्य लाभुकों का सम्मान राशि का भुगतान नही किया गया हैं. उसपर विशेष ध्यान दें.

## एचईसी में सप्लाई कर्मियों ने कई मांगों को लेकर किया अर्धनग्न प्रदर्शन



**रांची।** एचईसी के सप्लाई कर्मियों ने आज नेहरू पार्क से एचईसी मुख्यालय तक अर्धनग्न होकर जोरदार प्रदर्शन किया. ये सभी पिछले 20 दिनों से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं. आज के प्रदर्शन में 500 से ज्यादा सप्लाई कर्मचारी शामिल हुए.कर्मियों ने हाफ पैंट और बनियान पहनकर जुलूस निकाला और प्रबंधन के खिलाफ नारे लगाए. वेतन और सुविधाएं नहीं मिलने से नाराज ये कर्मी अब आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं.

**सप्लाई कर्मियों की ये हैं मुख्य मांगें :** अगस्त 2023 से जनवरी 2024 तक का बकाया वेतन, 18 दिन की एनुअल लीव और 7 दिन की कैजुअल लीव, महंगाई भत्ता और ईएसआई (स्वास्थ्य सुविधा), क्वार्टर खाली करने का आदेश वापस लिया जाए, आउटसोर्सिंग कंपनी के जरिए ठेका मजदूरों की बहाली बंद हो.

## डीएसपीएमयू में बवाल

**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी रांची कैंपस में सोमवार को माहौल तनावपूर्ण रहा. सुबह से ही सैकड़ों छात्रों ने प्रशासनिक भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया. छात्रों का आरोप है कि विवि की महिला कर्मी ने बाहरियों को कैंपस बुलाया, जिन्होंने छात्रों के साथ मारपीट की और हथियार लहराए. छात्रों ने कहा कि इस कथित घटनाक्रम का वीडियो भी उनके पास है.

# रांची के सदर अस्पताल में बगैर सरकारी मदद के विशेषज्ञ डॉक्टरों की फौज तैनात

**शुभम संदेश।रांची**

सदर अस्पताल रांची में इलाज की सुपर स्पेशलिस्ट सेवाओं को बढ़ाने की यही रफ्तार रही तो आनेवाले दिनों में यह अस्पताल देश के सर्वश्रेष्ठ सदर अस्पताल की सूची में पहले नंबर पर पहुंच जाएगा. बड़ी बात यह है कि सदर अस्पताल हर दिन अपनी सुविधाएं स्वास्थ्य विभाग या सरकार से मदद से नहीं, बल्कि आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत मरीजों के इलाज के बदले मिलने वाले इंसेंटिव की राशि के सदुपयोग से बढ़ा रहा है.



**अस्पताल में कई सुपर स्पेशलिटी विभाग खुले**

राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स के बाद रांची का सदर अस्पताल ऐसा दूसरा सबसे बड़ा अस्पताल बन गया है जहां एक ही छत के नीचे हिमेटोलॉजी, कार्डियोलॉजी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी, यूरोलॉजी, गैस्ट्रो-एंट्रोलॉजी, पीडियाट्रिक सर्जरी, हेपेटेलॉजी, पल्मोनरी डिजीज, ब्रोंकोस्कोपी सहित कई विभाग चल रहे हैं. अच्छी बात यह है कि इन सभी सुपर स्पेशिलिटी विभाग में चिकित्सक उच्चतम योग्यता वाले डिग्री जैसे एमसीएच, डीएम प्राप्त हैं.

**बेहद कम शुल्क पर जांच की भी सुविधा :** सदर अस्पताल रांची में सिर्फ सामान्य और सुपर स्पेशलिटी ओपीडी की ही सुविधा ही मरीजों को नहीं मिल रही है, बल्कि आयुष्मान रोगियों को निशुल्क और सामान्य रोगियों को सीजीएचएस के दर पर अस्पताल में सीटी स्कैन और एमआरआई की सुविधा भी मिल रही है. एक्स-रे, सभी पैथोलॉजिकल जांच और एंडोस्कोपी की भी सुविधा सदर अस्पताल में उपलब्ध है.

**आयुष्मान भारत योजना का अहम योगदान-उपाधीक्षक :** रांची सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. बिमलेश सिंह कहते हैं कि अस्पताल में कई सुपर स्पेशियलिटी विभाग शुरू कर पाए हैं. इसके पीछे आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का अहम योगदान है. इस योजना के तहत हम लाभुक मरीजों का जब इलाज करते हैं तो उसमें जो राशि हमें इंसेंटिव के रूप में प्राप्त होती है, उसी राशि से विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवा ली जाती है. हमें वित्त के लिए विभाग पर निर्भर नहीं रहना पड़ता है. डॉ. बिमलेश सिंह ने कहा कि हमारे यहां 80-85% मरीज आयुष्मान कार्डधारी होते हैं, बाकी के जो 15-20% मरीज बच जाते हैं उन्हें डॉक्टरी सेवा निशुल्क मिल जाती है. अगर किसी इम्प्लांट की जरूरत होती है तो उनके लिए भी अस्पताल बेहद सस्ती दर पर इम्प्लांट की व्यवस्था कराता है.

## कांटाटोली से बूटी मोड़ तक फ्लाईओवर बनाने की तैयारी शुरू, फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार

**शुभम संदेश।रांची**

राजधानी रांची में अब कांटाटोली से बूटी मोड़ तक फ्लाईओवर बनाने की तैयारी शुरू हो गई है. पथ निर्माण विभाग ने इसके लिए प्रारंभिक सर्वे पूरा कर लिया है और कंसलटेंट द्वारा फिजिबिलिटी रिपोर्ट भी सौंप दी गई है. फ्लाईओवर की शुरुआत मौजूदा योगदा सत्संग - कांटाटोली फ्लाईओवर के आगे से होगी और इसे गुमला पेट्रोल पंप के पास बूटी मोड़ पर उतारा जाएगा. रिपोर्ट में यूटिलिटी शिफ्टिंग का भी पूरा खाका तैयार किया गया है, जिसमें बिजली पोल, पेयजल पाइप और ड्रेनेज की शिफ्टिंग शामिल है. विभाग की मंजूरी के बाद डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार कराई जाएगी.

**यातायात होगा आसान :** इस फ्लाईओवर के बनने के बाद मेकन-सिरमटोली चौक, कांटाटोली होते हुए रैंप के जरिए वाहन सीधे बूटी मोड़ तक पहुंच सकेंगे। इससे ट्रैफिक जाम की समस्या काफी हद तक कम होने की उम्मीद है.

**सड़क चौड़ीकरण में आ रही बाधाएं :** फिलहाल बूटी मोड़ से कांटाटोली चौक होते हुए रामपुर तक की सड़क को फोरलेन किया जा रहा है. लेकिन इंजीनियरों का मानना है कि यह सड़क इस भीड़भाड़ वाले इलाके के लिए पर्याप्त नहीं है. कई जगह सड़क की चौड़ाई कम है और नालियों में अतिक्रमण भी है. राइट ऑफ वे भी पूरी तरह नहीं मिल पाया है, जिससे सड़क चौड़ीकरण में दिक्कत आ रही है.

**फ्लाईओवर से मिलेगा समाधान :** इन्हीं समस्याओं को देखते हुए पूरे मार्ग में फोरलेन फ्लाईओवर बनाने की योजना पर काम शुरू कर दिया गया है. इससे शहर के लाखों लोगों को राहत मिलेगी और यातायात सुगम होगा.


## एक नजर

### रौनियार वैश्य सभा ने पहाड़ी मंदिर पर लगाया शिविर



**रांची।** जिला रौनियार वैश्य सभा रांची एवं समस्त इकाइयों के सहयोग से चाय बिस्किट एवं शुद्ध पेयजल सेवा शिविर पहाड़ी मंदिर परिसर में भक्त जनों के बीच वितरण व्यवस्था दूसरी सोमवारी को संपन्न हुई, जिला सभा प्रदेश स्तर के पदाधिकारी एवं राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी गण उपस्थित होकर साथ में जिला अंतर्गत आने वाले विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारी गण जिला अंतर्गत आने वाले रौनियार समाज के सम्मानित समाज सेवीगण प्रबुद्ध नागरिक गण ने सेवा शिविर में उपस्थित होकर एकता का परिचय दिया. अपने समाज का नाम रोशन करने में आपकी अहम भूमिका रही आप उपस्थित होकर सेवा शिविर के माध्यम से तन मन धन देकर भक्त जनों के लिए कीमती समय निकालकर इस पुनीत कार्य को संपन्न कराया. इसी तरह जिला सभा आशा करती है आप हमारे समाज के कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहे और समाज का नाम रोशन करें. यह जानकारी महामंत्री अशोक कुमार गुप्ता ने दी है.

### श्रीश्याम मंदिर में मना कामिका एकादशी उत्सव



**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में सोमवार को कामिका एकादशी उत्सव अत्यंत श्रद्धा भाव वातावरण में आयोजित किया गया. सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ इस पावन दिवस पर श्री श्याम प्रभु का दर्शन करने के लिए उमड़ पड़ी. इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को सुंदर नवीन वस्त्र (बागा) पहना कर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर जूही, बेला, रजनीगंधा, गुलाब एवं तुलसी दल की मालाओं से मनमोहक श्रृंगार किया गया साथ ही मन्दिर में विराजमान बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया. रात्रि 9 बजे से श्री श्याम प्रभु के जयकारों की बीच पावन ज्योत प्रज्वलित कर श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा भावपूर्ण संकीर्तन प्रारम्भ किया गया. तुझको रिझाएंगे भजन तेरा सुनाएंगे, खूब सज्यों श्रृंगार खाटू वाले को, छोड़ेंगे ना हम तेरा द्वार ओ बाबा सात जन्म तक, हमें तो जी भी दिया श्याम बाबा ने दिया आदि भजनों की लय पर भक्तगण झूमते रहे. रात्रि 12 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में ओम जोशी, रमेश सारस्वत, चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, मनोज ढांढनीयां, प्रदीप अग्रवाल, नितेश केजरीवाल, नितेश लाखोटिया, विकाश पाडिया, प्रियांश पोद्दार का सहयोग रहा.

### सनातन युवा मंच ने लगाया सेवा शिविर




**रांची।** राष्ट्रीय सनातन युवा मंच के सदस्यगण के द्वारा श्रावण मास के द्वितीय सोमवार को पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार पर बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना करने के बाद संस्था ने निःशुल्क सेवा शिविर का आयोजन किया बाबा भोले के भक्तों के लिए संस्था के द्वारा भांग बेलपत्र पुष्प 265/ लीटर दूध का वितरण किया गया संस्था के सेवक सुबह के 3:30 बजे से 10: 00 बजे तक सेवा कार्य में उपस्थित रहे. राष्ट्रीय सनातन युवा मंच में आए अतिथिगण भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह खूंटी प्रभारी सत्यनारायण सिंह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश मुक्ता, सुनील साहू, ललित ओझा बीजेपी नेता संजय जयसवाल, अमन, निशांत राज, पूनम जयसवाल, नेहा सिंह, आरती कुजूर, ज्योत्स्ना केरकेट्टा, अर्चना मिर्धा, चंदन सिंह, दिलीप गुप्ता, अशोक यादव, वेद प्रकाश काजू, करन कर्मकार, पंकज वर्मा, जितेंद्र यादव, संजू यादव, विशाल वर्मा, रूबी जयसवाल, दीपक कुमार, विशाल कुमार, राम कुमार सेवा कार्य में उपस्थित रहे.

### अंजलि बनी वाद-विवाद प्रतियोगिता की उपविजेता



**रांची।** दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई), नई दिल्ली के बोर्ड ऑफ स्टडीज ऑपरेशन्स के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में रांची की प्रतिभाशाली सीए छात्रा कुमारी अंजलि गुप्ता ने उपविजेता का खिताब प्राप्त कर रांची सहित पूरे झारखंड को गौरवान्वित किया है. यह प्रतियोगिता जयपुर में आयोजित की गई, जिसमें आईसीएआई के सभी पांचों रीजन पूर्वी, पश्चिमी, उत्तरी, दक्षिणी और मध्य क्षेत्र से रीजनल स्तर पर चयनित विजेताओं ने भाग लिया. यह वाद-विवाद प्रतियोगिता आईसीएआई की ओर प्रति वर्ष देशभर के सीए विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाती है. प्रतिभागियों का चयन क्रमशः शाखा, रीजनल और फिर राष्ट्रीय स्तर पर किया जाता है. रांची शाखा की छात्रा अंजलि गुप्ता का राष्ट्रीय स्तर पर उपविजेता बनना झारखंड को गौरवान्वित किया है.

### हटिया जन्माष्टमी पूजा समिति के अध्यक्ष बने इंदरजीत सिंह



**रांची।** हटिया जन्माष्ठमी पूजा की वार्षिक बैठक हटिया रेलवे कॉलोनी में सोमवार को हुई. बैठक में शामिल हटिया के जन्माष्टमी पूजा समिति की टीम, दुर्गा पूजा समिति, गणेश पूजा समिति, राम मंदिर कमिटी, रामनवमी पूजा समिति, महिला समिति की टीमें सर्वसम्मति से पुरानी समिति को भंग करते हुए नई समिति का गठन किया. इसमें फिर से इंदरजीत सिंह को अध्यक्ष चुना गया. नई समिति में मुख्य संयोजक आरएन यादव, सीके सिंह, अरुण सिंह, मुख्य संरक्षक नंदन यादव, संरक्षक संजू चौबे, नित्यालाल कुमार,अवधेश सिंह, मनोज राय, अलख निरंजन शर्मा, अध्यक्ष इंदरजीत सिंह, सचिव चंदन यादव, कार्यकारी अध्यक्ष बंटू सौरव सिंह, मुकुल प्रसाद, रजनीश सिंह सहित अन्य को मनोनीत किया गया है.

## शिक्षण कार्य सरला बिरला पब्लिक स्कूल में करियर फेयर-पाथवे टू सक्सेस का सफल आयोजन

# देश-विदेश के 26 विश्वविद्यालयों ने की भागीदारी

**शुभम संदेश।रांची**

सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने करियर फेयर का भव्य आयोजन किया, जिसमें भारत और विदेश के 26 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों ने भाग लिया. इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को करियर की खोज, व्यावसायिक कौशल, उभरते व वैकल्पिक क्षेत्रों एवं तकनीकों, आत्म-जागरूकता, व्यक्तिगत विकास तथा नेटवर्किंग के अवसरों की जानकारी प्रदान करना था. इस आयोजन का मुख्य आकर्षण था- उद्योग विशेषज्ञों के प्रेरणादायक सत्र. इन सत्रों में विवेक कुमार श्रीवास्तव, डिप्टी जनरल मैनेजर (मार्केटिंग), ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी, देहरादून, अमोल चिंचोलकर, अर्पिता दास, एडमिशन मैनेजर, एलायंस यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु, अमित एकलव्य, कॉर्पोरेट ट्रेनर एवं मेंटर एवं प्रवीण शर्मा, कॉर्पोरेट ट्रेनर एवं मेंटर, रांची के पूर्व छात्र. इन विशेषज्ञों ने छात्रों को व्यावसायिक कौशल, आत्म-जागरूकता, एवं व्यक्तिगत विकास के विषय में मार्गदर्शन प्रदान किया, साथ ही छात्रों और विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों के बीच संवाद और नेटवर्किंग का अवसर भी उपलब्ध कराया. इस सत्र ने छात्रों को उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक भविष्य के बारे में सूझबूझ भरे निर्णय लेने हेतु आवश्यक ज्ञान और कौशल से सुसज्जित किया. कार्यक्रम के अंतर्गत इंटरैक्टिव यूनिवर्सिटी डेस्क भी लगाए गए, जहां छात्रों ने विभिन्न विश्वविद्यालयों के कार्यक्रमों और उच्च शिक्षा के अवसरों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की. इस आयोजन में शामिल प्रमुख विश्वविद्यालय हैं- एलायंस यूनिवर्सिटी, आईलीड यूनिवर्सिटी, रटगर्स यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी एट बफेलो, यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनॉय (शिकागो), स्टोनी ब्रूक यूनिवर्सिटी, होटल इंस्टिट्यूट मोंत्रो (भ्ष्ड), यूनिवर्सिटी ऑफ अप्लाइड साइंसेज, यूनिवर्सिटी ऑफ अप्लाइड साइंसेज, आर्डेन यूनिवर्सिटी, चाणक्य यूनिवर्सिटी, के.आर. मंगलम यूनिवर्सिटी, सिक्किम मणिपाल यूनिवर्सिटी, जैन यूनिवर्सिटी, एआईएमएस यूनिवर्सिटी और कई अन्य प्रतिष्ठित संस्थान. इस कार्यक्रम में रांची के कई स्कूलों ने भाग लिया. एलए गार्डन हाई स्कूल, होली क्रॉस स्कूल, सिम्बायोसिस पब्लिक स्कूल, संट अरविंदो एकेडमी जैसे विद्यालयों के छात्रों ने भी भाग लिया. यह आयोजन पूर्ण रूप से सफल रहा और रांची के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों को करियर की संभावनाओं की खोज करने एवं प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से जुड़ने का सुनहरा अवसर प्रदान किया. प्राचार्या, परमजीत कौर ने छात्रों और शिक्षकों को इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सराहना की. उन्होंने कहा कि छात्रों को विशेषज्ञों द्वारा दिए गए मार्गदर्शन से बहुत लाभ मिलेगा. उन्होंने यह भी कहा कि वे भविष्य में भी ऐसे विश्व-प्रसिद्ध संस्थानों के साथ सहयोग करने के लिए उत्सुक हैं, क्योंकि विद्यालय लगातार छात्रों को उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से सशक्त बनाने के प्रति समर्पित है.



# रीजनल सीआईएससीई योगा प्रतियोगिता में मेटॉस स्कूल के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

**शुभम संदेश।रांची**

गुलमोहर स्कूल, जमशेदपुर में आयोजित रीजनल लेवल सीआईएससीई योगा प्रतियोगिता में रांची ज़ोन के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई मेडल अपने नाम किए. इस प्रतियोगिता में मेटास स्कूल के छात्रों ने विशेष रूप से बेहतरीन प्रदर्शन कर झारखंड राज्य का गौरव बढ़ाया. प्रतियोगिता में मेटास स्कूल के विजयी प्रतिभागियों को मेडल गुलमोहर स्कूल, जमशेदपुर की प्राचार्या प्रीति द्वारा प्रदान किए गए. उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की.



प्रतिभागियों का प्रदर्शन निम्नानुसार रहाः दिव्या माझी – गोल्ड मेडल (इंडिविजुअल आर्टिस्टिक योग), सिल्वर मेडल (ग्रुप योग), सिल्वर मेडल (ग्रुप रनर अप अंडर-17 वर्ग). शुभम कुमार – ब्रॉन्ज मेडल (इंडिविजुअल आर्टिस्टिक योग), सिल्वर मेडल (ग्रुप रनर अप अंडर-17 वर्ग). आदर्श मरांडी – सिल्वर मेडल (इंडिविजुअल आर्टिस्टिक योग), सिल्वर मेडल (ग्रुप रनर अप अंडर-19 वर्ग). विवान शर्मा – सिल्वर मेडल (रिदमिक योग), सिल्वर मेडल (ग्रुप रनर अप अंडर-19 वर्ग). रिया किंडो – सिल्वर मेडल (ग्रुप रनर अप अंडर-19 वर्ग). पुष्कल वर्मा – सिल्वर मेडल (ग्रुप रनर अप अंडर-14 वर्ग). सबा आलम – सिल्वर मेडल (ग्रुप रनर अप अंडर-14 वर्ग).

प्रतियोगिता में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर दिव्या माझी और शुभम कुमार का चयन सीआईएससीई नेशनल योगा प्रतियोगिता के लिए हुआ है. अब ये दोनों प्रतिभाशाली विद्यार्थी बिहार और झारखंड रीजन का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय स्तर पर करेंगे. मेटास स्कूल के प्राचार्य ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा, यह हमारे विद्यालय और पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है. प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देने वाली योग प्रशिक्षिका राफिया नाज़ ने कहा, बच्चों ने लंबे समय से कठिन अभ्यास किया है और आज उनकी मेहनत रंग लाई है. योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि आत्मविश्वास और मानसिक संतुलन भी प्रदान करता है.

## ब्रीफ न्यूज

### चोरों ने किसान के दो बैल चुराए, धान रोपाई पर संकट

**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रखंड के परहाटोली गांव निवासी गरीब किसान बनरसी नगेसिया के दो बैलों की चोरी अज्ञात चोरों ने रविवार रात कर ली. बनरसी ने बताया कि दिन में हल जोतने के बाद दोनों बैल आंगन में बांध दिए थे, लेकिन सुबह खेत जाने पर देखा कि बैल गायब हैं.काफी खोजबीन के बाद भी बैलों का कोई सुराग नहीं मिल सका है.इस घटना से किसान परिवार बेहद परेशान है, खासकर इस समय धान रोपाई के कार्य पर बुरा असर पड़ा है. गौरतलब है कि क्षेत्र में पिछले कुछ महीनों से मवेशी चोरी की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है. बीते एक सप्ताह में करीब आधा दर्जन किसानों के बैल चोरी हो चुके हैं.

### 31 को उंटारी रोड प्रखंड में पंचायत प्रतिनिधियों का धरना

**उंटारी रोड (पलामू)।** प्रखंड मुख्यालय पर 31 जुलाई को त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि संघर्ष मोर्चा के बैनर तले एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा. इस संबंध में सोमवार को उंटारी रोड प्रखंड के जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी पंचायतों के मुखिया, उपमुखिया, पंचायत समिति सदस्य और वार्ड सदस्य शामिल हुए. बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी धरना प्रदर्शन की तैयारी करना और जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित करना रहा. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अलका कुमारी करेंगी. बैठक में निर्णय लिया गया कि धरना के माध्यम से जनप्रतिनिधियों की विभिन्न समस्याओं, अधिकोरों की उपेक्षा और सम्मानजनक व्यवहार की मांग को मजबूती से उठाया जाएगा.

### जूनियर खो-खो बालक चयन प्रतियोगिता 23 को

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वावधान में 23 जुलाई को जीएलए कॉलेज में सुबह 7 बजे से जिलास्तरीय जूनियर खो-खो चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है. इस प्रतियोगिता में पलामू जिला के कोई भी स्कूल व क्लब के बालक-बालिका भाग ले सकते हैं. इस संबंध में पलामू जिला खो खो एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि वेस्ट परफॉर्मेंस के आधार पर खिलाड़ियों का राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया जाएगा. चयनित खिलाड़ियों को 26 जुलाई से हजारीबाग में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा. इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित समय पर खेल मैदान में उपस्थित होकर अपना बेस्ट परफॉर्मेंस देकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होंगे. खिलाड़ियों की उम्र 30 जुलाई 2025 तक 18 वर्ष से कम होगा. प्रतियोगिता के समय आधार कार्ड लाना अति आवश्यक है.

### मझिआंव में बांकी नदी में डूबने से बच्चे की मौत

**मझिआंव।** थानांतर्गत तलशबरिया गांव निवासी विश्वनाथ पासवान के यहां अपने ननिहाल आए 8 वर्षीय लक्की की नहाने के क्रम में बांकी नदी में डूबने मौत हो गई. विश्वनाथ मृतक बच्चे के नाना हैं. सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. घटना रविवार दोपहर की है. परिजनों के अनुसार पलामू जिलांतर्गत पड़वा मोड़ थाना के लोहड़ी गांव निवासी अनिल पासवान की पत्नी काजल देवी अपने तीन पुत्रों के साथ मायके मझिआंव थाना के तलशबरिया गांव आई हुई थी. उसे बच्चों को लेकर रविवार को ही वापस लौटना था. उसका बड़ा सन्नी अपने भाई काशी पासवान और लक्की पासवान के साथ गांव स्थित बांकी नदी में दोपहर करीब दो बजे नहाने चला गया.

### विधायक प्रकाश राम ने भद्रकाली मंदिर में की पूजा अर्चना

# माथा टेक कर क्षेत्र के सुख शांति की कामना की

शुभम संदेश। लातेहार



विधायक प्रकाश राम सोमवार को चतरा जिला के इटखोरी स्थित माता भद्रकाली मंदिर पहुंचें. भाजपा नेता पवन कुमार ने बताया कि विधायक श्री राम ने यहां माता का दर्शन किया और पूजा अर्चना की. उन्होंने अपना माथा टेक कर क्षेत्र के सुख शांति की कामना की. विधायक श्री राम ने कहा कि यह एक प्राचीन व सिद्ध मंदिर है. यह मंदिर 9वीं शताब्दी का बताया जाता है. यहां जो भी सच्चे मन से मुरादें मांगता है, उसकी मुराद अवश्य पूरी होती है. यह न सिर्फ झारखंड वरन पूरे देश में ख्याति प्राप्त मंदिर है. पूरे देश से यहां श्रद्धालु आते हैं और अपनी मनोकामना पूरी करते हैं. माता भद्रकाली को देवी पार्वती का एक रूप माना जाता है. यह मंदिर न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि अपने ऐतिहासिक और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए भी प्रसिद्ध है. मौके पर सुरेंद्र प्रसाद शौंडिक समेंत कई भाजपा नेता मौजूद थे.

#### कहां इटखोरी का भद्रकाली मंदिर

झारखंड के चतरा के पूर्व में 35 किमी और जीटी रोड से जुड़े चौपारण से 16 किमी पश्चिम में है. यह पहाड़ो और जंगलो से घिरा एवं महानद नदी (महाने) नदी के तट पर स्थित इटखोरी ब्लॉक मुख्यालय के भद्रकाली परिसर से केवल आधा किलोमीटर दूर है. यह स्थल तीन धर्मों का अनूठा संगम स्थल शुरू से रहा है. सनातन धर्मावलंबियों की मां भद्रकाली व भगवान बुद्ध की आराध्य देवी मां तारा एवं जैन धर्मावलंबियों के दसवें तीर्थंकर स्वामी शीतलनाथ जी का जन्म स्थल भदलपुर भी यही है. जैन धर्मावलंबी इस मंदिर को भदुली माता का मंदिर भी कहते है.

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद की बैठक सम्पन्न

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर जोर

- पर्यटन व्यवसायियों के निबंधन के लिए जागरूकता अभियान चलेगा

शूभम संदेश। मेदिनीनगर

पलामू उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद की बैठक आयोजित की गई. बैठक में पिछली बैठक के निर्णयों की समीक्षा की गई और जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों के विकास को लेकर विचार-विमर्श किया गया.बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जिन पर्यटक स्थलों पर निर्माण कार्य चल रहे हैं, उनकी गुणवत्ता की जांच अंतर विभागीय अधिकारियों द्वारा की जाए. उन्होंने कहा कि निष्पक्ष जांच के लिए जांचकर्ता और कार्यकारी अधिकारी अलग-अलग विभागों से हों, जिससे पारदर्शिता और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित हो सके.

**पर्यटन स्थलों के विकास पर हुई चर्चा**

बैठक में चतरा सांसद प्रतिनिधि ने पांकी प्रखंड की राहेवीर पहाड़ी पर बने शिव मंदिर तथा तरहसी प्रखंड के महादेव माड़ा को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का सुझाव दिया. वहीं हुसैनाबाद विधायक प्रतिनिधि मिथिलेश पांडेय ने दाताशाह मजार पर रेस्ट हाउस बनाने की मांग रखी. उन्होंने बताया कि यहां झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, जिससे इस क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं.

**बजट होटल निर्माण हेतु समन्वय के निर्देश :** मोहम्मदगंज के भीम चूल्हा के समीप प्रस्तावित बजट होटल निर्माण के लिए चयनित भूमि का अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने को लेकर उपायुक्त ने सीओ, भूमि सुधार उप समाहर्ता और अपर समाहर्ता को आपसी समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए.उपायुक्त ने पर्यटन पदाधिकारी को निर्देशित किया कि झारखंड टूरिस्ट ट्रेड रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर जिले के सभी पर्यटन एवं ट्रैवल व्यवसायियों का निबंधन सुनिश्चित किया जाए. इसमें होटल व्यवसायी, कार/मिनी बस ऑपरेटर, एडवेंचर स्पोर्ट्स संचालक, फोटोग्राफर, टूरिस्ट गाइड आदि शामिल हों. उन्होंने इसके लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए.बैठक में उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, प्रभारी पर्यटन पदाधिकारी प्यारेलाल, जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र यादव, भवन निर्माण के कार्यपालक अभियंता, सहायक नगर आयुक्त, पर्यटन विशेषज्ञ सुशील द्विवेदी सहित जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे.



#### मुखिया से वार्ता कर वीडब्लूएससी स्कीम करें हैंडओवरः डीसी

उपायुक्त समीरा एस ने वर्चुअल मोड के माध्यम से जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन समेत पेयजल आधारित क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा की. इस दौरान डीसी ने वीडब्लूएससी को हैंडओवर किये गये स्कीम की जानकारी लेते हुए संबंधितों को स्थानीय मुखिया से वार्ता कर स्कीम हैंडओवर की प्रक्रिया में तेजी लाने की बात कही. एसवीएस इन्सेप्क्शन के तहत धीमी गति से कार्य होने संबंधी जानकारी ली. कार्यपालक अभियंता ने बताया कि एक ही कनीय अभियंता द्वारा कई प्रखंडों का कार्य किया जा रहा है. इस पर डीसी ने अन्य विभागों से जेई को प्रतिनियुक्ति कर इस कार्य में लगाने की बात कही. बैठक में वित्तिय वर्ष 2025-26 में जिला को निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध प्रगति का अनुश्रवण, ग्राम स्तर पर स्वच्छता ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के क्रियान्वयन के लिये ग्राम योजना तैयार करने, गोबर गैस प्लांट, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट, ओडीएफ गांवों का वेरीफिकेशन,आदि विषयों पर समीक्षा कर कई दिशा-निर्देश दिए.

### गोली मार कर चाचा को किया घायल, गिरफ्तार



**लातेहार।** जिले के गारू थाना में एक भतीजे ने अपने 75 वर्ष के चाचा को गोली मार कर घायल कर दिया. सदर अस्पताल, लातेहार में उसका इलाज चल रहा है. पुलिस ने आरोपी भतीजे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. गारू पुलिस ने बताया कि पिछले 19 जुलाई को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के साल्वे ग्राम में किसी व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया गया है. सनित उरांव के आवेदन पर गारू थाना में इस संबंध में कांड संख्या 30/25 दर्ज किया गया था. मामला दर्ज होने के बाद सुनेश्वर उरांव ( 35 ) को छापामारी टीम का गठन कर छापामारी किया गया ओर साल्वे ग्राम से ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. छापामारी अभियान में पुअनि सह थाना प्रभारी प्रभात कुमार दास, पुअनि राजीव रंजन, विजय कुमार (बारेसांढ़), इंद्रदेव राम, सअनि मिश्रा मांझी, सुशोभन राय व आरक्षी मनीष कुमार के अलावा सैट-147, आइआरबी-4 के अनि(स) धारवा खाखा, हवलदार जयकांत मिर्घा, आरक्षी नवनीत कुमार महतो व प्रीतम उरांव शामिल थे. पुलिस ने अनुसंधान के क्रम में पाया गया था कि साल्वे ग्राम निवासी बासुदेव भगत ( 75 ) को को ओझा गुणी के आरोप मे उसके भतीजे सुनेश्वर उरांव के द्वारा भरठुआ बंदूक से गोली मार कर घायल कर दिया गया है.

### बंगीय दुर्गा बाड़ी में नए हॉल का उदघाटन

## बैठक में शुभंकर अध्यक्ष व जयंत महा सचिव चुने गए



शुभम संदेश। मेदिनीनगर

बंगीय दुर्गाबाड़ी परिसर में रविवार की शाम को ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष देवेश मोइत्रा की अध्यक्षता में एक बैठक की गई. बैठक से पहले बंगाली समाज की वरिष्ठ नागरिक झर्ना सेन ने फीता काटकर दुर्गा बाड़ी में बने नवनिर्मित मीटिंग हॉल का उदघाटन किया.

उन्होंने सभी को आने वाले दुर्गा पूजा को सफल बनाने के लिए शुभकामना दिया. बैठक में मुख्य रूप से वर्ष 2024 में हुए दुर्गा पूजा, काली पूजा, लक्ष्मी पूजा, सरस्वती पूजा, विपद तारिणी पूजा में के आय - व्यय का बौरा प्रस्तुत किया गया. अकेंक्षक के टिपण्णी के बाद इसे ध्वनिमत से पारित किया गया. बैठक में वर्ष 2025 के लिए नए पूजा समिति का गठन किया गया. इसमें सर्वसम्मति से शुभंकर चक्रवर्ती को अध्यक्ष, गौतम बोस व शिवनाथ चटर्जी को उपाध्यक्ष, जयंत विश्वास को सचिव, शिवेश मोइत्रा व प्रसेनजीत बोराल को उप सचिव, अमर भांजा को कोषाध्यक्ष, गौतम घोष को उप कोषाध्यक्ष, सुदीप रायचौधुरी को अंकेक्षक, मुनमुन चक्रवर्ती व पृथा भट्टाचार्य को महिला समिति के सचिव, सैकत चटर्जी को मीडिया प्रभारी, सुमित भट्टाचार्य को सांस्कृतिक समिति के संयोजक चुना गया. यह तय किया गया है अगली बैठक में पूजा समिति अपने अन्य पदाधिकारियों का चयन करेगी.

# वीडी राम ने रेहला में इथनॉल डिस्टिलरी स्थापना की मांग उठाई

❖ नियम 377 के तहत सांसद ने रखी मांग ❖ रोजगार और औद्योगिक विकास को बताया उद्देश्य

शुभम संदेश। मेदिनीनगर



पलामू के सांसद श्री विष्णु दयाल राम ने सोमवार को लोकसभा में नियम 377 के तहत एक अति महत्वपूर्ण मुद्दा उठाते हुए पलामू संसदीय क्षेत्र के विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत रेहला में इथनॉल डिस्टिलरी स्थापित करने की मांग की.

सांसद ने कहा कि रेहला, जो कि झारखंड राज्य औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत आता है, वहां पर्याप्त जमीन उपलब्ध है और यह स्थान इथनॉल उद्योग के लिए उपयुक्त है. उन्होंने कहा कि चावल से इथनॉल बनाने की प्रक्रिया पर्यावरण के लिए अनुकूल है और इससे प्रदूषण की कोई समस्या उत्पन्न नहीं होगी.

श्री राम ने आगे कहा कि उत्तरी कोयल परियोजना (मंडल डैम) के पूर्ण हो जाने पर इस क्षेत्र में जल आपूर्ति की भी कोई कमी नहीं रहेगी, जिससे औद्योगिक कार्यों को सुचारू रूप से संचालित किया जा सकेगा.उन्होंने यह भी बताया कि इथनॉल उत्पादन के साथ-साथ क्षेत्र में वैल्यू एडिशन कर एग्रो इंडस्ट्रीज और फार्मा इंडस्ट्रीज के लिए भी उत्पाद तैयार किए जा सकते हैं. यह कदम क्षेत्र में रोजगार सृजन के साथ-साथ आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा.सांसद ने दुख जताया कि रेहला में वर्तमान में केवल एक कास्टिक सोडा फैक्ट्री है और कोई अन्य प्रमुख उद्योग नहीं है, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल सके.अंत में, उन्होंने लोकसभा के माध्यम से भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी से आग्रह किया कि रेहला में इथनॉल डिस्टिलरी की स्थापना हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं ताकि पलामू क्षेत्र में औद्योगिक विकास और रोजगार को नया आयाम मिल सके.

## राजनीति

### बेतला में कांग्रेस का प्रशिक्षण शिविर 23 जुलाई को: बिट्टू पाठक

# पलामू प्रमंडल के प्रखंड एवं मंडल अध्यक्षों के लिए होगा आयोजन

- एआईसीसी सचिव व प्रदेश अध्यक्ष रहेंगे मौजूद
- संगठनात्मक मजबूती पर होगा फोकस

शुभम संदेश। मेदिनीनगर




कांग्रेस पार्टी द्वारा संगठनात्मक सशक्तिकरण अभियान "सृजन 2025" के तहत पलामू प्रमंडल में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 23 जुलाई को प्रातः 11 बजे बेतला में किया जाएगा. इस शिविर में पलामू, गढ़वा और लातेहार जिलों के प्रखंड अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों को शामिल किया जाएगा. यह जानकारी जिला कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता गोपाल सिंह ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी.उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाना और आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से तैयार करना है. इस दौरान पार्टी की नीतियों, संविधान, संगठनात्मक अनुशासन, जनसंपर्क रणनीति और संवाद कौशल पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा.जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक ने प्रेस वार्ता में कहा कि "यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि कांग्रेस पार्टी के नव निर्माण, अनुशासित पुनर्गठन और जनसंपर्क विस्तार की दिशा में एक निर्णायक पहल है. बेतला में आयोजित यह शिविर कार्यकर्ताओं को वैचारिक स्पष्टता, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता से संपन्न करेगा."प्रशिक्षण शिविर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव व झारखंड प्रभारी डॉ. सिरिवेला प्रसाद तथा झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री केशव महतो कमलेश विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे. उनके मार्गदर्शन में कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा और दिशा प्राप्त होगी.प्रेस कॉन्फ्रेंस में 20 सूत्री कार्यक्रम की उपाध्यक्ष विमला कुमारी, शिक्षा विभाग के प्रदेश कोऑर्डिनेटर श्याम नारायण सिंह, शमीम अहमद राईन, विद्या सिंह चेरो, सत्येंद्र सिंह, जितेंद्र कमलापुरी, अजय साहू, मिट्टू खान सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे.

### पलायन कर मजदूरी करने गए मजदूर को नहीं मिला मेहनताना

**महुआडांड़ (लातेहार)।** परहाटोली पंचायत के अजित नगेसिया और उसकी पत्नी आशा देवी को मजदूरी का बकाया पैसा अब तक नहीं मिला है. वर्ष 2024 में रिनदेश नायक नामक दलाल द्वारा उन्हें त्रिपुरा के ईंट भट्ठा में मजदूरी के लिए भेजा गया था.आशा देवी ने बताया कि लगभग आठ महीने तक पूरे परिवार ने काम किया. मार्च 2025 में घर लौटने पर 70 हजार की मजदूरी में से केवल 40 हजार रुपये ही मिले. ठेकेदार ने शेष राशि दलाल रिनदेश नायक को देने की बात कही थी, पर अब तक पैसा नहीं मिला है.खेती का समय है और पैसों की कमी से परेशानी हो रही है. जब वे रिनदेश से पैसा मांगते हैं, तो ठेकेदार का नंबर देने से इनकार किया जाता है.मुखिया रीता खलखो ने कहा कि रिनदेश से बात कर उचित कार्रवाई की जाएगी और जरूरत पड़ने पर कानूनी मदद भी दी जाएगी.

## एक नजर

### चलानी किला शाहपुर की झाड़ियों से मिला शिवलिंग



**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा और राजा मेदनीराय तीरंदाज एकेडमी के संयुक्त प्रयास से चलानी किला, शाहपुर की सफाई अभियान के दौरान एक ऐतिहासिक और धार्मिक धरोहर सामने आई है. झाड़ियों से ढके चबूतरे पर भगवान शिव का लगभग 300 वर्ष पुराना शिवलिंग मिला, जिसे देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह स्थान कभी एक मंदिर रहा होगा.पौराणिक संदर्भों और स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, यह मंदिर राजा मेदनीराय के अनुज भ्राता राजा चुडामन राय के शासनकाल (1784 ई. से 1813 ई.) के दौरान निर्मित हुआ था. यह स्थल चेरो वंश की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को जीवंत करता है, जो आज भी जनमानस की स्मृति में जीवित है.श्रावण मास की दूसरी सोमवारी को चेरो वंश के पुरोहित शंखनाथ सिंह चेरो ने विधिवत पूजा-अर्चना कर इस ऐतिहासिक स्थल के पुनर्जीवन की शुरुआत की. पूजा के दौरान शिवलिंग पर झंडा चढ़ाया गया और संपूर्ण धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा संपन्न हुई.इस अवसर पर सतीश कुमार, दाऊद केरकेट्टा, राजू कुमार प्रजापति, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, कलावती देवी, पुनिया टोपनो, बसंत हेमरम, प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार, संतन कुमार, आयुष कश्यप सहित बड़ी संख्या में स्थानीय महिला-पुरुष श्रद्धालु मौजूद थे.

### आधुनिक पुस्तकालय की मांग, डीएसई को ज्ञापन सौंपा



**लातेहार।** भाजपा युवा नेता मिलन शुक्ला ने लातेहार जिला शिक्षा पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है. उन्होने अपने ज्ञापन में लातेहार में एक आधुनिक व व्यस्थित पुस्तकालय खोलने की मांग की है. उन्होने कहा कि लातेहार नगर में एक सुव्यवस्थित पुस्तकालय की नितांत आवश्यकता है. एक ऐसा पुस्तकालय छात्र शांत और तकनीकी रूप से सुसज्जित वातावरण में अध्ययन कर सकें. मिलन शुक्ला ने बताया कि इस पुस्तकालय का उद्देश्य सिर्फ किताबों को एकत्र करना नहीं, बल्कि ज्ञान, शोध और करियर निर्माण के लिए एक केंद्र तैयार करना है.पुस्तकालय में डिजिटल संसाधन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सामग्री, और आधुनिक शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए.

### बीडीओ ने आंगनबाड़ी भवन की चाबी सेविका को सौंपी



**उंटारी रोड (पलामू)।** उंटारी रोड प्रखंड के मुरमा खुर्द पंचायत अंतर्गत पांडेपुर तथा मुरमा कलां पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 3 के नवनिर्मित भवन की चाबी सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) श्रवण कुमार भगत ने संबंधित सेविकाओं को सौंपी.इस अवसर पर बीडीओ ने सेविका सबिता देवी और पूजा देवी को पत्र भी प्रदान किया, जिसमें उन्हें निर्देश दिया गया कि वे आंगनबाड़ी केंद्र को नए भवन से सुचारू रूप से संचालित करें. उन्होंने कहा कि बच्चों की समुचित देखभाल, पोषण और शिक्षा के लिए अब बेहतर सुविधा उपलब्ध हो गई है, जिसका लाभ बच्चों और महिलाओं को मिलना चाहिए.कार्यक्रम के दौरान बीस सूत्री कार्यक्रम के प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह, मुरमा खुर्द के मुखिया रामबचन राम, प्रमुख प्रतिनिधि अरुण कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे.

### पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दावा भुगतान



**लातेहार।** सदर प्रखंड के रेहलदाग गांव में गायत्री आजीविका सखी मंडल से जुड़ी कालो देवी को बैंक ऑफ इंडिया शाखा, लातेहार के माध्यम से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमा क्लेम सेटलमेंट के तहत दो लाख रुपये की राशि का चेक प्रदान किया गया. बता दें कि कालो देवी ने अपने पति बिनोद सिंह मिस्त्री का बीमा बैंक सखी द्वारा करवाया था. पति की असमय मृत्यु के बाद, बैंक सखी के प्रयासों से बीमा दावा राशि (नॉमिनी) कालो देवी को दिया गया. मौके पर जेएसएलपीएस के बीपीएम आलोक कुमार ने बीमा योजनाओं की जानकारी दी. उन्होने महिला समूहों से जुड़ने की अपील करते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की बात की. मौके पर सुजीत कुमार, संजय यादव, बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक शंख कुमार दुबे के अलावा बैंक सखी सबिता कुमारी तथा अन्य बैंक कर्मी मौजूद थे.

### बेटियों के न्याय की मांग को लेकर राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन

**मेदिनीनगर ।** पलामू जिला महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष रेखा देवी उर्फ रेखा सिंह के नेतृत्व में महिला कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में उड़ीसा, ग्रेटर नोएडा और पुरी में छात्राओं व नाबालिग बच्चियों के साथ हुई वीभत्स घटनाओं पर गहरी चिंता जताई गई.प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि इन घटनाओं को जघन्य अपराध की श्रेणी में रखा जाए और दोषियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से सख्त से सख्त सजा दी जाए. रेखा देवी ने कहा कि यह ज्ञापन देश की बेटियों की पीड़ा की पुकार है और महामहिम राष्ट्रपति, जो स्वयं उड़ीसा की बेटी हैं, इस दर्द को जरूर समझेंगी.उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला तो महिला कांग्रेस चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगी. प्रतिनिधिमंडल में महिला कार्यकर्ताओं के साथ कई समाजसेवी और युवा भी शामिल थे.इस मौके पर सुधीर कुमार चंद्रवंशी, विवेक शुक्ला, नगीना देवी, मीना कुमारी, पूजा देवी, सीमा गुप्ता सहित दर्जनों महिलाएं उपस्थित थीं.

### 24 को होगी अंतर प्रखंड स्तरीय कांवर जल यात्रा

**महुआडांड़( लातेहार)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 जुलाई को भव्य अंतर प्रखंड स्तरीय कांवर जल यात्रा का आयोजन किया जा रहा है. यह आयोजन महुआडांड़ हिन्दू महासभा, बजरंग दल एवं मानस मणि दीप सेवा संस्थान, सरना धाम बारेसाढ़ गारू के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न होगा.इस जल यात्रा में हजारों की संख्या में बाबा भोलेनाथ के श्रद्धालु कांवर लेकर शामिल होंगे. यह यात्रा महुआडांड़ से प्रारंभ होकर 51 किलोमीटर की कठिन पदयात्रा के बाद गारू प्रखंड के ग्राम नागेश्वर धाम सरना धाम पहुंचेगी. वहां स्थित शिवलिंग पर श्रद्धालु जलार्पण करेंगे.कांवर यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है. आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी आयोजक संस्थाएं जोर-शोर से तैयारियों में जुटी हुई हैं. सुरक्षा, चिकित्सा और अन्य व्यवस्थाओं के लिए भी प्रशासनिक स्तर पर सहयोग की उम्मीद जताई जा रही है.बताया जा रहा है कि यात्रा मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए स्वागत, विश्राम और जलपान की व्यवस्था स्थानीय लोगों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा की जा रही है.भक्ति, श्रद्धा और अनुशासन के साथ यह कांवर यात्रा एक धार्मिक उत्सव के रूप में परिवर्तित हो जाती है, जिसमें युवा, वृद्ध, महिलाएं सभी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं.

### केमिकल सूंघाकर तीन लाख के गहनों की लूट

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज के मेजर मोड़ गली में सोमवारी पूजा कर मंदिर से लौट रही एक बुजुर्ग महिला को बेहोशी का केमिकल सुंघाकर तीन लाख के गहने लूट लिए गए.भुक्तभोगी महिला की पहचान रिफ्यूजी कॉलोनी हमीदगंज के विवेकानंद तिवारी की पत्नी के रूप में हुई है. महिला के पुत्र अरविंद कुमार तिवारी ने सोमवार को शहर थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज करने का आग्रह किया है. अरविंद के अनुसार सोमवार सुबह 8 बजे स्कूटी से मां को लेकर पुलिस लाइन रोड स्थित शिवमंदिर में पूजा करने के लिए पहुंचे थे. मंदिर पहुंचने पर मां ने बताया कि पूजा में समय लगेगा, पैदल घर चली जाउंगी. मां पूजा कर वापस लौट रही थी, इसी क्रम में मेजर मोड़ गली में सुनसान देखकर दो मोटरसाइकिल और दो व्यक्ति पैदल उसकी मां का मुंह और गला दबाने लगे.

## ब्रीफ न्यूज

### अवैध शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**कोडरमा।** डोमचांच थाना क्षेत्र में पुलिस को अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है. शनिवार देर रात पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को गुप्त सूचना मिली कि एक वाहन से चोरी-छिपे बिहार की ओर अंग्रेजी शराब ले जाई जा रही है. सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए डोमचांच थाना प्रभारी ओमप्रकाश कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई और महेशपुर चौक के पास सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया।जांच के दौरान स्विफ्ट कार को रोकने का इशारा किया गया, लेकिन चालक भागने की कोशिश करने लगे. पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए तीनों को गिरफ्तार कर लिया.

### हर हर महादेव के उद्घोष से गुंजायमान रहे शिवालय

**हजारीबाग।** सावन की दुसरी सोमवारी को हर हर महादेव के उद्घोष से शहर के शिवालय गुंजायमान होते रहे. शिव मंदिरो मे हजारो शिवभक्तो ने जलाभिषेक किया. शिव मंदिरों के पट तीन बजे भोर से ही खोल दिए गए थे. जिसके कारण मंदिरों में शिवभक्तो का आगमन शुरू हो गया था. सोमवार को हजारों की संख्या में महिला पुरुष कांवरियों ने भी जलाभिषेक किया. एकादशी और द्वादशी के शुभ संयोगों के बीच विभिन्न शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी. वही कई शिव मंदिरों में हुए रुद्राभिषेक सहित कई बड़े अनुष्ठान आयोजित हुए. शिव मंदिरों में कतारबद्ध होकर पुरूष महिलाओं ने जलाभिषेक किया.

### विधवा के साथ क्रूरता की हदें पार, एक गिरफ्तार

**हजारीबाग।** झारखंड में अंधविश्वास की एक और भयावह तस्वीर सामने आई है. हजारीबाग जिले के बरही थाना क्षेत्र के एक गांव में एक विधवा महिला के साथ क्रूरता की सारी हदें पार कर दी गईं. महिला को निर्वस्त्र करके पीटा गया, उसके बाल काटे गए, शरीर पर ब्लेड से वार किए गए और तांत्रिक क्रियाएं की गईं. मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है.पीड़िता के अनुसार, शुक्रवार रात गांव के सात लोगों ने उसे घर से जबरन उठा लिया, एक घर में बंद कर दिया और बेरहमी से पीटा. इसके बाद उसे गया जिले के एक तांत्रिक के पास ले जाया गया, जहां उसका सिर मुंडवा दिया गया. उसके बाद ब्लेड से शरीर के कई हिस्सों पर वार करके तांत्रिक क्रियाएं की गईं.

### राज्य सह प्रभारी डॉ सिरिवेला प्रसाद ने बिहार वोटर लिस्ट पर कहा

# बीजेपी और संघ बिहार के वोटरों का हक मार रही है

संवाददाता ।हजारीबाग



बिहार में चुनावी पारा चढ़ने लगा है जिसको लेकर राजनीतिक दलों के द्वारा आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरु हो गया है इन दिनों बिहार में वोटर लिस्ट का मामला गर्माता जा रहा है इसी बीच हजारीबाग पहुंचे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव सह झारखंड प्रभारी डॉक्टर सिरिवेला प्रसाद बड़ा बयान दिया है और कहा कीबीजेपी और आरएसएस बिहार में लोगों और वोटरों का हक बीजेपी और आरएसएस खत्म करना चाहती है । इसे लेकर कांग्रेस पार्टी कोर्ट भी जाएगी इन्होंने यह भी कहा कि बीजेपी और आरएसएस 13 साल से संविधान खत्म करने के लिए लगी हुई संवैधानिक संस्था जो स्वतंत्र है उस पर भी दबाव बनाया जा रहा है इलेक्शन कमीशन को भी पार्टी इस्तेमाल कर रही है. देश का कौन नागरिक है यह सरकार तय करती है ना कि इलेक्शन कमिशन इलेक्शन कमीशन लोकतंत्र के खिलाफ दिख रही है । हजारीबाग में कांग्रेस का संगठन सृजन का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.जिसमें हजारीबाग रामगढ़ चतरा कोडरमा जिला के प्रखंड नगर और मंडल अध्यक्षों और जिला प्रखंड नगर पर्यवेक्षकों की बैठक हुई जिसमें दिल्ली से आए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव सह झारखंड प्रभारी डॉक्टर सिरिवेला प्रसाद ने कार्यकर्ताओं का क्लास लगाया । पार्टी के पदाधिकारियों को बताया कैसे संगठन को मजबूत किया जाए इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ अधिकारियों ने मंडल अध्यक्षों को कई टिप्स दिया टिप्स देने के बाद कार्यकर्ता कितना समझ उनसे झारखंड प्रभारी ने सवाल भी पूछा और जाना कि वह बैठक के दौरान कितने अधिक संवेदनशील थे .आने वाले दिनों में झारखंड में भी नगर निकाय के चुनाव होना है पूरे संगठन को पार्टी मजबूत कर रही है ताकि चुनाव के दौरान सकारात्मक परिणाम भी सामने आए दूसरी ओर बिहार चुनाव में भी पार्टी सत्ता रूढ़ दल को घेरने का काम हर एक प्लेटफार्म से कर रही है.

### उपायुक्त की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

# अवैध खनन पर सख्ती, दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई : उपायुक्त

संवाददाता ।हजारीबाग

सोमवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई. बैठक में जिले में अवैध खनन के विरुद्ध चल रहे अभियानों और की जा रही कार्रवाई की गहन समीक्षा की गई.उपायुक्त ने चेक पोस्टों की स्थिति की जानकारी लेते हुए इन्हें लगातार क्रियाशील रखने और प्रभावी निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया. उन्होंने पुलिस और प्रशासनिक पदाधिकारियों को संयुक्त छापेमारी अभियान चलाने का आदेश देते हुए अवैध रूप से बालू लाने वाले वाहनों पर विशेष नजर रखने को कहा.

जिला खनन पदाधिकारी ने जानकारी दी कि जून 2025 में 26 अवैध वाहन जब्त किए गए, जिनमें 8 बालू लदे और 18 स्टोन चिप्स लदे वाहन शामिल हैं. एक प्राथमिकी दर्ज की गई और 5.62 लाख रुपये राजस्व की वसूली हुई.

**परिवहन विभाग की कार्रवाई :** जिला परिवहन विभाग द्वारा 1 लाख का जुर्माना वसूला गया तथा 48 वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए.

**शून्य प्रतिवेदन वाले प्रखंडों को चेतावनी :** उपायुक्त ने कहा कि कुछ अंचलों में कार्रवाई नगण्य रही है, जो असंतोषजनक है. शून्य प्रतिवेदन वाले प्रखंडों को सघन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया.गौरतलब है कि 15 अक्टूबर तक बालू उठाव पर रोक प्रभावी है. इसको ध्यान में रखते हुए एसडीपीओ और अनुमंडल पदाधिकारियों को संयुक्त रूप से कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया.

**छापेमारी और कानूनी कार्रवाई के निर्देश :** उपायुक्त ने कहा कि विशेष शाखा से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर सुनियोजित कार्रवाई की जाए और दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित हो.बैठक में अपर समाहर्ता, डीएसपी, दोनों अनुमंडल पदाधिकारी, खनन पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे.




### हजारीबाग में अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक

**हजारीबाग ।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई . बैठक में विभिन्न विभागों के आपसी समन्वय से जुड़े लंबित मामलों की समीक्षा की गई . उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी विभाग आपसी संवाद एवं पत्राचार को प्रभावी बनाते हुए लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें .शहरी पेयजल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत को प्राथमिकता देने का निर्देश एलएनटी एजेंसी को दिया गया . साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों के विद्युतीकरण, खेल मैदान हेतु भूमि चिन्हांकन तथा न्यायालयीन मामलों के शीघ्र निष्पादन पर भी जोर दिया गया .जनता दरबार, पीजी पोर्टल एवं सीपी ग्राम पर लंबित मामलों को गंभीरता से लेने और प्रमाण पत्र निर्गतीकरण की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने के निर्देश भी दिए गए .एनजीटी मामलों के शीघ्र समाधान, शहरी क्षेत्रों में इंसुलेटेड तारों की सुरक्षित अधिष्ठापना तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने पारदर्शिता व जवाबदेही से कार्य करने की अपील की . बैठक में विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारी उपस्थित थे

### सीसीएल के सहयोग से बाएफ संस्था की बैठक संपन्न

**चरही ।** बहेरा पंचायत के कजरी प्राथमिक विद्यालय में बाएफ संस्था द्वारा संचालित सेन्ट्रल कोल्डफील्ड लिमिटेड की कार्पोरेट सामाजिक दायित्त्व योजना अंतर्गत समेकित सामाजिक विकास परियोजना उत्थान चुरचू, हजारीबाग के द्वारा ग्राम बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में मुखिया देवकी महतो ने ग्राम वासियों से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र में सीसीएल के द्वारा बाएफ संस्था के माध्यम से 9 गांवों में वर्ष 2024 से विकास कार्य किये जा रहे हैं. उक्त योजना का लाभ सीसीएल के द्वारा बाएफ संस्था से निःशुल्क दी जा रही है । इसका लाभ ज्यादा से ज्यादा ग्राम वासी उठायें. साथ हीं इस क्षेत्र में इस तरह का विकास के लिए मुखिया देवकी महतो ने सीसीएल एवं बाएफ संस्था के अधिकारीगण को धन्यवाद दिया है.

### परसाबाद में बोल्डर लदा हाइवा पलटा

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत परसाबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप सोमवार की सुबह एक बड़ा हादसा टल गया. मिली जानकारी के अनुसार हजारीबाग जिले के पलमा के तरफ से बोल्डर लदा एक हाइवा तेतरौन की ओर जा रहा था. इस दौरान घुमावदार मोड होने के कारण सड़क किनारे हाइवा पलट गया. घटना के बाद बोल्डर बिखर गया. हालांकि घटना में चालक बाल बाल बच गया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हाइवा तेज रफ्तार में था, अचानक संतुलन बिगड़ने से वाहन पलट गया. पलटे हुए हाइवा को करीब 5 घंटे बाद उठाया गया.

### दैहर पंचायत में गिरी कच्ची दीवार, 20 सदस्यीय परिवार बेघर

# गर्भवती महिला समेत बच्चे और महिलाएं बाल-बाल बचीं

संवाददाता ।चौपारण



दैहर पंचायत में सोमवार की सुबह करीब 5:30 बजे एक बड़ा हादसा हुआ, जब महादेव भुइंया का कच्चा घर अचानक भरभराकर ढह गया. इस घर में करीब 20 सदस्य रह रहे थे, जिनमें छोटे-छोटे बच्चे, महिलाएं और एक गर्भवती महिला भी शामिल थीं. सौभाग्यवश इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन पूरा परिवार बेघर हो गया. घटना की जानकारी मिलते ही शिक्षक सह समाजसेवी सुधीर कुमार मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता प्रदान की. उन्होंने स्थानीय लोगों को भी जागरूक करते हुए सहयोग की अपील की. कुछ ही देर में पंचायत के मुखिया ब्रह्मदेव भुईंया भी मौके पर पहुंचे और परिवार को ढांढस बंधाया. उन्होंने भरोसा दिलाया कि जब तक नया आवास स्वीकृत नहीं होता, तब तक पंचायत भवन में अस्थायी ठहराव की व्यवस्था की जाएगी. मुखिया प्रतिनिधि नागेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि वर्ष 2024-25 के अबुआ आवास योजना के अंतर्गत दैहर पंचायत को कुल 80 आवंटन प्राप्त हुए हैं, जिसमें कौशल्या देवी (पति महादेव भुइंया) का नाम ग्रामसभा से पारित हो चुका है और प्रखंड स्तर से स्वीकृति भी मिल चुकी है. आवास का जिओ टैग भी किया जा चुका है, लेकिन जिला स्तर पर फंड की पहली किस्त जारी नहीं होने के कारण निर्माण कार्य आरंभ नहीं हो सका. स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि आपदा राहत योजना या आवास योजना के तहत पीड़ित परिवार को अविलंब आर्थिक सहायता और नया आवास उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे फिर से सामान्य जीवन की ओर लौट सकें.

### कांग्रेस का संगठन सृजन कार्यक्रम आयोजित

**हजारीबाग ।** होटल पैराडाइज रिजॉर्ट हजारीबाग में कांग्रेस पार्टी द्वारा एक विशेष संगठन सृजन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में झारखंड कांग्रेस के सह प्रभारी बेला प्रसाद एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश विशेष रूप से उपस्थित रहे. कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और जिला, अनुमंडल तथा प्रखंड स्तर के नेताओं को प्रशिक्षण देना था. इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के महासचिव विनोद कुशवाहा ने दोनों प्रमुख नेताओं बेला प्रसाद और केशव महतो कमलेश को चांदी के मुकुट से सम्मानित किया और उनके संगठन निर्माण में दिए गए योगदान की सराहना की. विनोद कुशवाहा ने कहा कि इन महानुभावों के नेतृत्व में कांग्रेस का संगठन बूथ स्तर तक मजबूत हो रहा है. प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा ने अपने संबोधन में कहा कि आज का कांग्रेस कार्यकर्ता सिर्फ चुनाव के समय सक्रिय नहीं, बल्कि समाज के हर मुद्दे पर जागरूक और जिम्मेदार बन रहा है.

# उपायुक्त ने फुटबॉल बालिका टीम को किया सम्मानित



संवाददाता ।हजारीबाग

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा आयोजित 64वीं राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम, खेलगांव, रांची में किया गया. इस प्रतियोगिता में हजारीबाग जिले की पीएम श्री के.बी. हाई स्कूल, हजारीबाग की अंडर-17 बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय फाइनल में गुमला की टीम को 7-6 गोल से हराकर चैंपियन का खिताब अपने नाम किया. इस जीत के साथ ही हजारीबाग की टीम अब झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली में होने वाले नेशनल टूर्नामेंट में भाग लेगी.इस उपलब्धि पर उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने उपायुक्त कार्यालय में टीम के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित व सम्मानित किया. साथ ही टीम के कोच एवं मैनेजर को भी सम्मानित किया गया.इस अवसर पर उपायुक्त ने टीम की कप्तान से संवाद करते हुए कहा कि हजारीबाग की बेटियों ने जिला ही नहीं, पूरे राज्य को गौरवान्वित किया है.

**सम्मान** — डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर प्रतियोगिता में बरकाकाना के खिलाड़ियों ने लहराया परचम

# खेल से अनुशासन के साथ नेतृत्व क्षमता विकसित होता हैं : मुस्तफा

संवाददाता ।रामगढ़



डीएवी बरकाकाना में आयोजित दो दिवसीय क्लस्टर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया. इस प्रतियोगिता में बॉक्सिंग और कराटे के क्षेत्र में डीएवी बरकाकाना के छात्र-छात्राओं ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया. इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा माजिद ने सभी विजयी खिलाड़ियों को बधाई दी और कहा की हमारे छात्रों का यह प्रदर्शन उनकी कड़ी मेहनत, लगन और विद्यालय में प्राप्त प्रशिक्षण का परिणाम है. खेलों से न केवल आत्मविश्वास बढ़ता है बल्कि अनुशासन और नेतृत्व के गुण भी विकसित होते हैं.

**डीएवी बरकाकाना का बॉक्सिंग में दमदार प्रदर्शन** - गोल्ड पदक विजेता- कैफ उस्मानी, आयुष राज, असजद रज़ा, अर्नव कुमार, अभिषेक प्रसाद, अदिति, पलक, राखी, सानू सिल्वर पदक विजेता - अंश कुमार, सिद्धांत कुमार, कराटे में बहुआयामी सफलता - गोल्ड पदक विजेता - अर्पण कुमार, आयुष कुमार, नभ रावत, अक्षत शौर्य, उत्कर्ष कुमार, ऋत्विक कुमार, अंश कुमार, वेदिका अग्रवाल, कश्वी मेहता, अमोघ कुमार, राघव शाह, आदित्य राय, आर्या प्रगति, प्रणय भारती, ध्रुव प्रसाद, ऋषभ कुमार, रक्षा रानी, प्राची कुमारी, रेश्मी कुमारी

**सिल्वर पदक विजेता** - कुमार अभिज्ञान, आदित्य राय सिंह , आइसा अहमद, लता कुमारी, राधिका बास्के, अभिनव कुमार, अर्पित कुमार, आयुषी वर्मा, सोनल गुप्ता, अनन्या गुप्ता, रिया सिन्हा, अभिषेक जॉर्ज, कुंदर गौरव, रिद्धि आनंद, आकांक्षा चौधरी,

**ब्रॉन्ज पदक विजेता** - तुषित तुष्या, यशस्वी नारायण, आदित्य सिन्हा, अमोली राज बक्शी,सृष्टि कुमारी, वैष्णवी सहाय, लैबा आलम, टवेशा

जुडो मे भी बेहतर प्रदर्शन -

**स्वर्ण पदक विजेता** - लिशा महाता, ईशा टोप्पो, नव्या बेड़िया, सुहानी कुमारी, अनुभा सिंह और चित्रा कुमारी ने स्वर्ण पदक जीतकर अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय दिया. लड़कों में आदित्य राज, ओम कुमार सिन्हा, आदित्य सिंह और हर्ष कुमार ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय की शान बढ़ाई.

**रजत पदक विजेता** - श्रृष्टि कुमारी, युक्ति, आरोही कुमारी, अक्षया कुमारी, अल्शिफा साबिर, मनन कुमार और राबिउल इस्लाम ने रजत पदक प्राप्त किया.

### मां भद्रकाली अल्ट्रासाउंड सेंटर का हुआ उद्घाटन

**हजारीबाग ।** शहरवासियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक और अहम कदम उठाया गया है. हजारीबाग में मां भद्रकाली अल्ट्रासाउंड सेंटर का भव्य उद्घाटन सोमवार को किया गया. इस अल्ट्रासाउंड सेंटर का शुभारंभ प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सुभाष प्रसाद , डॉ. राहुल कुमार सिंह, डॉ. प्रकाश सिंह, डॉ. पूजा प्रिया के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ. उद्घाटन समारोह में कई गणमान्य लोग और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ भी उपस्थित रहे. यह नया अल्ट्रासाउंड सेंटर हज़ारीबाग़ के रामायण कॉम्प्लेक्स , टावर रोड , नवाबगंज में खुला है. यह अल्ट्रासाउंड आधुनिक तकनीकों और उपकरणों से सुसज्जित है, जिससे मरीजों को सटीक और विश्वसनीय जांच की सुविधा मिलेगी. यहां अल्ट्रासाउंड की जांच डॉ. पूजा प्रिया और डॉ. प्रकाश सिंह के द्वारा की जाएगी, जो इस क्षेत्र में अनुभवी और योग्य चिकित्सक माने जाते हैं.

## एक नजर

### स्वास्थ्य शिविर में कान की सर्जरी व यंत्र वितरण



**कोडरमा।** जिला प्रशासन कोडरमा और इम्पैक्ट इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में रविवार को बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया. झुमरीतिलैया स्थित सीएच हाई स्कूल परिसर में आयोजित शिविर में कुल 535 लोगों ने पंजीकरण कराया. शिविर में बीपी, शुगर जांच समेत विभिन्न सेवाएं निःशुल्क प्रदान की गईं.विशेष रूप से ईएनटी (कान, नाक, गला) सेवा में 152 लोगों की पीटीए जांच की गई. सुनने में असमर्थ 21 लाभार्थियों की सफलतापूर्वक कान की सर्जरी की गई, जबकि 87 लाभार्थियों को निःशुल्क श्रवण यंत्र प्रदान किए गए. 79 मरीजों को अस्पताल में भर्ती किया गया तथा 37 को आगामी सर्जरी के लिए सूचीबद्ध किया गया.शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने समर्पण से सेवाएं दीं. यह स्वास्थ्य शिविर 30 जुलाई तक विभिन्न चरणों में चलेगा. जिला प्रशासन ने आमजन से अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की है और शिविर में पहचान पत्र लाने का अनुरोध किया है.

### दूसरी सोमवारी को निकाला गया कांवर यात्रा



**चंदवारा (कोडरमा)।** सावन माह की दूसरी सोमवारी में तमाम शिवालयों में शिव भक्तों का जमावड़ा लगा है.हर तरफ आस्था और भक्ति की बयार बह रही है. इसी क्रम में सोमवार को चंदवारा में पहली बार कांवर पदयात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. कांवर पदयात्रा को ध्वजाधारी धाम के महंत सह महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री सुखदेव दास जी महाराज, बरही विधायक मनोज यादव, प्रमुख मंजू देवी व उपप्रमुख खुशबू देवी ने संयुक्त रूप से रवाना किया. पदयात्रा में भक्तों ने चंदवारा गौरी नदी से जल लेकर 12 किलोमीटर पैदल चलकर पुतो गांव में स्थित दुमुहानी धाम पहुँचकर शिवलिंग पर जलाभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना की. बता दें कि कावंर पदयात्रा का आयोजन पहली बार किया गया है, जिसमे चंदवारा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया. मौके पर विभाग संयोजक बजरंग दल राजू यादव, विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा राणा, प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी, लक्ष्मण यादव, अज्जू सिंह, पप्पू मोदी, छोटेलाल मोदी, महेंद्र यादव, लीलावती देवी, द्वारिका राणा, संतोष कुशवाहा, प्रदीप सिंह, मनोज राणा, सुषमा सुमन, प्रदीप सुमन, अशोक सिंह, विजय यादव, विजय मोदी सहित हजारो की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे.

### मानदेय वृद्धि की मांग, हड़ताल की दी चेतावनी



**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड के पांडेपुरा स्थित सीआरसी परिसर में राष्ट्रीय मध्याह्न भोजन रसोइया फ्रंट के बैनर तले बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता सुमन देवी एवं संचालन फुलवा देवी ने किया. बैठक में प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों ने अपनी समस्याएं रखते हुए सरकार की नीतियों पर नाराजगी जताई.सुमन देवी ने कहा कि वर्ष 2005 से सेवा दे रहे रसोइयों को आज भी मात्र दो हजार रुपये मानदेय दिया जा रहा है, जो अत्यंत अल्प है. इतने कम राशि में परिवार चलाना असंभव हो गया है. वहीं विभाग की उदासीनता के चलते 4-5 माह पर ही मानदेय भुगतान होता है.फुलवा देवी ने कहा कि रसोइयों को मजदूरों के समान भी पारिश्रमिक नहीं मिल रहा है. यदि जल्द मानदेय में वृद्धि नहीं की गई तो समस्त रसोइया हड़ताल और धरना-प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगी.इस दौरान उषा देवी, दुलारी देवी, सुमित्रा देवी, सीता देवी, संजू देवी सहित सैकड़ों रसोइया मौजूद रहीं. सभी ने एक स्वर में सरकार से सम्मानजनक मानदेय की मांग की.

### कांग्रेस की बैठक, डीसी के व्यवहार पर जताई नाराजगी



**रामगढ़।** स्थानीय साहू धर्मशाला में जिला कांग्रेस कमेटी रामगढ़ की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान ने की. संचालन पंकज प्रसाद तिवारी एवं संजय साव ने संयुक्त रूप से किया. बैठक में रामगढ़ विधायक ममता देवी और प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर भी उपस्थित रहे.बैठक में उपायुक्त रामगढ़ द्वारा जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान के प्रति किए गए अमर्यादित व्यवहार की कड़ी निंदा की गई. नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया और सर्वसम्मति से तय किया कि प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से मिलकर इस मुद्दे पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी.विधायक ममता देवी ने कहा कि कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के सम्मान से कोई समझौता नहीं होगा. आवश्यकता पड़ी तो सरकार स्तर पर भी मामला उठाया जाएगा. वहीं शहजादा अनवर ने चेतावनी दी कि यदि अधिकारियों का ऐसा रवैया जारी रहा, तो आंदोलन किया जाएगा. बैठक में सीपी संतन, बजरंग महतो, मुकेश यादव, सुजीत पटेल, बलराम साहू, संतोष सोनी सहित कई नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### मुक्तिधाम में सावन पूर्णिमा मनाने का निर्णय



**हजारीबाग।** महाकाली मंदिर मुक्तिधाम खिरगांव में श्रद्धालुओं के उपस्थिती में बाबा भूतनाथ मंडली न्यास समिति की बैठक संस्था के अध्यक्ष मनोज गुप्ता के अध्यक्षता में मंदिर प्रागण में हुआ ,जिसमे मुख्य रूप से हर साल की भांति इस साल भी सावन पूर्णिमा का आयोजन धूमधाम से किया जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया . इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि सावन पूर्णिमा में अखंड कीर्तन का आयोजन वर्षों से होता आ रहा है जो इस साल भी होगा . इस अवसर पर संस्था के कोषाध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने कहा कि धामिक कार्य होने से वातावरण का शुद्धिकरण होता रहता है और इस अवसर पर पूजा पाठ,प्रसाद का वितरण भी होता है .इस अवसर पर संस्था के सचिव राजेश यादव ने कहा कि नव निर्मित मंदिर का कार्य बहुत तेजी से हो रहा है और इस धार्मिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर धर्मप्रेमी भाग ले .

## ब्रीफ न्यूज

### बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी रिश्तेदार फरार

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के बगड़ू थाना क्षेत्र से एक मर्माहत करने वाली घटना सामने आई है, जहाँ पर 06 वर्षीय बच्ची के साथ उसके ही रिश्तेदार द्वारा दुष्कर्म करने का प्रयास किया गया. इधर घटना के बाद से आरोपी युवक फरार है और बगड़ू थाना पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है. मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी युवक ने मिठाई खरीदने के बहाने बच्ची को लावापनी द्वार की ओर ले जाकर उसके साथ अनाचार का प्रयास किया. परिजनों को घटना की भनक लगते ही युवक मौके से भाग निकला. बताया जा रहा है कि आरोपी पर पहले से भी आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह हाल ही में जमानत पर जेल से बाहर आया था.

### गुमला शारदा मार्केट के समीप से टेंपो की चोरी

**गुमला।** पालकोट रोड शारदा मार्केट के समीप रोड किनारे खड़ा उर्मी निवासी कृष्णा गुप्ता का टेंपो की सोमवार को दिन के लगभग साढ़े ग्यारह बजे चोरी हो गई. टेंपो मालिक कृष्णा के अनुसार वह लगभग सवा ग्यारह बजे टेंपो खड़ा कर अपने निजी कार्य से मेन रोड गया था. मेन रोड से लगभग पौने बारह बजे वापस लौटा तो देखा कि टेंपो नहीं है. शारदा मार्केट के समीप लगा सरकारी सीसीटीवी खराब है .जहां टेंपो खड़ी थी वहां से अन्य सीसीटीवी का कवरेज नहीं था. घटना की सूचना गुमला थाना को दी गई. एएसआई सुनील कुमार ने टावर चौक में लगे सीसीटीवी कैमरा सीसीआर में जांच की. जिसमें लगभग 11:34 बजे एक पीला तिरपाल लगा टेंपो वहां रुकता है उससे दो लोग खड़ा टेंपो में बैठता है.

### बूढ़ा महादेव मंदिर परिसर में किया गया पौधरोपण

**गुमला ।** भारत विकास परिषद गुमला गुमला के सदस्यों ने सोमवार को बुढ़ा महादेव मंदिर परिसर में अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया. इस अवसर पर लगभग 50 पौधे लगाए गए. पौधरोपण में सेवा निवृत्त प्रधानाध्यापक तेजपाल राम ने महोगनी का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. उन्होंने पर्यावरण के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि ये जलवायु परिवर्तन, मिट्टी कटाव रोकने और शुद्ध हवा देने में पौधरोपण सहायक होगा. अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता और सचिव राकेश कुमार वर्मा ने भी पौधों लगाए और पौधरोपण से होने वाले लाभ की जानकारी दी. उन्होंने लोगों से पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम में परिषद के सदस्य निर्मल गोयल, संजीव उर्वशी, सरजू प्रसाद, राजीव कुमार, मनमोहन सिंह, संदीप कुमार आदि शामिल थे. सावन की दूसरी सोमवारी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने करम टोली बूढ़ा महादेव में जलाभिषेक किया वहीं छत्तीसगढ़ के कलाकारों ने गीत संगीत के माध्यम से लोगों को जागरूक किया.

### बसिया में युवक ने खाया कीटनाशक, हुई मौत

**गुमला ।** बसिया थाना क्षेत्र के तेतरा गांव निवासी 18 वर्षीय प्रकाश तिर्की ने रविवार की शाम चूहा मारने वाला कीटनाशक खा लिया था. सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में रविवार की रात उसकी मौत हो गई. घटना की सूचना पर मृतक के मां भाई और बहन सदर अस्पताल पहुंचे. भाई फिरु तिर्की ने जानकारी देते हुए बताया मेरा भाई गुमला में किराए के मकान में रहता था और मजदूरी करता था वही पालकोट थाना क्षेत्र के ढोलवीर गांव की रहने वाली पूनम कुमारी नामक युवती से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था.

---

उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने 'पंचायत कर गोइठ' में की मुखियाओं से संवाद

# योजनाओं के क्रियान्वयन, गांवों की समस्याओं पर हुई विस्तृत चर्चा

**शुभम संदेश। लोहरदगा**

उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने जिले में संचालित 'पंचायत कर गोइठ' साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत पंचायत प्रतिनिधियों से संवाद स्थापित किया. इस दौरान उन्होंने पंचायतों में चल रही सरकारी योजनाओं की समीक्षा की और उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया.उपायुक्त ने बताया कि पीएम फसल बीमा योजना के तहत किसानों का रजिस्ट्रेशन 31 जुलाई 2025 तक किया जा सकता है. उन्होंने बताया कि जिन किसानों ने केसीसी ऋण लिया है, उन्हें आवेदन की आवश्यकता नहीं है. अन्य किसान मात्र 1 की टोकन मनी देकर योजना




से जुड़ सकते हैं. आवेदन प्रक्रिया प्रज्ञा केंद्र, फसल बीमा केंद्र, एचडीएफसी बैंक या ऑनलाइन पोर्टल से पूरी की जा सकती है. उपायुक्त ने सभी पंचायतों से स्वच्छता सर्वेक्षण-2025 में सक्रिय भागीदारी की अपील की.

उन्होंने कहा कि इससे जिले की स्वच्छता रैंकिंग में सुधार होगा. साथ ही शौचालय के नियमित उपयोग हेतु ग्रामीणों को प्रेरित करने को कहा.मुखियाओं से अपील की गई कि वे अपने पंचायत क्षेत्र में आर्थिक रूप से संपन्न परिवारों को राशन कार्ड सरेंडर करने के लिए प्रेरित करें ताकि पात्र व जरूरतमंद लोगों को योजना का लाभ मिल सके.मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से लाभान्वित महिलाओं से उपायुक्त ने अनुरोध किया कि वे इस सहायता राशि का उपयोग स्वरोजगार या आयवर्धन में करें. उन्होंने यह भी कहा कि तकनीकी दिक्कत आने पर लाभुक जिला प्रशासन से संपर्क करें और बैंक केवाईसी व आधार को अपडेट कराएं.प्रत्येक पंचायत भवन में इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने, महिला व शिशु कल्याण हेतु समिति गठन, प्रवासी मजदूरों की सूची संधारण और डायन प्रथा जैसी कुरीतियों को समाप्त करने हेतु सामूहिक प्रयासों पर भी चर्चा हुई.उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य हर परिवार को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है. यदि कोई परिवार अभी भी वंचित है तो उसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दी जाए.बैठक में जल कर समिति गठन, आंगनबाड़ी केंद्रों की नियमित निगरानी, मनरेगा कार्यों का त्वरित निष्पादन, पशुधन योजना के लाभुकों को पशु शेड उपलब्ध कराने व फसल बीज वितरण जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की गई.

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई इस बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, एसडीओ अमित कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास सहित अन्य अधिकारी, पंचायतों के मुखिया और पंचायत सचिव शामिल हुए.

---

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया 280 छात्रों को किया सम्मानित, कहा

# गरीबी से निकलने का एक ही रास्ता वो शिक्षा है

**शुभम संदेश .रांची**

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने पूर्व पीएम राजीव गांधी की जयंती पर आयोजित राजीव गांधी प्रतिभा सम्मान समारोह के तहत सोमवार को रांची के बेडो स्थित एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय में 280 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया.

सम्मानित होने वाले छात्रों में विशेष रूप से मैट्रिक टॉपर श्रुति कुमारी (94 प्रतिशत), इंटर साइंस टॉपर कल्याणी कुमारी (90 प्रतिशत), इंटर कॉमर्स टॉपर मोनिका कुमारी (76 प्रतिशत), इंटर आर्ट्स टॉपर उषा कुमारी (82 प्रतिशत) सहित बेड़ो प्रखंड के मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा में टॉप करने वाले अन्य मेधावी 280 छात्र छात्राओ के नाम शामिल हैं.

समारोह की बतौर मुख्य अतिथि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने चयनित सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया.मौके पर उन्होंने कहा कि राजीव गांधी प्रतिभा सम्मान ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में सराहनीय पहल



है.यह केवल सम्मान नहीं, बल्कि सफलता की पहली सीढ़ी है.शिक्षा से ही गरीबी और पिछड़ेपन के दलदल से निकला जा सकता है.शिक्षा से ही बेहतर उज्ज्वल भविष्य का मार्ग तय होगा.मंजिल मिलेगी.

मंत्री ने कहा कि राजीव गांधी ने देश को सूचना क्रांति, पंचायती राज और नवोदय विद्यालय जैसे दूरदर्शी फैसले दिए.परंतु नई शिक्षा नीति बगैर तैयारी के थोप दी गई है.

इससे ग्रामीण स्कूलों में अव्यवस्था और संसाधनों की भारी कमी उत्पन्न हो रही है।मंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि वे जाति-धर्म की राजनीति से ऊपर उठकर शिक्षा से नाता जोड़ें.उन्होंने कहा कि ग्रामीण शिक्षा को कमजोर करने वाली ताकतों से सतर्क रहना होगा।समारोह में बेड़ो अंचाधिकारी प्रताप मिंज, प्राचार्य हेंडरिता मिंज, जिला परिषद बेरोनिका कच्छप, उप प्रमुख मुद्दसिर हक, फातिमा तिर्की, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, नवल किशोर सिंह, मुखिया सुशांति भगत, मानकु कुजूर सहित कई अभिभावक, शिक्षक, ग्रामीण प्रतिनिधि मौजूद थे.

### 24 घंटे में तीन लोगों ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गुमला ।** 24 घंटे के भीतर अलग-अलग मामलों में तीन लोगों ने फांसी लगाकर अपना जीवन लीला समाप्त कर लिया. जानकारी के अनुसार गुमला थाना क्षेत्र के डुमरडीह में सीता राम नामक युवक ने एक अमरूद के पेड़ से फंदा बनाकर फांसी लगा लिया. युवक जशपुर जिला के पतराटोली का रहने वाला था. डुमरडीह में अपने मामा के घर में रहता था और लंबे समय से बीमार रहता था. इधर लक्ष्मण नगर निवासी सुरेश गोप की पुत्री रेण कुमारी ने सोमवार दिन के दस बजे अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. सूत्रों के अनुसार मां के फटकार के कारण छात्रा ने खुदकुशी की. वह के ओ कालेज में बीए की छात्रा थी. उधर एक दिन पूर्व चाहा मास्टर तालाब के समीप घाघरा सलामी निवासी मजदूर जीवन साय भगत 25 वर्ष ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर रही.

### गुमला चेंबर की बैठक आज

**गुमला :** गुमला चैंबर आफ कामर्स के पदाधिकारियों की सातवीं मासिक बैठक 22 जुलाई दिन मंगलवार को शाम के 4:30 बजे से बस स्टैंड रोड स्थित चेंबर कार्यालय में होगी. यह जानकारी देते हुए चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया के बैठक में झारखंड फेडरेशन चेंबर के अध्यक्ष परेश गत्तानी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष और उनकी टीम शामिल होंगे. फेडरेशन झारखंड चैंबर से जुड़े सदस्यों को बैठक में भाग लेने का अनुरोध किया है.

---

# गुमला में रिम्स-टू बनाए जाने की सीएम से मांग



**शुभम संदेश। गुमला**

चिह्नित भूमि में रिम्स-टू के निर्माण पर रांची में हो रहे विरोध के बाद गुमला के युवा नेताओं ने उपायुक्त के माध्यम से झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है. जिसमें प्रस्तावित रिम्स-टू का निर्माण गुमला में कराए जाने की मांग की है. सोमवार को उपायुक्त के नाम सौंपे गए ज्ञापन में गुमला के युवा नेता देवेंद्र लाल उरांव, अमित साहु, निशांत तिर्की, सूरज कुमार, शनि कुमार, प्रकाश साहु, मेनाल केसरी, आशीष कुजूर आदि ने कहा है कि दक्षिण छोटानापुर प्रमंडल का गुमला जिला आदिवासी बाहुल्य है और क्षेत्रफल के दृष्टकोण से भी बड़ा है. छत्तीसगढ़ के मरीज भी इलाज कराने गुमला सदर अस्पताल आते हैं. गुमला सदर अस्पताल में ओपीडी में औसतन दो से तीन सौ रोगी इलाज कराने आते हैं. यहां बेड और डाक्टर की संख्या कम होने के कारण रोगियों का समुचित इलाज नहीं हो पाता है. डाक्टर मरीज को रिम्स रेफर करते हैं. गुमला से रिम्स की दूरी सौ किलोमीटर है. जिस कारण मरीज की जान भी जाती है. युवाओं ने रिम्स- टू को गुमला में बनाए जाने की मांग की है.

# 11.10 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन युवक गिरफ्तार, गया जेल

**शुभम संदेश। गुमला**

गुमला के करम डीपा स्थित जाली फैक्ट्री के पीछे ब्राउन शुगर का खरीद बिक्री कर रहे खोरा गांव के तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया. गिरफ्तार युवकों में नीतेश लाल साहु पिता भीम साहु, अभिषेक दास पिता अक्षय दास, सूरज सिंह पिता गजेंद्र सिंह के नाम शामिल है. तीनों युवक खोरा का रहने वाला है. गिरफ्तार युवकों के पास से पुलिस ने 11.1 ग्राम ब्राउन शुगर, काला रंगा का एक स्कूटी, नीतेश लाल के पास से 9,200 रुपये, तीन मोबाइल, एक वेट मशीन और एक चांदी जैसा चैन जब्त किया है. एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि करमडीपा के समीप ब्राउन शुगर खरीद बिक्री की एसपी को गुप्त सूचना मिली थी. जिसके सत्यापन के लिए उनके नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक महेंद्र



करमाली, एसआई संजीवन उरांव, एएसआई सुनील कुमार ने संदिग्ध स्थल की घेराबंदी की. पुलिस को देखकर कुछ लोग भागने का प्रयास किया. पुलिस ने स्कूटी संख्या जेएच 07 एल 3141 में बैठे तीन व्यक्ति को अपने कब्जे में ले लिया और तीनों से पूछताछ की गई. नीतेश के पास से दो ग्राम ब्राउन शुगर व 9200 रुपये, अभिषेक दास के पास से 6.20 ग्राम ब्राउन शुगर, सूरज सिंह के पास से 2.90 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त किया गया. पकड़े गए युवकों ने बताया कि वे लोग नए पीढ़ी के युवाओं को चार हजार रुपये प्रति ग्राम ब्राउन शुगर बेचते हैं. पुलिस ने पूछताछ में और भी महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की है और इनके निशानदेही पर ब्राउन शुगर के कारोबारी की तलाश कर रही है.

---

**आक्रोश** जर्जर सड़क बनी हादसों की वजह, सीसीएल प्रबंधन से की मरम्मती की मांग

# राय-बचरा का मुख्य मार्ग खतरनाक गड्ढों में तब्दील

**अशोक सिंह ।पिपरवार**

सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला राय-बचरा का एकमात्र मुख्य मार्ग आज बेहद जर्जर और खतरनाक स्थिति में पहुंच चुका है. यह सड़क लगभग आधा किलोमीटर तक बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.सबसे खराब स्थिति राय आरसीएम साइडिंग के समीप की देखी जा रही है, जहां सड़क पूरी तरह टूट चुकी है और उसमें बरसात का पानी जमा हो गया है. इससे गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता और लोग वाहन चलाते समय गिरकर घायल हो रहे हैं.स्थानीय लोगों के



अनुसार यह मार्ग बचरा पेट्रोल पंप से लेकर राय स्वामी नगर चौक तक लगभग आधा किलोमीटर से अधिक की दूरी में पूरी तरह बदहाल हो चुका है. यही मार्ग राय से चुरी, डकरा, खलारी समेत अन्य क्षेत्रों को जोड़ता है और राय रेलवे स्टेशन तक पहुंचने का भी प्रमुख रास्ता है.

**कोल वाहनों से बढ़ी समस्या, आम जनता की अनदेखी :** इस मार्ग से प्रतिदिन दर्जनों यात्री बसें और भारी कोल वाहन गुजरते हैं, जिससे सड़क की स्थिति और भी बदतर होती जा रही है. स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सीसीएल प्रबंधन ने पिछले वर्ष केवल ट्रांसपोर्टिंग के लिए कुछ दूरी तक सड़क की मरम्मती कराई थी, लेकिन आम लोगों के आवागमन वाले हिस्से को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया.

**सड़क हादसों का बढ़ा खतरा :** बरसात के मौसम में सड़क पर जलजमाव से वाहन चालकों को गड्ढों का अनुमान नहीं लग पाता, जिससे दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं. ग्रामीणों ने बताया कि कई लोग गिरकर गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है.

**स्थानीयों की सीसीएल से गुहार :** दर्जनों गांवों को जोड़ने वाला यह मुख्य मार्ग अब अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है. ग्रामीणों ने सीसीएल पिपरवार प्रबंधन से मांग की है कि वे अविलंब इस सड़क की मरम्मती कराएं ताकि आम जनता सुरक्षित और सुगम यात्रा कर सके.ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द सड़क की मरम्मत नहीं की गई, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे. उनका कहना है कि सड़क केवल कोल परिवहन के लिए नहीं, बल्कि आम नागरिकों के जीवन से जुड़ी प्राथमिक आवश्यकता है, जिसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए.

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, एक घायल

**बुढ़मू ।** ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के कांशीटोला गांव के समीप रविवार की देर शाम दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौत घटनास्थल में ही हो गई। वही एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल है .जिसका इलाज रिम्स में हो रहा है. जानकारी के अनुसार सोबा गांव निवासी धर्मपाल मुंडा खखरा की ओर जा रहा था. इसी बीच विपरीत दिशा से आ रहे बेड़वारी निवासी शेखर महतो के बाइक से भिड़ंत हो गई. घटना में धर्मपाल मुंडा की मौत हो गई. वहीं शेखर महतो गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी सिद्धांत ने घायल को इलाज के लिए रिम्स भेजा. वहीं दोनों बाइकों को जब्त कर लिया। सोमवार को मृतक का पोस्टमार्टम करने के बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया. उधर घटना के बाद गांव में मातम पसरा है. लोगों पीडित परिवार को ढांढस दे रहे है.

---

## एक नजर

### सावन की दूसरी सोमवारी पर अखिलेश्वर में उमड़े श्रद्धालु



**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा व आसपास के क्षेत्र की बड़ी संख्या में लोग भंडरा के अखिलेश्वर धाम में पूजा अर्चना के लिए पहुंचे शिवालयों में शिव भजनों से सोमवार को आसपास का क्षेत्र भक्तिमयी हो उठा इस अवसर पर कई मंदिरों में भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया जहां श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की कई पूजा कमेटी की ओर से श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण भी किया गया इस अवसर पर शहर व ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों को आकर्षक तरीके से सजाया गया है दूसरी सोमवारी की सुबह मंदिर का पट खुलते ही जलार्पण शुरू हो गया भंडरा के अखिलेश्वर धाम पूरी तरह से भगवामय हो चुकी है. श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के मद्देनजर पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा-व्यवस्था के खास इंतजाम किये गए.

### कैफे व कैटरिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटी गुमला की महिलाएं



**गुमला।** झारखंड राज्य आजीविका मिशन के तहत महिला समूह के सदस्यों का दस दिवसीय कैफे व कैटरिंग सेवा का सातवां बैच इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट रांची में संपन्न हुआ. सातवां बैच में सिसई और डुमरी प्रखंड के पांच स्वयं सहायता समूह के महिला सदस्यों ने भाग लिया. महिला सदस्यों को समय के अनुकूल आधुनिक तरीके से कैफे का संचालन, कैटरिंग सेवा, स्वच्छता, ग्राहक सेवा, किचन प्रबंधन और उद्यमिता से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया. उन्हें प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया. प्रशिक्षण से महिला सदस्यों का न केवल उनके व्यक्तिगत विकास हुआ उन्हें स्वरोजगार के नए अवसर हासिल करने में सहायक होगा. महिला सदस्य आत्मनिर्भरता की ओर एक कदम आगे बढ़ाएगी. यह न केवल उन्हें सशक्त बनाएगा बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा. जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा.

### पारिवारिक विवाद,पति ने कीटनाशक खाकर दी जान

**गुमला।** कुरूम गढ़ थाना क्षेत्र के सकसारी गांव निवासी बलिराम लोहरा ने रविवार की शाम 7 बजे चूहा मारने वाला कीटनाशक का खा लिया. स्थिति खराब होने पर परिजन तत्काल उसे सदर अस्पताल लेकर आए. जहां उसका इलाज चल रहा है. जानकारी के मुताबिक युवक की पत्नी करीब तीन माह से अपने मायके में रह रही है. पति भी उसके साथ ही रहता है. रविवार को पत्नी को अपने घर चलने की बात कही. पत्नी ने कहा जब तुम शराब पीना छोड़ दोगे तब तुम्हारे साथ जाऊंगी. पत्नी आठ माह की गर्भवती है और वह खुद भी शराब पीती है. पति द्वारा उसे शराब पीने की बात कहने पर बोली तुम शराब पीना छोड़ दोगे तो मैं भी छोड़ दूंगी. इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ. जिसके बाद पति क्रोधित हो गया और घर में रखा चूहे मारने वाला कीटनाशक खा लिया. फिलहाल सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है.

### फूड इंस्पेक्टर ने तीन दुकानों से छह हजार का जुर्माना वसूला

**गुमला ।** जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता ने सोमवार को रायडीह प्रखंड क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं तम्बाकू उत्पादों की जांच की. जिनके प्रतिष्ठानों में जांच की गई उनमें सूरज कुमार सिंह, लक्ष्मी लाइन होटल, गुप्ता ढाबा, होटल नमन, नीलेश, दुर्गा गुप्ता और प्रवीण खेरवार के प्रतिष्ठान शामिल हैं. लाइसेंस नहीं होने के कारण खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 के उल्लंघन तथा स्वच्छता में लापरवाही के मामले में लक्ष्मी लाइन होटल, होटल नमन व नीलेश तीन प्रतिष्ठान संचालक से छह हजार रुपये का जुर्माना किया. होटल नमन, नीलेश और दुर्गा गुप्ता के रस गुल्ला की ऑन-द-स्पॉट स्टार्च जांच की गई, जो मानक के अनुरूप सुरक्षित पाए गए. इस दौरान अधिकारी ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुलमुंडा एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय बक्सरपुर के बच्चों के बीच कम नमक, तेल और चीनी खाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया. छात्रों एवं शिक्षकों को संतुलित आहार व स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया. साथ ही मिड-डे मील और किचन निरीक्षण कर खाद्य सामग्री के सैंपल लिए गया. प्रवीण खेरवार के प्रतिष्ठान में जलेबी में अखाद्य रंग पाए जाने पर उसे तत्काल नष्ट कराया गया. अभियान को सफल बनाने में कंप्यूटर ऑपरेटर प्रियांशु कुमार, सूरज कुमार की सक्रिय भूमिका रही.

### समावेशी शिक्षा संघ की बैठक में कोर्ट जाने का निर्णय



**रांची।** झारखंड समावेशी शिक्षा रिर्सोस शिक्षक थेरेपिक संघ की बैठक सोमवार को नीलंबर पितांबर पार्क में हुई. बैठक में सर्वोच्च न्यायालय वाद संख्या डब्ल्यूपीसी 132/2016 में रजनीश कुमार पांडे व अन्य बनाम् भारत सरकार मामले में भारतीय पुनर्वास परिसर के तहत दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं. विशेष शिक्षक का वेतनमान एवं नियमितीकरण के आदेश के बावजूद इस विषय पर सरकार गंभीर नहीं है. समावेशी शिक्षक संघ ने योग्यता सह वरीयताक्रम में कार्यरत 211 विशेष शिक्षकों का समायोजन के वैध प्रमाण पत्र केआधार पर नियमितीकरण नहीं किये जाने पर सुप्रीम कोर्ट जाने का निर्णय लिया. बैठक में प्रतीमा देवी, झूमा सरकार, हैदर रज्जा, मनोज महतो, गिरधारी महतो, वासुदेव गंझू, अरुण कुमार, प्रसन्नजीत नाग, मृत्युंजय प्रसाद, चैताली पाठक व सुषमा इत्यादि शामिल थे.

### कोयलांचल क्षेत्र के शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में सावन माह की दूसरी सोमवारी को शिवभक्ति का उत्साह चरम पर रहा. बचरा चार नंबर चौक स्थित जय बाबा सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर सहित क्षेत्र के अन्य शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी.श्रद्धालु भक्तों ने मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और क्षेत्र की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की. बचरा शिव मंदिर के मुख्य पुजारी शिवनंदन पांडेय ने विधिवत पूजा अर्चना कराई. मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी.बेंती शिव मंदिर सहित डुण्डू, बमने, बहेरा, किचटो, बिलारी, चिरैयांटांड़, कारो और राय कोलियरी समेत अन्य गांवों के शिवालयों में भी भक्तों की भीड़ देखी गई.शाम को बचरा शिव मंदिर में श्रद्धालुओं के बीच खीर महाप्रसाद का वितरण किया गया. मंदिर प्रांगण हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजता रहा और पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा रहा.

### अमला टोली शिव मंदिर से कावड़ यात्रा निकाली गई

**लोहरदगा ।** सावन मास के शुभ अवसर पर बजरंग दल अमला टोली शिव मंदिर के द्वारा शंख नदी से पतरा टोली, सइडिंग, पावर गंज, अमला टोली होते हुए बड़ा तालाब शिव मंदिर प्रांगण में जल अभिषेक किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष राजकुमार साहू ने कहा कि भगवान भोलेनाथ ने समुद्र मंथन में निकले विष को स्वंय ग्रहण कर संसार को अमृत प्रदान किया। वे नीलकंठ कहलाए और अपनी जटाओं में गंगा को धारण कर यह संदेश दिए की शीतल मन और शांत चिंत से ही विजय प्राप्त होती है। भगवान शिव सभी को एक दृष्टि से देखते हैं। और श्रावण मास में जलाभिषेक करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती है और शिव की कृपा प्राप्त होती है। सैकड़ो की संख्या भक्तों ने गगनभेदी जयकारों के साथ यात्रा में हिस्सा लिया और हर-हर महादेव की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया। मौके पर उपस्थित, विजय खत्री, सचिन कुमार साहू, रितेश साहू, सुनील अग्रवाल, सन्नी साहू, गुड्डू साहू, आकाश बर्मा, मुरारी भैया, लाल साहू,गोलू साहू, कार्तिक विश्वकर्मा, राजू विश्वकर्मा, विक्की विश्वकर्मा, अक्षत साहू, शशि तिवारी, अनुभव कसकर, नीरज साहू, प्रद्युमन पाठक, प्रदीप साहू, बजरंग साहू, श्याम साहू, संदीप साहू, प्रमोद प्रजापति, शिवम साहू, आर्यन गुप्ता, करण गुप्ता,इत्यादि शिव भक्त उपस्थित थे.

मंथन

## शिक्षा में समावेशिता की ओर आगे बढ़ता झारखंड

झारखंड सरकार द्वारा 10वीं पास छात्रों को मेडिकल और इंजीनियरिंग जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग देने का निर्णय निश्चित ही सराहनीय व दूरदर्शी पहल है. खासतौर पर अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग के बच्चों के लिए यह योजना सामाजिक न्याय और शैक्षणिक सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर बन सकती है. रांची स्थित पुराने कल्याण विभाग भवन में इस कोचिंग की शुरुआत की जा रही है, जहां आवास, भोजन और शिक्षण की व्यवस्था सरकार द्वारा की जाएगी. यह केवल कोचिंग नहीं बल्कि वंचित वर्ग के होनहार छात्रों के लिए एक ऐसा मंच है जो उन्हें राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने लायक बनाएगा. विशेष बात यह है कि कोचिंग में केवल जैक बोर्ड ही नहीं, बल्कि सीबीएसई और आईसीएसई के बच्चों को भी शामिल किया जाएगा, जिससे योजना की समावेशिता बढ़ेगी. सरकार द्वारा 12वीं पास छात्रों को भी योजना में शामिल करने पर विचार किया जाना इस बात का संकेत है कि यह पहल स्थायी और व्यापक नीति का रूप ले सकती है. कल्याण मंत्री द्वारा दिल्ली के कोचिंग संस्थानों का दौरा करना और उन संस्थानों को संचालन की जिम्मेदारी सौंपने की दिशा में टेंडर जारी करना दर्शाता है कि सरकार इसकी गुणवत्ता से समझौता नहीं करना चाहती. यह आवश्यक है कि इस योजना का क्रियान्वयन पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ हो. प्रवेश परीक्षा की प्रक्रिया, मेरिट लिस्ट का निर्धारण और चयन निष्कलंक होना चाहिए. यदि इस पहल को सही दिशा और निगरानी मिली, तो यह झारखंड में सामाजिक रूप से वंचित वर्ग के लिए शिक्षा के माध्यम से प्रगति का द्वार खोल सकती है.

नजरिया

## मानव और गजराज का बढ़ता संघर्ष बड़ी चुनौती

लातेहार जिला मुख्यालय में जंगली हाथी के आने की घटना वन्यजीव प्रबंधन की विफलता की ओर संकेत करती है, बल्कि यह मानव-हाथी संघर्ष की बढ़ती समस्या को भी उजागर करती है. झुंड से बिछड़ने के बाद हाथी का ग्रामीण और शहरी इलाकों में आतंक मचाना चिन्ताजनक है. घरों का ध्वस्त होना, अनाज की लूट और लोगों में भय का माहौल यह दर्शाता है कि अब हाथियों का जंगलों से बाहर आना सामान्य होता जा रहा है. हाथी के शहरी क्षेत्र में प्रवेश करते ही वन विभाग ने सक्रियता तो दिखाई, लेकिन लोगों की भीड़ और शोर-शराबे ने हालात को और बिगाड़ दिया. यह अपील कि लोग शांति बनाए रखें और हाथी को जंगल की ओर लौटने का रास्ता दें, बेहद आवश्यक है. अफसोस है कि आमजन जिज्ञासा या रोमांचवश मौके पर पहुंचकर स्थिति को और जटिल बना देते हैं. यह घटना सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर जंगलों में हाथियों के भोजन और आश्रय की क्या स्थिति है? लगातार जंगलों की कटाई, खनन और विकास परियोजनाओं के कारण वन्यजीवों का दायरा सिकुड़ता जा रहा है, जिससे वे इंसानी बस्तियों की ओर बढ़ते हैं. सरकार और वन विभाग को चाहिए कि ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए दीर्घकालिक रणनीति तैयार करें. साथ ही जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगों को यह समझाना होगा कि वन्यजीवों से कैसे सुरक्षित दूरी बनाई जाए. अन्यथा आने वाले समय में ऐसी घटनाएं और भी भयावह रूप ले सकती हैं.

# धन-धान्य योजना से संवरेगी खेती-बाड़ी

अरविंद जयतिलक

**धन धान्य योजना देश के 100 जिलों के किसानों को लाभ पहुंचाएगी.**



**प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को हर वर्ष छह हजार रुपए की आर्थिक मदद दी जा रही है. इसी क्रम में पीएम धन धान्य कृषि योजना से कृषि और किसानों की सेहत संवरेगी, इसकी उम्मीद जरूर की जानी चाहिए.**

केंद्र की मोदी सरकार द्वारा पीएम धन-धान्य योजना का शुभारंभ कृषि को लाभकारी और किसानों की आर्थिक सेहत सुधारने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है. छः साल तक चलने वाली इस योजना के लिए प्रति वर्ष 24000 करोड़ की धनराशि आवंटित कर दी गई है जिसके तहत देश के सर्वाधिक पिछड़े 100 जिलों के 1.70 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित होंगे. अच्छी बात यह है कि इसमें 36 मौजूदा योजनाओं को भी जोड़ा जाएगा जिससे कृषि क्षेत्र में आमूलचूल सुधार की संभावना प्रबल होगी. इस योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादकता बढ़ाने, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने, पंचायत और प्रखंड स्तर पर फसलों की कटाई के बाद भंडारण क्षमता में वृद्धि, सिंचाई सुविधाओं में सुधार, लचीली ग्रामीण आजीविका का निर्माण के अलावा लांग एवं शॉर्ट टर्म लोन उपलब्ध कराना है. निःसंदेह इस पहल से छोटे व सीमांत किसानों की आय बढ़ेगी तथा कृषि को भी आधुनिक तकनीकी से जोड़ने में मदद मिलेगी.

गौर करें तो वर्ष 2014 में केंद्र में जब नरेंद्र मोदी की सरकार बनी तभी से कृषि और किसान सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में शामिल हैं. यह तथ्य है कि कृषि विकास औद्योगिक विकास की तुलना में दोगुनी तेजी से गरीबी को कम करता है. उदाहरण के लिए कृषि उत्पादन में एक प्रतिशत की वृद्धि औद्योगिक उत्पादन में 0.5 प्रतिशत और राष्ट्रीय आय में 0.7 प्रतिशत की वृद्धि करती है. इसे ध्यान में रखते हुए ही सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य की गणना करते समय ए2$ एफएल फॉर्मूला को अपनाया . वर्ष 2014 तक जो कृषि बजट 25000 करोड़ से भी कम हुआ करता था, वह आज बढ़कर 1.37 लाख करोड़ तक पहुंच गया है. वर्ष 2014 से पहले जो कृषि क्षेत्र संकटग्रस्त और घाटे का सौदा हुआ करता था वह आज मुनाफे के सौदे में तब्दील हो रहा है. भारत का कृषि निर्यात 50 बिलियन डॉलर की ऐतिहासिक ऊंचाई छू चुका है. सरकार की कोशिश डिजिटल तकनीक के जरिए कृषि को बढ़ावा देकर किसानों की माली मालत में बदलाव लाना है. इसके लिए सरकार डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को तैयार कर रही है. इसके जरिए किसानों को फसलों के बारे में जानकारी देने, कौन-सी फसलें उगाई जाएं, फसलों की देखभाल कैसे हो, लोन एवं बीमा, फसल आकलन, बाजार की जानकारी और कृषि तकनीक उद्योग के विकास को समर्थन और स्टार्ट-अप्स को मदद के माध्यम से एक समावेशी विकास केंद्रित समाधान संभव हो पाना आसान होगा. सरकार ने 2023-24 में किसानों की माली हालत सुधारने और कृषि क्षेत्र का विस्तार करने के निमित्त 25.48 लाख करोड रुपए का कृषि ऋण वितरित की है. इसका मकसद प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के अलावा कृषि स्टार्टअप के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करने, कृषि में डिजिटल तकनीक और स्टोर क्षमता में इजाफा करना है. सरकार कृषि ऋण के लक्ष्य को पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन से जोड़ दिया है. किसानों की आमदनी बढ़े और देश के नागरिकों का स्वास्थ्य बेहतर हो इसके लिए सरकार लगातार किसानों को मोटे अनाज के उत्पादन के लिए प्रोत्साहित कर रही है.

इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने मोटे अनाज को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने के लिए वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किया. इस कवायद से देश के किसानों में मोटे अनाज के उत्पादन में दिलचस्पी बढ़ी है. चूंकि कृषि, कार्यबल के सबसे बड़े भाग को समाहित करती है इसलिए कृषि और किसानों की आय पर ध्यान केंद्रित करना समग्र अर्थव्यवस्था के दीर्घकालिक उच्च विकास को सुनिश्चित करने का शानदार तरीका माना जाता है. इसे ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2016 में देश के किसानों की आय दोगुनी करने का नेक इरादा जाहिर किया. सरकार द्वारा अपनायी गयी व्यापार और विपणन नीतियां किसानों की आय की वृद्धि का संवाहक बन रही हैं. सरकार ने एक स्थिर मूल्य निर्धारण नीति को आयाम दिया है जिससे कृषि फसलों के वाजिब मूल्य मिलने शुरु हो गए हैं. सरकार किसानों की आय में वृद्धि के लिए हर वर्ष कृषि उपजों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि कर रही है. वर्ष 2014 में जब केंद्र में नरेंद्र मोदी की नेतृत्ववाली सरकार बनी तो गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य तकरीबन 1200 रुपए प्रति क्विंटल था. आज बढ़कर 2425 रुपए हो गया है जो दोगुने से भी अधिक है. इसी तरह 2014-15 में धान का समर्थन मूल्य 1360 रुपए था जो आज बढ़कर 2389 रुपए हो गया है.

सरकार ने देश के किसानों की आय में वृद्धि के लिए राष्ट्रीय कृषि बाजार को नया आयाम दिया है. इसके लिए उसने किसानों के हित में कई दर्जन योजनाओं को मूर्त रुप दिया है. उदाहरण के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के जरिए 'हर खेत को पानी' योजना चल रही है जो किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है. आज की तारीख में किसानों को सरकारी बैंकों से कम ब्याज दर पर ऋण मिल रहा है. सरकार ने किसान क्रेडिट कार्य योजना की सुविधा उपलब्ध कराकर किसानों की तात्कालिक पैसे की समस्या को खत्म कर दिया है. इस योजना के तहत किसानों को सस्ती ब्याज दरों पर लोन की सुविधा उपलब्ध है. इस योजना का असर यह हुआ है कि जो किसान पैसे के अभाव में अपनी खेती की शुरुआत नहीं कर पाते थे, वह आज किसान क्रेडिट कार्ड की मदद से एक वर्ष में तीन फसलों का उत्पादन करके अपनी आय को दोगुना कर रहे हैं. दूसरी ओर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आया है. केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानों को आच्छादित कर किसानों की चिंताएं दूर कर दी है. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को हर वर्ष 6000 रुपए की आर्थिक मदद 2000 रुपए की तीन समान किस्तों में दी जा रही है. इसी क्रम में पीएम धन-धान्य कृषि योजना से कृषि और किसानों की सेहत संवरेगी, इसकी उम्मीद जरुर की जानी चाहिए.

आज का इतिहास

1918 : भारत के पहले कुशल पायलट इन्द्रलाल राय प्रथम विश्वयुद्ध के समय लंदन में जर्मनी से हुई लड़ाई में मारे गए.
1947: भारत का राष्ट्रीय ध्वज को भारत के संविधान द्वारा अपनाया गया.
1969 : सोवियत संघ ने स्पूतनिक 50 और मोलनिया 112 संचार उपग्रहों का प्रक्षेपण किया.
1981 : भारत के पहले भूस्थिर उपग्रह एप्पल ने कार्य करना शुरू किया.
1988 : अमेरिका के 500 वैज्ञानिकों ने पेंटागन में जैविक हथियार बनाने के शोध का बहिष्कार करने की प्रतिज्ञा ली.
1999 : अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा समान कार्य के लिए समान पारिश्रमिक की कार्य योजना लागू.
2009: सदी का सबसे लंबा पूर्ण सूर्यग्रहण था.
2012: प्रणब मुखर्जी भारत के 13वें राष्ट्रपति निर्वाचित किए गए.

## प्रचार के लिए किया गया पुण्य कभी पुण्य नहीं कहलाता

चिंतन

एक बार राजा भोज गहरी निद्रा में सोये हुए थे. उन्हें उनके स्वप्न में एक अत्यंत तेजस्वी वृद्ध पुरुष के दर्शन हुए. राजन ने उनसे पूछा-महात्मन! आप कौन हैं? वृद्ध ने कहा- राजन मैं सत्य हूं और तुझे तेरे कार्यों का वास्तविक रूप दिखाने आया हूं. मेरे पीछे-पीछे आ और अपने कार्यों की वास्तविकता को देख! राजा भोज उस वृद्ध के पीछे चल दिए. राजा भोज बहुत दान, पुण्य, यज्ञ, व्रत, तीर्थ, कीर्तन करते थे, उन्होंने अनेक तालाब, मंदिर, कुएं, बगीचे आदि भी बनवाए थे. राजा के मन में इन कार्यों के कारण अभिमान आ गया था. वृद्ध पुरुष के रूप में आए सत्य ने राजा भोज को अपने साथ उनकी कृतियों के पास ले गया. वहां जैसे ही सत्य ने पेड़ों को छुआ, सब एक-एक करके सूख गए, बागीचे बंज़र भूमि में बदल गए. राजा देखते ही आश्चर्यचकित रह गया. फिर सत्य राजा को मंदिर ले गया. सत्य ने जैसे ही मंदिर को छुआ, वह खंडहर में बदल गया. वृद्ध ने राजा के यज्ञ, तीर्थ, कथा, पूजन, दान आदि के लिए बने स्थानों, व्यक्तियों, आदि चीजों को ज्यों ही छुआ, वे सब राख हो गए. सत्य ने कहा- राजन! यश की इच्छा के लिए जो कार्य किये जाते हैं, उनसे केवल अहंकार की पुष्टि होती है, धर्म का निर्वहन नहीं. सच्ची सद्भावना से निस्वार्थ होकर कर्तव्यभाव से जो कार्य किये जाते हैं, उन्हीं का फल पुण्य के रूप मिलता है और यही पुण्य फल का रहस्य है.

इतना कहकर सत्य अंतर्धान हो गए. राजा ने निद्रा टूटने पर गहरा विचार किया और सच्ची भावना से कर्म करना प्रारंभ किया, जिसके बल पर उन्हें ना सिर्फ यश-कीर्ति की प्राप्ति हुई बल्कि उन्होंने बहुत पुण्य भी कमाया.

मित्रों, सच ही तो है, सिर्फ प्रसिद्धि और आदर पाने के नज़रिए से किया गया काम कभी पुण्य नहीं देता. हमने देखा है कई बार लोग सिर्फ अखबारों और न्यूज़ चैनल्स पर आने के लिए लोग झाड़ू उठा लेते हैं या किसी गरीब बस्ती का दौरा कर लेते हैं, ऐसा करना पुण्य नहीं दे सकता, असली पुण्य तो हृदय से की गयी सेवा से ही उपजता है, फिर वो चाहे हज़ारों लोगों की की गयी हो या बस किसी एक व्यक्ति की.


इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. #GalaxyF36
2. #IndiaGoHiFAI
3. #MondayMotivation
4. #MonsoonSession2025
5. #10YearsOfCreta
6. श्री मल्लिकार्जुन खड़गे
7. मुंबई ट्रेन
8. 2006 Mumbai
9. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
10. Pak In Debt

# बहुरंग

## रिलीज से पहले फिल्म में करने होंगे कई अहम बदलाव, केंद्रीय समिति ने दिए निर्देश




**फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' को लेकर चल रहे विवाद पर बड़ा अपडेट सामने आया है. दिल्ली हाई कोर्ट के निर्देश के बाद बनी एक केंद्रीय समिति ने फिल्म के कंटेंट को लेकर कई अहम सुझाव दिए हैं और निर्माता-निर्देशकों से कहा है कि इन बदलावों को रिलीज से पहले अनिवार्य रूप से लागू किया जाए. फिल्म में कुछ बदलाव करने के लिए कहा गया है, जिसके बाद ही फिल्म को रिलीज के लिए हरी झंडी मिल पाएगी.**

**समिति ने बताए कुल 6 बदलाव :** सूत्रों के मुताबिक, समिति ने फिल्म में कुल छह बड़े बदलाव सुझाए हैं. सबसे पहले तो फिल्म के डिस्क्लेमर को लेकर आपत्ति जताई गई है. समिति ने फिल्म के मौजूदा डिस्क्लेमर में बदलाव करने के लिए कहा है. इसके अलावा, फिल्म में कुछ विशेष व्यक्तियों को धन्यवाद देने वाले क्रेडिट फ्रेम्स को भी हटाने के निर्देश दिए गए हैं.

**एआई सीन को लेकर भी आपत्ति :** फिल्म में एक एआई जनरेटेड सीन को लेकर भी आपत्ति जताई गई है, जो कथित रूप से सऊदी अरब जैसे देशों की सजा दिए जाने की शैली को दिखाता है. समिति ने इस सीन को पूरी तरह से हटाने या जरूरत के मुताबिक बदलाव करने का सुझाव दिया है. समिति का मानना है कि ऐसे सीन ना सिर्फ संवेदनशीलता को आहत कर सकते हैं बल्कि दर्शकों के बीच गलत संदेश भी फैला सकते हैं.

**नूतन शर्मा के डायलॉग्स को हटाने का निर्देश :** इसके साथ ही, फिल्म में 'नूतन शर्मा' नाम के किरदार को लेकर भी बड़ा फैसला लिया गया है. समिति ने साफ कहा है कि इस किरदार का नाम बदला जाए और उससे संबंधित सभी डायलॉग्स को हटाया जाए. खासतौर से वो वाला डायलॉग जिसमें धार्मिक ग्रंथों का उल्लेख किया गया है. समिति ने उसे तुरंत हटाने के निर्देश दिए गए हैं. समिति के मुताबिक ये डायलॉग न सिर्फ धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा सकता है बल्कि सामाजिक तनाव भी पैदा कर सकता है.

**बलोच समुदाय से जुड़े डायलॉग्स को भी हटाने का सुझाव :** इसके अलावा, समिति ने फिल्म में बलोच समुदाय से जुड़े कुछ डायलॉग्स को भी हटाने की सिफारिश की है. उनका कहना है कि इन डायलॉग्स से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संवेदनशीलता का उल्लंघन हो सकता है और इससे भारत की कूटनीतिक छवि को भी नुकसान पहुंच सकता है. केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने इन सभी सिफारिशों को गंभीरता से लिया है और निर्माताओं को साफ निर्देश दिए हैं कि फिल्म को तब तक पब्लिक या व्यावसायिक रूप से जारी नहीं किया जा सकता जब तक ये सभी परिवर्तन नहीं किए जाते.

**क्या है 'उदयपुर फाइल्स' को लेकर विवाद :** 'उदयपुर फाइल्स' फिल्म जून 2022 में हुए दर्जी कन्हैयालाल की निर्मम हत्या पर बेस्ड है, जिसे उदयपुर में धार्मिक कट्टरता के चलते जान से मार दिया गया था. फिल्म का टीजर सामने आने के बाद ये विवादों में घिर गई, क्योंकि इसमें दिखाए गए कुछ सीन और डायलॉग्स को लेकर आरोप लगे कि ये मुस्लिम समुदाय के खिलाफ नफरत फैलाने वाली है. इस फिल्म को 10 जुलाई को रिलीज किया जाना था लेकिन दिल्ली हाई कोर्ट ने 10 जुलाई को निर्देश जारी कर फिल्म की रिलीज पर रोक लगाई और एक केंद्रीय समिति गठित की.

**फिल्म की स्टारकास्ट :** 'उदयपुर फाइल्स' की स्टारकास्ट पर नजर डालें तो इसमें विजय राज मुख्य भूमिका में हैं, जो कन्हैया लाल का किरदार निभा रहे हैं. रजनीश दुग्गल एक इंटेलिजेंस ब्यूरो अधिकारी इश्वर सिंह के रूप में नजर आएंगे, जबकि उनकी पत्नी और पत्रकार के रोल में प्रीती झंगियानी दिखाई देंगी. इसके अलावा फिल्म में पुनीत वशिष्ठ, मुश्ताक खान, जयश्री माहतो जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाएं निभा रहे हैं. फिल्म का निर्देशन भारत एस. श्रिनाटे और जयंत सिन्हा ने किया है, जबकि निर्माता अमित जानी हैं.

## बॉक्स ऑफिस पर मुंह के बल गिरीं 'तन्वी द ग्रेट' और 'निकिता रॉय'

मोहित सूरी की फिल्म 'सैयारा' जहां 18 जुलाई को रिलीज़ होते ही बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है, वहीं उसी दिन रिलीज हुईं अनुपम खेर की 'तन्वी द ग्रेट' और सोनाक्षी सिन्हा की 'निकिता रॉय' बड़े पर्दे पर संघर्ष करती नज़र आ रही हैं. 'सैयारा' के जबरदस्त शोर में ये दोनों फिल्में मानो दब सी गईं हैं. जहां 'तन्वी द ग्रेट' रिलीज के पहले दिन से ही दर्शकों के लिए तरसती नजर आई, वहीं 'निकिता रॉय' की स्थिति भी कुछ खास बेहतर नहीं रही. तीसरे दिन की कमाई पर नज़र डालें तो इन दोनों फिल्मों के लिए बॉक्स ऑफिस के आंकड़े निराशाजनक रहे हैं. अब सभी की निगाहें इस पर टिकी हैं कि क्या ये फिल्में आने वाले दिनों में थोड़ी संभल पाएंगी, या 'सैयारा' का तूफान यूं ही बाकी फिल्मों को पीछे छोड़ता रहेगा.

भले ही 'तन्वी द ग्रेट' ने कई बड़े फिल्म फेस्टिवल्स में सराहना बटोरी हो, लेकिन सिनेमाघरों में रिलीज़ के बाद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा सकी. फिल्म ने 40 लाख रुपये की कमजोर ओपनिंग के साथ शुरुआत की. दूसरे दिन इसका कलेक्शन 54 लाख रुपये रहा, जबकि सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, तीसरे दिन फिल्म ने 68 लाख रुपये का कारोबार किया. इस तरह भारत में अब तक 'तन्वी द ग्रेट' की कुल कमाई 1.62 करोड़ रुपये हो चुकी है. फिल्म को दर्शकों का मनचाहा रिस्पॉन्स नहीं मिल रहा, और यह बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष करती दिख रही है.

**'तन्वी द ग्रेट' की कहानी :** 'तन्वी द ग्रेट' एक 21 साल की लड़की तन्वी रैना की प्रेरणादायक कहानी है, जो ऑटिज्म डिसऑर्डर से जूझ रही है. इस संवेदनशील और दमदार भूमिका में अभिनेत्री शुभांगी दत्त ने तन्वी का किरदार निभाया है. फिल्म में शुभांगी के साथ-साथ जैकी श्रॉफ, पल्लवी जोशी, बोमन ईरानी और करण टैकर जैसे अनुभवी कलाकार भी नजर आते हैं, जो कहानी को और अधिक प्रभावशाली बनाते हैं. 'तन्वी द ग्रेट' एक भावनात्मक यात्रा है, जो न सिर्फ ऑटिज्म जैसी स्थिति को दर्शाती है, बल्कि समाज में स्वीकृति और आत्मबल की जरूरत को भी उजागर करती है. रिलीज़ से पहले जहां फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी उत्साह देखा गया, वहीं सिनेमाघरों में रिलीज़ के बाद माहौल पूरी तरह ठंडा पड़ गया. फिल्म ने 22 लाख रुपये की धीमी शुरुआत की.

## बॉक्स ऑफिस पर 'सैयारा' की शानदार कमाई, तीन दिन में वसूली लागत

मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म 'सैयारा' इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है. 18 जुलाई को रिलीज़ हुई इस फिल्म से अनन्या पांडे के चचेरे भाई अहान पांडे ने बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया है. वहीं, फिल्म में अनीत पड्डा ने भी बतौर लीड एक्ट्रेस अपना पहला कदम रखा है. फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों दोनों से भरपूर सराहना मिल रही है. 'सैयारा' ने सिर्फ दो दिनों में ही अपनी लागत निकाल ली है और अब तीसरे दिन इसने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त छलांग लगाई है. कहानी, म्यूजिक और नए चेहरों की फ्रेशनेस के चलते फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है, और यह उम्मीद की जा रही है कि आने वाले दिनों में 'सैयारा' एक बड़ी हिट साबित हो सकती है. बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक, 'सैयारा' ने रिलीज के तीसरे दिन पहले रविवार को धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए 37 करोड़ रुपये की कमाई की. फिल्म ने अपने ओपनिंग डे पर 21 करोड़ रुपये की मजबूत शुरुआत की थी, जबकि दूसरे दिन इसने 25 करोड़ रुपये का शानदार बिजनेस किया. अब तक फिल्म की कुल कमाई 83 करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है, जो इसकी लागत से कहीं ज्यादा है. गौरतलब है कि 'सैयारा' को बनाने में महज 45 करोड़ रुपये खर्च हुए थे. ऐसे में फिल्म ने सिर्फ तीन दिनों में ही दोगुनी कमाई कर ली है. यह प्रदर्शन दर्शाता है कि फिल्म को न सिर्फ दर्शकों का प्यार मिल रहा है, बल्कि यह बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट बनने की ओर भी बढ़ रही है. मोहित सूरी ने एक बार फिर अपनी अनोखी प्रेम कहानी से युवाओं के दिलों को छू लिया है. दर्शकों का कहना है कि उन्होंने इस फिल्म के जरिए एक बार फिर 'आशिकी 2' वाला जादू बड़े पर्दे पर लौटा दिया है. फिल्म में अहान पांडे और अनीत पड्डा की शानदार केमिस्ट्री ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है. दोनों की जोड़ी को न सिर्फ सराहा जा रहा है, बल्कि लोग उनके किरदारों से भावनात्मक रूप से जुड़ भी रहे हैं. फिल्म में अहान ने 'कृष' और अनीत ने 'वाणी' का किरदार निभाया है, जो दर्शकों के दिलों में जगह बना चुके हैं. साथ ही, फिल्म को वर्ड ऑफ माउथ यानी लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया का जबरदस्त फायदा मिल रहा है, जिससे इसकी कमाई में लगातार उछाल देखा जा रहा है.



राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर
8210075897

**मेष :** बुद्धि व धन का दुरूपयोग न करें. व्यापार में स्थिति नरम रहेगी. भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है. आय-व्यय समान रहेगा. स्वास्थ्य ठीक रहेगा. व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी. मान-सम्मान में वृद्धि होगी. शुभांक-2-5-7

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. मान-सम्मान में वृद्धि होगी. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे. स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा. शुभांक-2-3-5

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. नवीन जिम्मेदारी बढने के आसार रहेंगे. अपने काम को प्राथमिकता से करें. चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी. शुभांक-2-3-8

**कर्क :** मेहमानों का आगमन होगा. राजकीय कार्यों से लाभ. पैतृक सम्पत्ति से लाभ. मेहमानों का आगमन होगा. पुरानी गलती का पश्चाताप होगा. विद्यार्थियों को लाभ. दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा. वाहन चालन में सावधानी बरतें. बातचीत में संयम बरतें. आय के अच्छे योग बनेंगे. शुभांक-2-5-8

**सिंह :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. संतोषजनक सफलता मिलेगी. शुभांक-4-8-9

**कन्या :** अपनों का सहयोग मिलेगा. पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी. शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी. नौकरी में पदोन्नति की संभावना है. मित्रों से सावधान रहें. शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें. कार्य सफल होंगे. शुभांक-2-8-9

**तुला :** मन प्रसन्न बना रहेगा. अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी. आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी. भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा. सहयोग प्राप्त होगा. अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे. परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा. शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा. वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे. उतावलेपन से बचे. संयमित भाषा का इस्तेमाल करें. कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे. किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है. स्वविवेक से कार्य करे. शुभांक-1-2-7

**धनु :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे. सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा. पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी. शुभांक-1-4-8

**मकर :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी. जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी. ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा. मनोरथ सिद्धि का योग है. स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा. शुभांक-5-6-8

**कुंभ :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे. व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे. कुछ तनाव हो सकता हैं. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा. स्वविवेक से कार्य करें. शुभांक-5-7-8

**मीन :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं. कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा. धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. सुख-आनंद कारक समय है. यात्रा सुखद रहेगी. किसी बात को लेकर चिंता बढ़ सकती है. शुभांक-3-5-7



# फेस्टिव सीजन पर रॉयल लुक पाने के लिए स्टाइल करें ए-लाइन कुर्ता और प्लाजो सेट

**अगर आप फेस्टिव सीजन में रॉयल लुक पाना चाहती हैं तो आप ये ए-लाइन कुर्ता और प्लाजो सेट इस खास मौके पर स्टाइल कर सकती हैं जो कि रॉयल लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं।**

फेस्टिव सीजन में महिलाएं रॉयल लुक चाहती हैं और इस वजह से वो बेस्ट आउटफिट की तलाश में होती है। वहीं अगर आप भी फेस्टिव सीजन में रॉयल लुक चाहती हैं तो आप ए-लाइन कुर्ता और प्लाजो सेट स्टाइल कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस के ए-लाइन कुर्ता और प्लाजो सेट दिखा रहे हैं जो आप फेस्टिव सीजन पर पहनने के लिए बेस्ट है। इस तरह के आउटफिट में जहां आपका लुक रॉयल नजर आएगा तो वहीं भीड़ से भी अलग नजर आएंगी।

### एम्ब्रॉयडरी जॉर्जेट ए-लाइन कुर्ता प्लाजो

अगर आप कुछ न्यू चाहती है तो आप इस तरह की एम्ब्रॉयडरी जॉर्जेट ए-लाइन कुर्ता प्लाजो सेट स्टाइल कर सकती हैं। इस ए-लाइन कुर्ता में एम्ब्रायडरी वर्क किया है साथ ही जो प्लाजो है वो सिंपल है। इस तरह के आउटफिट में जहां आप खूबसूरत नजर आएंगी तो वहीं आपका लुक भी सबसे अलग नजर आएगा। यह आउटफिट आप 2000 से 3000 तक की कीमत में खरीद सकती है। इस एम्ब्रॉयडरी जॉर्जेट ए-लाइन कुर्ता प्लाजो के साथ आप फुटवियर में मोजरी साथ ही ज्वेलरी में झुमके स्टाइल कर सकती है। रॉयल लुक के लिए आप इस तरह की ए-लाइन कुर्ता प्लाजो भी स्टाइल कर सकती है। इस तरह की ए-लाइन कुर्ता प्लाजो के साथ मिरर वर्क वाली ज्वेलरी साथ साथ ही फुटवियर में मोजरी पहन सकती है।

### फ्लोरल प्रिंट ए-लाइन कुर्ता प्लाजो

अगर आप न्यू लुक चाहती है तो आप इस तरह की फ्लोरल प्रिंट ए-लाइन कुर्ता प्लाजो का भी चुनाव कर सकती है। ये सूट फ्लोरल पैटर्न में है और कॉटन फैब्रिक में है। ये आउटफिट स्लीवलेस है और फेस्टिव सीजन पर रॉयल लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन है। इस तरह का आउटफिट आपको 2000 तक की कीमत में मिल जाएगा।



**परिवार समाज की सबसे छोटी इकाई तो होता ही है, यह सामाजिक व्यवहार का छोटा आईना भी होता है। यहां जैसा आचरण, जैसा स्वरूप इंसान रखता है, दुनिया में भी उसकी स्थिति कमोबेश वैसी ही होती है। इसीलिए कहा जाता है कि सारे रवैए घर से दुरुस्त करते चलें। अनुशासन और नियम इसमें मदद करते हैं।**

# सामाजिक व्यवहार का आईना होता है परिवार

घर का मुखिया अनुशासित होता है, तो परिवार भी अनुशासन में रहता है। परिवार कितना विकसित होता है और कैसे एक खुशहाल और मजबूत परिवार के रूप में उभरकर आता है यह निर्भर करता है उस घर के 'मुखिया' पर। उनका घर के छोटे और बड़े सदस्यों के प्रति व्यवहार व अनुशासन प्रणाली इस प्रकार होनी चाहिए जो परिवार को एक मजबूत व प्रेम की डोरी में बांधकर रख सके। और इसकी शुरुआत होती है घर के छोटे सदस्यों के बालपन से। परिवार के छोटे सदस्य अपने बड़ों से दो प्रकार से सीखते हैं, पहला, जो उन्हें बोलकर सिखाया जाता है, दूसरा, जो बोला है उसे करके दिखाकर। स्पष्ट है, आचरण बोलकर नहीं, अभ्यास में लाकर सिखाया जाता है।

### पर अनुशासन जरूरी क्यों है?

हम कई बार किसी भी व्यक्ति के लिए सुनते है कि 'वह अच्छे परिवार से है', लेकिन सवाल यह है कि 'अच्छा परिवार' बनता कैसे है? अच्छा परिवार यानी अनुशासित और जिम्मेदार परिवार, जहां हर सदस्य नियम और कायदों के साथ चलता है। नियम ही परिवार, मनुष्य और वस्तुओं के प्रति सम्मान की भावना उत्पन्न करते हैं। परिजनों, मेहमानों, मूक प्राणियों की भावनाओं तथा वस्तुओं और व्यवस्थाओं के प्रति संवेदनशीलता की जैसी कद्र इंसान घर में करेगा, वैसा ही उसका आचरण बाहर की दुनिया में होगा। नियम और कायदे परिवार की नींव हैं, जो व्यक्ति को बेहतर इंसान बनाते हैं। इससे सबका जीवन समान रूप से व्यतीत होता है और वे परिवार के प्रति जिम्मेदार बनते है। जिम्मेदारी का भाव घर के साथ-साथ बाहर भी कायम रहता है इस तरह तय कर सकते है नियम -

### एक वक्त का खाना साथ खाएं

कहते है कि जो परिवार साथ बैठकर खाना खाता है वो हमेशा एक-साथ होता है। साथ खाना खाने से रिश्ते मजबूत होते हैं और एक-दूसरे के अनुभव साझा करने के लिए भी वक्त मिल जाता है। घर के बड़े एक ऐसा वक्त चुन सकते हैं जब पूरा परिवार घर पर मौजूद हो, जैसे कि रात का भोजन साथ कर सकते हैं। यह नियम भी होना चाहिए कि भोजन करते समय कोई अन्य कार्य नहीं करेगा जैसे कि ना तो मोबाइल का इस्तेमाल करना है और ना ही टीवी देखना है। ध्यान केवल परिवार और भोजन पर होना चाहिए।

### प्रार्थना भी सभी सदस्यों के साथ करें

जब हम प्रार्थना, पूजापाठ या इबादत करते है, तो अपने साथ-साथ दूसरों के लिए भी प्रार्थना करते हैं। यदि बच्चों को इसमें शामिल करेंगे, तो उनमें स्वार्थ का भाव दूर होने के साथ-साथ दूसरों के लिए प्रार्थना करने का भाव विकसित होगा। इसका दूसरा फायदा यह भी है कि यदि रीति-रिवाज बच्चों में छुटपन से ही डालेंगे, तो वे इन्हें समझेंगे, संस्कारी बनेंगे और जानकार भी। सुबह और शाम के समय यदि बच्चे घर पर मौजूद हैं, तो उन्हें पूजापाठ में शामिल करें। बड़ों के द्वारा की जा रही विधियों को देखकर ही बच्चे सीख सकते है। एक समय की प्रार्थना में पूरे परिवार की उपस्थिति अनिवार्य करें। जब एक-साथ प्रार्थना करेंगे, तो साथ मजबूती से खड़े हो सकेंगे।

### सबके दायरे तय करें

घर में किस समस्या की चर्चा पर कौन शामिल होगा और किस हद तक शामिल होगा यह घर के मुखिया को तय करना होगा। छोटे किन मुद्दों में शामिल होंगे और किन में नहीं ये दायरे तय करने का हक भी सिर्फ घर के मुखिया या बड़ों का होगा। इन सारी बातों से छोटों में एक अनुशासित व्यवहार विकसित होगा, साथ ही साथ परिवार के सदस्यों में प्रेम व सम्मान बना रहेगा।

### समय सीमा का नियम बनाएं

कुछ चीजों के लिए समय सीमा तय करें जिसका पालन बच्चों से लेकर बड़ों तक सब करें। एक नियम आठ घंटे की नींद लेने का बनाएं। ये सबके लिए समान हो। ऐसा ना हो कि बच्चों को जल्दी सोने के निर्देश देकर बड़े देर रात तक जागते रहें। दूसरा नियम घर लौटने के समय का है। कोशिश यह करनी है कि हर सदस्य तय समय तक घर लौटकर आ जाए। हालांकि जिनकी देर रात तक दफ्तर में काम करने की मजबूरी है, उन्हें छूट दी जा सकती है, लेकिन अन्य सदस्यों के लिए यह नियम अपरिवर्तनीय होना चाहिए।

### भेदभाव पैदा ना होने दें

प्रिय बच्चे या प्रिय बहू-बेटे को लेकर पक्षपात वाला रवैया बड़े ना बनाएं। जिन नियमों में लचीलापन है, वो सबके लिए है और जिनके पालन में छूट नहीं दी जा सकती, वो भी सबके लिए समान हो। फिर भी सवाल उठ सकते हैं, जैसे पहले जिन मामलों में सख्ती थी, अब छूट क्यों है? ऐसे सवालों पर घर के मुखिया को खुलकर बात करनी चाहिए और अपना पक्ष इस तरह स्पष्ट करना चाहिए कि बच्चों के मन में कोई कड़वाहट ना उपजे। सवाल पूछने, जिज्ञासाओं को सामने रखने को प्रोत्साहित कीजिए, यह असरदार और कारगर प्रक्रिया है।

### वित्तीय जिम्मेदारी बराबर रखें

संयुक्त परिवार में घर खर्च के हिस्सों को लेकर सबसे ज्यादा मुद्दे खड़े होते हैं। अगर परिवार में दो बेटे है, एक की आय दूसरे की तुलना में कम है तो इसे संतुलित करने की जिम्मेदारी भी मुखिया की है। जब घर खर्च को सदस्यों में बांटें, तो फीसदी के हिसाब से तय करें, जैसे हर सदस्य को अपनी आय का पांच या दस फीसदी देना है।



# बगीचे में हो गई है अधिक जंगली-घास तो इन तरीकों से हमेशा के लिए हटाएं

**गार्डनिंग करना लगभग सभी पसंद करते है। सप्ताह में कम से कम एक से दो दिन गार्डन में पौधे लगाने, पानी डालने और उसकी अन्य रूप से देखभाल करने के लिए भी समय-समय पर जरूर जाते है, लेकिन कई बार बगीचे में अनचाही घास आ जाती है, जिसके चलते पौधे खराब हो जाते है, या कभी-कभी सूख भी जाते है। कई बार ये घास जड़ से खत्म भी नहीं होती है, और पौधों को नुकसान पहुंचाते रहते है।**

अगर आपके भी बगीचे में जंगली घास-फूस कुछ अधिक ही उग गई है, तो आप उसे कुछ ही दिनों में हमेशा के लिए हटा सकती है। जी हां, क्यूंकि आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे है, जिनकी मदद से आप उन्हें जड़ से खत्म कर सकती है। तो चलिए जानते है-

### बेकिंग सोडा

बेकिंग सोडा से घास-फूस को खत्म किया जा सकता है। इसका इस्तेमाल आप जंगली घास को भी हटाने के लिए कर सकती है। इसके लिए आप घास पर इसका छिड़काव अच्छे से कर दीजिये। इससे घास झुलस जाएगी और बगीचे की मिट्टी पर भी इसका कोई असर नहीं पड़ेगा।

### गरम पानी

गरम पानी से भी आप जंगली घास को एकदम जड़ से खत्म कर सकती है। इसके लिए आप उबलते हुए पानी को जंगली घास वाली जगहों पर डाल दीजिये। एक से दो दिन बाद जंगली घास अपने आप सूखकर मिट्टी में मिल जाएगी। इसी तरह आप सिरके का भी जंगली घास को हटाने के लिए इस्तेमाल कर सकती है।

### नमक

अगर पौधे के आसपास कुछ अधिक ही जंगली घास उग गई है, तो आप उसे हटाने के लिए नमक का भी इस्तेमाल कर सकती है। इसके लिए इस जंगली घास की जड़ों में चुटकी से नमक को डालकर छोड़ दीजिये। एक से दो दिन में ये घास अपने आप मुरझा जाएगी। नमक के डालने से दुबारा जंगली घास उस जगह पर नहीं आती है।

### ब्लीच

ब्लीच बगीचे की अतिरिक्त घास-फूस को जड़ से हटाने में आपकी काफी मदद कर सकता है। आप ब्लीच को घास की जड़ों में रखकर कुछ दिन के लिए छोड़ दीजिये, इससे घास कुछ दिनों में अपने आप सूख जाती है। घास सूख जाने के बाद आप वहां से उन्हें उखाड़ के बाहर फेंक दीजिये।



**तेल के पुराने कनस्तर को फेंकने की बजाय, इन्हें क्रिएटिव तरीके से इस्तेमाल करके आप न केवल पर्यावरण की हिफाजत कर सकते हैं, बल्कि अपने घर को भी सुंदर और उपयोगी चीजों से सजा सकते हैं।**

# तेल के पुराने कनस्तर को फेंके नहीं, ऐसे करें इसका इस्तेमाल

तेल के पुराने कनस्तरों को फेंकने के बजाय, आप इन्हें कई क्रिएटिव तरीकों से इस्तेमाल कर सकते हैं। ये कनस्तर न केवल आपके घर को सजा सकते हैं, बल्कि आपके लिए उपयोगी भी साबित हो सकते हैं। तेल के पुराने कनस्तर को दोबारा इस्तेमाल करने से पहले, आपको उसे साफ करना होगा।

- गर्म पानी में 1 चम्मच बेकिंग सोडा और डिश वॉश लिक्विड मिलाएं।
- इस पानी में कनस्तर को डालकर आधा या एक घंटे के लिए छोड़ दें।
- एक घंटे बाद, ब्रश से कनस्तर को साफ करें।
- कनस्तर से पानी निकल जाने या सूख जाने के बाद, आप उसे दोबारा इस्तेमाल कर सकते हैं।
- अगर कनस्तर चिकना है, तो आप 3-4 गिलास गर्म पानी में 5 चम्मच सिरका और बेकिंग सोडा मिलाकर, उसमें थोड़ा साबुन डाल सकते हैं। फिर, इस पानी से स्क्रब करके कनस्तर को साफ करें।

### फूलदान या प्लांटर

पुराने तेल के कनस्तर को अच्छी तरह से धोकर साफ करें और इसे एक सुंदर प्लांटर या फूलदान के तौर पर इस्तेमाल करें। इसे आप अपने बगीचे या बालकनी में रख सकते हैं। इसके लिए, कनस्तर के नीचे कुछ छोटे छेद कर दें, ताकि पानी निकल सके, फिर इसमें मिट्टी भरकर पौधा लगाएं।

### स्टोरेज कंटेनर

तेल के कनस्तर को स्टोरेज कंटेनर के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। इसमें आप गार्डन टूल्स, स्पेयर पार्ट्स, या अन्य छोटे सामान को स्टोर कर सकते हैं। कनस्तर को पेंट करके और सजाकर इसे और आकर्षक बना सकते हैं।

### कैंडी या बिस्किट टिन

अगर तेल का कनस्तर छोटा और मेटल का है, तो इसे कैंडी, बिस्किट या ड्राई फ्रूट्स स्टोर करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। इसे अंदर से अच्छी तरह साफ करके, आप इसे खाने वाली चीजों के स्टोरेज के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं।

### कचरा रखने के लिए बिन

आप तेल के कनस्तर का इस्तेमाल कचरा रखने के लिए बिन के रूप में कर सकते हैं। इसे घर के बाहर या किचन में रखें और कचरा डालने के लिए इस्तेमाल करें। इससे प्लास्टिक की बर्बादी भी कम होगी और आपके घर में एक नया कचरा रखने के लिए बिन भी तैयार हो जाएगा।

### हैंडल या स्कूप

बड़े तेल के कनस्तर को आधे हिस्से में काटकर हैंडल या स्कूप के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। यह गार्डन में मिट्टी उठाने या अन्य घरेलू कार्यों के लिए उपयोगी हो सकता है।

### डेकोर आइटम

आप तेल के कनस्तर का उपयोग अलग-अलग डेकोरेटिव आइटम बनाने के लिए कर सकते हैं। इसे पेंट करें, सजाएं और दीवार पर सजावट के लिए या लैंप शेड के रूप में इस्तेमाल करें।



### ऑस्ट्रेलिया ने पहले टी20 में वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराया

# सीरीज में बनाई 1-0 की बनाई बढ़त

**एजेंसी.नई दिल्ली**



ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को जमैका में खेले गए पहले टी20 मैच में तीन विकेट से शिकस्त दी. इसी के साथ मेहमान टीम ने पांच मुकाबलों की सीरीज में 1-0 से लीड बना ली है. सोमवार को टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने आठ विकेट खोकर 189 रन बनाए. टीम 32 के स्कोर पर ब्रैंडन किंग का विकेट गंवा चुकी थी. यहां से कप्तान शाई होप ने रोस्टन चेज के साथ दूसरे विकेट के लिए 91 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभाला.रोस्टन चेज 32 गेंदों में दो छक्कों और नौ चौकों के साथ 60 रन बनाकर आउट हुए, जबकि शाई होप ने 39 गेंदों में तीन छक्कों और चार चौकों के साथ 55 रन टीम के खाते में जोड़े. इनके अलावा शिमरोन हेटमायर ने 38 रन जुटाए.विपक्षी टीम की ओर से बेन ड्वारशुइस ने सर्वाधिक चार विकेट अपने नाम किए.इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 18.5 ओवरों में जीत दर्ज कर ली. यह टीम 78 के स्कोर तक अपने चार विकेट गंवा चुकी थी, लेकिन यहां से कैमरून ग्रीन ने मिचेल ओवन के साथ पांचवें विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी करते हुए टीम को जीत की पटरी पर ला दिया.कैमरून ग्रीन 26 गेंदों में 51 रन बनाकर आउट हुए. उनकी इस पारी में पांच छक्के और दो चौके शामिल थे. वहीं, मिचेल ओवन 27 गेंदों में छह छक्कों की मदद से 50 रन बनाकर आउट हुए. उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' के खिताब से नवाजा गया.

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने सात गेंदें शेष रहते मैच अपने नाम कर लिया.मेजबान टीम की ओर से जेसन होल्डर, अल्जारी जोसेफ और गुडाकेश मोती ने दो-दो विकेट अपने नाम किए. इनके अलावा अकील हुसैन ने एक सफलता हासिल की.सीरीज का अगला मैच जमैका में 23 जुलाई को खेला जाना है. ऑस्ट्रेलियाई टीम इससे पहले तीन टेस्ट मुकाबलों की सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप कर चुकी है.

### टी 20 सीरीज में बांग्लादेश ने किया बड़ा उलटफेर

# पाकिस्तान को टी20 में चटाई धूल

**एजेंसी.नयी दिल्ली**



बांग्लादेश वर्सेस पाकिस्तान तीन मैच की टी 20 सीरीज का पहला मुकाबला ढाका के शेरे बांग्ला राष्ट्रीय स्टेडियम में खेला गया.इस मैच में मेजबान टीम ने बड़ा उलटफेर करते हुए पाकिस्तान को 7 विकेट से धूल चटाई. पहले बैटिंग करते हुए पाकिस्तान की टीम पूरे 20 ओवर भी नहीं टिक पाई और 109 रनों पर सिमट गई.इसके बाद बांग्लादेश ने 110 रनों का पीछा 15.3 ओवर में कर लिया. बांग्लादेश के हीरो सलामी बल्लेबाज परवेज हुसैन एमोन रहे, जिन्होंने 56 रनों की नाबाद पारी खेली.परवेज को प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया. यह टी20 क्रिकेट के इतिहास में चौथा मौका है.जब बांग्लादेश ने क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में पाकिस्तान को धूल चटाई हो.टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी पाकिस्तान की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही. पहले 6 ओवर में ही टीम ने 41 के स्कोर पर 4 विकेट गंवा दिए थे. सैम अयूब, मोहम्मद हारिस और कप्तान सलमान आगा जैसे बल्लेबाज सिंगल डिजिट में पवेलियन लौटे.सलामी बल्लेबाज फखर जमन एक छोर संभाले हुए थे, मगर 12वें ओवर में खुशदिल के साथ हुई तालमेल में कमी के कारण वह रन आउट हो गए. फखर 44 रनों के साथ टीम के हाईएस्ट स्कोरर रहे. उन्होंने 34 गेंदों का सामना करते हुए 6 चौके और 1 गगनचुंबी छक्का लगाया.पाकिस्तान की खराब बल्लेबाजी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि फखर जमन के अलावा उनका कोई बल्लेबाज 25 रन का आंकड़ा नहीं छू पाया. अब्बास अफरीदी 22 रनों के साथ दूसरे नंबर पर रहे.बांग्लादेश के लिए तस्कीन अहमद ने सर्वाधिक 3 विकेट चटकाए.110 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की टीम की भी शुरुआत अच्छी नहीं रही थी.

### दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली पर विचार के लिए कार्य समिति गठित

# अगले साल से फिर से शुरू होगी चैंपियंस लीग टी20

**एजेंसी. दुबई**






आईसीसी ने नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजोग गुप्ता की अध्यक्षता में आठ सदस्यीय एक कार्यसमूह का गठन किया है. यह समिति टेस्ट क्रिकेट को दो-स्तरीय प्रणाली में पुनर्गठित करने की संभावना का पता लगाएगी. इस समिति का गठन सिंगापुर में आईसीसी की वार्षिक आम बैठक के दौरान अध्यक्ष जय शाह और गुप्ता के अखिल भारतीय नेतृत्व में किया गया.

संजोग गुप्ता को इसी महीने की शुरुआत में आईसीसी का सीईओ नियुक्त किया गया था. द गार्डियन' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पैनल के अन्य सदस्यों में इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉड ग्रीनबर्ग भी शामिल हैं.

रिपोर्ट में कहा गया है, 'कोई भी बदलाव विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अगले चक्र के लिए किया जाएगा, जो 2027 से 2029 तक चलेगा. इसमें मौजूदा नौ टीम के प्रारूप के बजाय छह-छह के दो डिवीजन का प्रस्ताव है.'समिति को इस साल के आखिर तक आईसीसी को अपनी सिफारिशें पेश करनी होगी. गोल्ड और ग्रीनबर्ग के समिति में शामिल होने का मतलब है कि नई दो-स्तरीय प्रणाली लागू होने की पूरी संभावना है, क्योंकि सीए और ईसीबी इसके प्रमुख समर्थक रहे हैं. मौजूदा समय में, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में नौ टीमें प्रतिस्पर्धा करती हैं, लेकिन यदि प्रस्तावित दो-स्तरीय प्रणाली लागू की जाती है, तो संरचना छह-छह टीमों के दो डिवीजनों में बदल जाएगी, जिसमें टीमों को प्रमोट भी किया जाएगा और खराब खेलने वाली टीमों को डिमोट किया जाना शामिल है.क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और ईसीबी ने पिछले साल दो-स्तरीय प्रणाली पर चर्चा की थी. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इसका एक प्रमुख समर्थक रहा है और एक ऐसे मॉडल पर जोर दे रहा है जिसमें ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और भारत हर तीन साल में दो बार आमने-सामने हों, जो हर चार साल में दो सीरीज के वर्तमान प्रारूप से बेहतर है.

## चैंपियंस लीग टी20 का फिर से आगाज

इस बीच सिडनी मार्निंग हेराल्ड के अनुसार क्लब स्तर की अंतरराष्ट्रीय टी20 प्रतियोगिता चैंपियंस लीग अगले साल से फिर से शुरू हो सकती है. आईसीसी इस प्रतियोगिता को फिर से शुरू करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है. इसको लेकर चर्चा जारी है जिसमें भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं. चैंपियंस लीग को इससे पहले आखिरी बार 2014 में भारत में आयोजित किया गया था, जिसमें चेन्नई सुपर किंग्स ने बेंगलुरु में हुए फाइनल में कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर खिताब जीता था. उस प्रतियोगिता में भारत की तीन, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की दो-दो तथा पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड की एक-एक टीम ने भाग लिया था. इस प्रतियोगिता को चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस ने दो-दो, जबकि ऑस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स और सिडनी सिक्सेस ने एक-एक बार जीता है.

# चौथे टी20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को दी शिकस्त





**एजेंसी.नयी दिल्ली**

जिम्बाब्वे राष्ट्रीय क्रिकेट टीम बनाम दक्षिण अफ्रीका राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के बीच ज़िम्बाब्वे टी20आई ट्राई सीरीज़ का चौथा मुकाबला खेला गया. दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला हरारे के हरारे स्पोर्ट्स क्लबमें खेला गया. इस रोमांचक मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका की टीम ने जिम्बाब्वे को सात विकेट से हरा दिया. इसके साथ ही दक्षिण अफ्रीका की टीम ने अपनी दूसरी जीत दर्ज कर दो अंक हासिल कर लिया. इस सीरीज में जिम्बाब्वे की टीम पहली जीत की तलाश में हैं. इस सीरीज में जिम्बाब्वे की अगुवाई सिकंदर रजा कर रहे हैं. जबकि, दक्षिण अफ्रीका की कमान रासी वैन डेर डुसेन के कंधों पर हैं.इस रोमांचक मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान रासी वैन डेर डुसेन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. टॉस गवांने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे की टीम का आगाज निराशानजक रहा और महज 44 रन के स्कोर पर टीम के तीन बल्लेबाज पवेलियन लौट गए. इसके बाद ब्रायन बेनेट और रयान बर्ल ने मिलकर पारी को संभाला और टीम का स्कोर 120 रन के पार लेकर गए.पहले बल्लेबाजी करते हुए जिम्बाब्वे की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट खोकर 144 रन बनाए. जिम्बाब्वे की तरफ से ब्रायन बेनेट ने सबसे ज्यादा 61 रनों की शानदार पारी खेली. इस बेहतरीन पारी के दौरान ब्रायन बेनेट ने 43 गेंदों पर सात चौके और तीन छक्के लगाए. ब्रायन बेनेट के अलावा ने रन बनाए.दूसरी तरफ, दक्षिण अफ्रीका की टीम को कॉर्बिन बॉश ने पहली बड़ी कामयाबी दिलाई. दक्षिण अफ्रीका की ओर से कॉर्बिन बॉश ने सबसे ज्यादा दो विकेट अपने नाम किए. कॉर्बिन बॉश के अलावा लुंगी एनगिडी, नांद्रे बर्गर और नकाबायोमजी पीटर ने एक-एक विकेट चटकाए. दक्षिण अफ्रीका की टीम को यह मुकाबला जीतने के लिए 20 ओवर में 145 रन बनाने थे.बता दें कि लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम का आगाज भी निराशानजक रहा और महज 22 रन के स्कोर पर टीम के दोनों सलामी बल्लेबाज पवेलियन लौट गए. दो विकेट जल्द गिरने के बाद रासी वैन डेर डुसेन और रुबिन हरमन ने पारी को संभाला और टीम का स्कोर 125 रन के पार लेकर गए. दक्षिण अफ्रीका की टीम ने 17.2 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया. दक्षिण अफ्रीका की तरफ से रुबिन हरमन ने सबसे ज्यादा 63 रनों की धुआंधार पारी खेली. इस धमाकेदार पारी के दौरान रुबिन हरमन ने 36 गेंदों पर तीन चौके और चार छक्के लगाए. रुबिन हरमन के अलावा कप्तान रासी वैन डेर डुसेन ने नाबाद 52 रन बटोरे.वहीं, जिम्बाब्वे की टीम को टिनोटेंडा मापोसा ने पहली बड़ी सफलता दिलाई. जिम्बाब्वे की ओर से टिनोटेंडा मापोसा ने सबसे ज्यादा दो विकेट अपने नाम किए. टिनोटेंडा मापोसा के अलावा किसी भी गेंदबाज को विकेट नहीं मिला.

# एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट : टीम को भारत नहीं भेजना चाहता है पाक

**एजेंसी.नयी दिल्ली**




पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने खेल की वैश्विक नियामक संस्था एफआईएच को सूचित किया है कि सुरक्षा चिंताओं के कारण उसके लिए अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए अपनी टीम को भारत भेजना मुश्किल होगा. पीएचएफ के प्रमुख तारिक बुगती ने कहा कि उन्होंने एफआईएच और एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) को पत्र लिखकर टीम को भारत भेजने को लेकर अपने फैसले से अवगत करा दिया है . उन्होंने कहा, 'हमने उन्हें सूचित किया है कि मौजूदा परिदृश्य में हमारी टीम को भारत में खेलते समय सुरक्षा संबंधी खतरों का सामना करना पड़ सकता है. हमने उन्हें बता दिया है कि हमारे खिलाड़ी एशिया कप के लिए भारत जाने के इच्छुक नहीं हैं.' एशिया कप विश्व कप के लिए क्वालिफाइंग टूर्नामेंट भी है. पीएचएफ प्रमुख ने कहा कि अब इस प्रतियोगिता और पाकिस्तान के मैचों के बारे में निर्णय लेने की जिम्मेदारी एफआईएच और एएचएफ पर है.उन्होंने कहा, 'हमने उनसे पूछा है कि हमें बताएं कि क्या गारंटी है कि हमारे खिलाड़ी भारत में सुरक्षित रहेंगे और टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित कर पाएंगे.' पाकिस्तान सरकार ने अभी तक इस मुद्दे पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन हाल ही में एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा था कि टीम भारत नहीं जाएगी.

**27 अगस्त से शुरू होगा एशिया कप :** इससे पहले भारतीय खेल मंत्रालय के सूत्रों ने स्पष्ट किया था कि वह पाकिस्तान हॉकी टीम को अगले महीने भारत में होने वाले एशिया कप में शामिल होने से नहीं रोकेंगे. खेल मंत्रालय के सूत्र ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से बताया कि वे बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में किसी टीम के शामिल होने के विरुद्ध नहीं हैं. हॉकी एशिया कप का आयोजन 27 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के राजगीर में होना है.खेल मंत्रालय के सूत्र ने कहा, 'हम भारत में होने वाले बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में किसी टीम के शामिल होने खिलाफ नहीं हैं.

# अमेरिकी गोल्फर स्कॉटी शेफ़लर ने जीता पहला ब्रिटिश ओपन खिताब

**एजेंसी.पोर्तरश**



अमेरिका के स्टार गोल्फर स्कॉटी शेफ़लर ने रॉयल पोर्तरश में खेले गए ब्रिटिश ओपन में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना पहला ब्रिटिश ओपन खिताब चार शॉट की बढ़त से जीत लिया.दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी शेफ़लर ने आखिरी राउंड में 68 का स्कोर किया. वे पहले से ही चार शॉट की बढ़त के साथ दिन की शुरुआत कर चुके थे. उन्होंने शुरू में तीन बर्डी लगाई, हालांकि आठवें होल पर एक बंकर से बाहर न निकल पाने के कारण उन्हें डबल-बोगी झेलनी पड़ी.इसके बावजूद, शेफ़लर की बढ़त कभी भी गंभीर खतरे में नहीं आई और उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में दबदबा बनाए रखा. यह शेफ़लर का चौथा मेजर खिताब और इस साल का दूसरा मेजर खिताब है. उन्होंने मई में पीजीए चैंपियनशिप भी जीती थी.29 वर्षीय शेफ़लर ने कुल 17 अंडर पार के स्कोर के साथ खिताब अपने नाम किया. अमेरिका के ही हैरिस इंग्लिश और क्रिस गॉटेरअप क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे, जिससे शीर्ष तीन स्थानों पर अमेरिकी खिलाड़ियों का कब्जा रहा.

# इंग्लैंड टेस्ट सीरीज से बाहर हो सकते हैं नितीश कुमार रेड्डी

**एजेंसी ।मैनचेस्टर**



भारतीय ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी घुटने की चोट के कारण एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के बाकी बचे दो टेस्ट मैचों से बाहर हो सकते हैं. नितीश ने रविवार को टीम के साथ वैकल्पिक प्रशिक्षण सत्र में हिस्सा नहीं लिया था. ईएसपीएन क्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार, रेड्डी को जिम में ट्रेनिंग के दौरान चोट लगी. स्कैन रिपोर्ट में लिगामेंट में इंजरी का पता चला है.रेड्डी की चोट के कारण शार्दुल ठाकुर की प्लेइंग इलेवन में वापसी हो सकती है. रेड्डी को भारत की बल्लेबाजी में गहराई लाने और चौथे तेज गेंदबाजी विकल्प के रूप में टीम में शामिल किया गया था. पहले टेस्ट से बाहर रहे रेड्डी दूसरा और तीसरा टेस्ट खेले थे.रेड्डी का पिछले दो टेस्ट में निराशाजनक प्रदर्शन रहा. चार पारियों में वह सिर्फ 45 रन बना सके. लॉर्ड्स में पहली पारी में 30 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा. साथ ही दो टेस्ट में 2 विकेट उन्होंने लिए.रेड्डी की इंजरी भारत की परेशानी बढ़ाने वाली है. आकाश दीप, अर्शदीप सिंह और ऋषभ पंत की इंजरी से भारतीय टीम पहले से ही मुश्किल में है. बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को एक प्रशिक्षण सत्र के दौरान हाथ में गहरी चोट लग गई थी.

चौथे टेस्ट से अर्शदीप सिंह बाहर हो चुके हैं. उनकी जगह बीसीसीआई ने अंशुल कंबोज को टीम में शामिल किया गया है.24 साल के कंबोज ने हरियाणा के लिए 24 प्रथम श्रेणी मैचों में 79 विकेट लिए हैं. वह पिछले महीने में इंग्लैंड दौरे पर गई भारत 'ए' टीम का हिस्सा थे. दो चार दिवसीय मैचों में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा था.

**समर हार्ड-कोर्ट सीजन** | आंद्रे अगासी के साथ तीन दिन का ट्रेनिंग सेशन

# डीसी ओपन से पहले होल्गर रूने को मिले टिप्स

**एजेंसी.वाशिंगटन**



दुनिया के नंबर 8 टेनिस खिलाड़ी होल्गर रूने ने डीसी ओपन से पहले वॉशिंगटन डीसी में आंद्रे अगासी के साथ तीन दिन का ट्रेनिंग सेशन किया, जिसमें उन्हें जरूरी सलाह मिली. इस ट्रेनिंग के बाद रूने खुद को और मजबूत महसूस कर रहे हैं. अमेरिकी समर हार्ड-कोर्ट सीजन की तैयारी के लिए बढ़त हासिल करने की चाहत रखते वाले होल्गर रूने ने दो बार के यूएस ओपन चैंपियन अगासी से मदद मांगी, ताकि वह अपने खेल को बेहतर बना सकें. ट्रेनिंग उसी जगह हुई, जहां अगासी ने अपने करियर के 60 में से पांच खिताब जीते थे.रूने ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा ̄यह एक शानदार अनुभव था. हम काफी समय से संपर्क में थे. वॉशिंगटन में हमने कुछ दिन साथ में बिताए, जहां उन्होंने मुझे कुछ चीजों में मदद की. यह मेरे लिए वाकई खुशी की बात थी. वह बेहद समझदार इंसान हैं. मैंने आज तक ऐसा कोई नहीं देखा, जो खेल को उनके नजरिए से देखता हो. उनका खुद का रिटर्न गेम शानदार था. मेरा भी रिटर्न अच्छा है. उन्होंने वहां कुछ टिप्स दिए, सलाह भी दी.उन्होंने कहा, बहुत ही कम समय की मुलाकात में उन्होंने बताया कि वह मुझे भविष्य में कहां देखते हैं, अभी कहां देखते हैं. जाहिर है कि मुझे अभी बहुत कुछ सुधारना है. उन्होंने मेरे कोच लार्स के साथ मिलकर मेरा ध्यान सही चीजों पर फोकस करने में मदद की. उनके साथ वक्त बिताना वाकई बहुत अच्छा रहा.

मैंने उन्हें यू-ट्यूब पर खूब देखा है. उनका स्टाइल और खेलने का तरीका कमाल का था. उनका करियर अपने आप में बहुत कुछ कहता है.जब रूने से पूछा गया कि क्या वह भविष्य में आंद्रे अगासी के साथ फिर से काम करना चाहेंगे, तो पूर्व वर्ल्ड नंबर 4 खिलाड़ी ने कहा, ̄वह एक शानदार इंसान हैं. मैं जरूर ऐसा चाहूंगा.रूने ने इस साल कार्लोस अल्काराज को हराकर बार्सिलोना में एटीपी 500 खिताब जीता था. वह इंडियन वेल्स में एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल में पहुंचे थे. हालांकि, इस सीजन उन्हें छह बार पहले दौर में हार का सामना भी करना पड़ा, जिसमें विंबलडन में उनका पिछला मुकाबला भी शामिल है.रूने ने 2022 में रोलैक्स पेरिस मास्टर्स जीतकर धमाकेदार प्रदर्शन किया था, जहां लगातार पांच टॉप-10 खिलाड़ियों को हराया और एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालिफाई किया. इसके बाद से वह 2023 में म्यूनिख और 2024 में बार्सिलोना में दो और खिताब जीत चुके हैं.

### युद्ध से जूझ रहे यूक्रेन के उसिक बने हैवीवेट चैंपियन

# डुबोइस को नॉकआउट कर जीता खिताब

**एजेंसी. लंदन**



युद्ध से जूझ रहे यूक्रेन के 38 वर्षीय पेशेवर मुक्केबाज ओलेक्जेंडर उसिक ने वेम्बली स्टेडियम में ब्रिटेन के डैनियल डुबोइस को पांचवें राउंड में नॉकआउट कर दोबारा निर्विवाद विश्व हैवीवेट चैंपियन का खिताब हासिल किया. उसिक ने डुबोइस को एक जोरदार बाएं हुक से हराया, जिससे वह विश्व मुक्केबाजी संघ, परिषद और संगठन के बेल्ट्स बरकरार रखने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघ बेल्ट भी वापस जीतने में सफल रहे. उसिक ने पिछले साल फ्यूरी को दो बार हराकर निर्विवाद हैवीवेट चैंपियन का खिताब जीता था.

**मोहम्मद अली के रिकॉर्ड की बराबरी :** उसिक अब दो बार खिताब जीतने वाले लीजेंड मोहम्मद अली और फ्लोएड पैटरसन के बाद तीसरे खिलाड़ी बन गए. उसिक ने कहा, मैंने साढ़े तीन महीने तैयारी की और इस दौरान परिवार और अपनी पत्नी को नहीं देखा. मैं घर वापस जाना चाहता हूं. यूट्यूबर जैक पॉल ने उन्हें एमएमए फाइट का नियौता दिया है.

**निशांत की लगातार तीसरी जीत :** भारतीय पेशेवर मुक्केबाज निशांत देव ने अमेरिकी मुक्केबाज लक्वान इवांस को हराया. 24 वर्षीय निशांत ने मुकाबले के छठे राउंड में 1:58 मिनट पर टेक्निकल नॉकआउट से जीत हासिल की. यह उनकी लगातार तीसरी जीत रही. 2023 विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता निशांत ने इवांस पर लगातार प्रहार किए, जिसके बाद रेफरी ने मुकाबला रोक दिया.

## ब्रीफ न्यूज

### जमीन विवाद में भाई ने की भाई की हत्या

**भागलपुर।** जिले के लोदीपुर थाना क्षेत्र के कोहड़ा सरमसपुर गांव में सोमवार को जमीन विवाद एक युवक ने अपने ही सगे भाई की चाकू मार कर हत्या कर दी. मृतक की पहचान सुजीत कुमार के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि सोमवार सुबह सुजीत अपने घर पर किसी काम में व्यस्त था. इसी दौरान उसका सगा भाई सुमित कुमार वहां पहुंचा और अचानक चाकू से उसपर ताबड़तोड़ हमला कर दिया. परिजन ने गंभीर रूप से घायल सुजीत को आनन-फानन में इलाज के लिए मायागंज अस्पताल पहुंचाया लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया.

### दूसरी सोमवारी पर लाखों भक्त ने किया जलाभिषेक

**पटना।** सावन मास की दूसरी सोमवारी को बिहार के सभी शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ देखी गई. पटना सहित राज्य के विभिन्न जिलों के शिवालयों में, जैसे कि बाबा गरीब नाथ, बाबा सिद्धनाथ-सोमनाथ मंदिर, शिव पार्वती मंदिर, और अन्य प्रमुख मंदिरों में लाखों भक्तों ने 'हर हर महादेव' के जयकारे लगाते हुए जलाभिषेक किया और बेलपत्र चढ़ाए. बिहार का देवघर कहे जाने वाले बाबा गरीबनाथ मंदिर में आज एक लाख से ऊपर श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया. रात 12 बजे से ही श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक करना शुरु किया, पूरा मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारे से गूंज रहा था.

### तेल व्यापारी से लूटकांड मामले में 70 हजार बरामद

**अररिया।** जोकीहाट थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 327 ई पर किशनगंज के तेल व्यापारी से 19 जुलाई की रात्रि डेढ़ बजे हुए 1.58 लाख रूपये लूटकांड का पुलिस ने खुलासा कर लिया है. मामले में पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान,सूचना संकलन एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना में शामिल पलासी थाना क्षेत्र के डेहटी दक्षिण पंचायत के वार्ड संख्या छह निवासी मो. साकिर पिता मो.अनीस को गिरफ्तार किया. पुलिस ने इनके पास से लूटी गई रकम में से 70 हजार रूपये,घटना में प्रयुक्त बाइक और एक मोबाइल जब्त किया.

## दूसरी सोमवारी को जलाभिषेक के लिए मंदिरों व शिवालयों में उमड़ी भीड़

संवाददाता । अररिया

सावन माह की दूसरी सोमवारी को विभिन्न मंदिरों और शिवालयों में शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के लिए शिव भक्तों की भीड़ सुबह से ही उमड़ रही है.


सोमवारी के दिन शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के लिए शिव भक्तों में खाता उत्साह देखा जा रहा है. श्रद्धालुओ का सुबह पांच बजे से ही भगवान शिव के दरबार में पहुंचना शुरू हो गया. सावन माह की दूसरी सोमवारी को लेकर मंदिरों और शिवालयों को काफी भव्य रूप से सजाया गया है. चारों तरफ केसरिया वस्त्र धारण किए हाथ में



पूजन सामग्री लेकर श्रद्धालु हर हर महादेव के जयकारे लगाते हुए भगवान शिव की आराधना कर रहे हैं. चारों ओर सिर्फ भक्तों के केसरिया ड्रेस से माहौल केसरिया में बन गया है. शहर स्थित अररिया नाथ महादेव, बाबा खड़गेश्वरनाथ शिव मंदिर, बस स्टैंड शिव मंदिर, पीडब्ल्यूडी शिव मंदिर, माता स्थान शिव मंदिर, जलेश्वर नाथ शिव मंदिर तथा छतियौना में बाबा श्यामसुंदर नाथ महादेव के दरबार में सुबह से ही जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का लाइन लगा रहा.मंदिरों में रूद्राभिषेक आदि कार्यक्रम भी चल रहा है. दूसरी सोमवारी को लेकर विशेष भीड़ कुर्साकांटा के अति प्राचीन सुंदरनाथधाम मंदिर,मदनपुर स्थित श्री मदनेश्वरनाथधाम मंदिर,रानीगंज के बसेटी स्थित इन्द्रमतेश्वरनाथधाम मंदिर,फारबिसगंज के बड़ा शिवालय,शंकरपुर के शिव मंदिर में रही जहां पूजा अर्चना और शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही. पूरा माहौल हर हर महादेव, बोलबम, बाबा भोलेनाथ के नारों से गुंजायमान रहा. सावन में मंदिरों में उमड़ने वाले भीड़ को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा और विधि व्यवस्था संधारण को लेकर विशेष व्यवस्था की गई. सभी मंदिरों और शिवालयों में दंडाधिकारी के साथ पुलिस पदधिकारियों और बलों की प्रतिनियुक्ति की गई.भीड़ को नियंत्रित करने को लेकर पुलिस बल पूरी मुस्तैदी के साथ लगे हैं.

# बिहार विधानमंडल का पांच दिवसीय मानसून सत्र शुरु

संवाददाता । पटना



बिहार विधानमंडल का पांच दिवसीय मानसून सत्र आज से शुरु हो रहा है. इस सत्र में नीतीश सरकार 12 विधेयक लाएगी. इनमें चार मूल जबकि आठ संशोधन विधेयक हैं. बिहार विधानसभा तथा बिहार विधान परिषद से इन्हें पारित करा सरकार शीघ्र ही विधेयकों को कानून की शक्ल में राज्य में लागू करेगी.

नीतीश सरकार के 17वीं विधानसभा के अंतिम पांच दिवसीय सत्र को पक्ष-विपक्ष अपने पाले में करने की तैयारी में हैं. विपक्ष जहां मतदाता पुनरीक्षण और विधि व्यवस्था के मसले पर सरकार को घेरने की तैयारी में है, वहीं सत्ता पक्ष भी विरोधियों के हर सवाल का जवाब देने को तैयार है. आज पहले दिन दोनों सदनों में लगभग 50 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा. विधानमंडल में 22 और 23 जुलाई को राजकीय विधेयक पेश किये जाएंगे. श्रम संसाधन विभाग के 4, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के 3, वित्त, पशु एवं मत्स्य संसाधन, नगर विकास एवं आवास, विधि और वाणिज्यकर विभागों के एक-एक विधेयक सरकार ला रही है.सबसे महत्वपूर्ण विधेयक-जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय विधेयक-2025 है. इसके पास होने से राज्य के 1 करोड़ युवाओं को रोजगार देने की घोषणा का मार्ग भी प्रशस्त होगा. इस सत्र में भूमि राजस्व से जुड़े तीन अहम विधेयक भी पेश होंगे. विशेष भूमि सर्वेक्षण बिल में सेटलमेंट आफिसर का निर्णय अंतिम होता था. अब प्रमंडल स्तर पर अपीलीय प्राधिकार होगा. शहरी क्षेत्रों में भी सर्वे का प्रावधान होगा. कृषि भूमि को अन्य कार्यों में उपयोग के लिए डीसीएलआर और समकक्ष पदाधिकारी भी नामित होंगे. जमीन दर तय करने का प्रावधान अब नियमावली से होगा.

## बिहार विधानमंडल में 57946.25 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

बिहार विधानमंडल में मानसून सत्र के पहले दिन 57946.25 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया गया. विधानसभा में पहले दिन वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने विधानसभा पटल पर अनुपूरक बजट पेश किया. यह वित्तीय वर्ष 2025-26 का प्रथम अनुपूरक बजट है. इसके बाद हंगामें के बीच में विधानसभा की कार्यवाही को मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है.

बिहार विधान परिषद में श्रम मंत्री संतोष सिंह ने 57,946.25 करोड़ रुपये का प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी को सदन में पेश किया. इसमें वार्षिक स्कीम मद में 36, 169 करोड़, स्थापना मद में 21,773 करोड़ और केंद्रीय क्षेत्र स्कीम मद में 3.63 करोड़ करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे. इसमें सामाजिक सुरक्षा पेंशन को लेकर सबसे अधिक राशि की व्यवस्था है. अनूपुरक बजट के बाद शोक प्रस्ताव के साथ विधानसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गयी है. इससे पहले विधानसभा के मानसून सत्र की कार्यवाही राष्ट्रगान के साथ शुरू हुई.



विधानसभा अध्यक्ष के संबोधन के दौरान विपक्ष का हंगामा हुआ. विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने अपने संबोधन में सदन में मौजूद विधायकों को धन्यवाद दिया और उम्मीद जताई कि सभी सदस्य विधानसभा की गरिमा बनाए रखेंगे. उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि सदन की कार्यवाही में सभी सदस्य सहयोग करेंगे. विधानसभा अध्यक्ष के संबोधन के दौरान विपक्ष के कई नेता नारेबाजी करते नजर आए. विपक्ष के नेता लोकतंत्र की हत्या का आरोप लगाते रहे. एआईएमआईएम के विधायक अख्तर ऊल ईमान बेल में पहुंच गए थे. मतदाता पुनरीक्षण के माध्यम से लोगों का नाम मतदाता सूची से काटने का आरोप लगा वो प्रदर्शन कर रहे थे.

### कुख्यात चंदन मिश्रा के आरोपितों को लेकर पटना पहुंची पुलिस

**पटना।** राजधानी पटना के वेली रोड स्थित पारस अस्पताल में बीते 17 जुलाई को कुख्यात अपराधी चंदन मिश्रा हत्याकांड मामले के चार आरोपितों को बिहार एसटीएफ सोमवार को कोलकाता से लेकर पटना पहुंच गई है. बिहार पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार शूटर्स में तौसीफ बादशाह के अलावा इसमें तीन अन्य आरोपित शामिल हैं . इस हत्याकांड के मास्टरमाइंड निशु खान उर्फ भाईजान को पुलिस ने पटना स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया है. तौसीफ बादशाह के अलावा चार अन्य शूटर्स को कोलकाता से गिरफ्तार करने के बाद बिहार पुलिस की टीम ने उन्हें वहां की कोर्ट में पेश किया और उसके बाद सभी को सड़क मार्ग से लेकर ही पटना के लिए रवाना हो हुई थी. आज बिहार पुलिस की टीम सभी आरोपितों को लेकर पटना पहुंची. फिलहाल उन्हें पुलिस लाइन में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रखा गया है. पुलिस उनसे पूछताछ करने के बाद कोर्ट में पेश करेगी. उल्लेखनीय है कि बिहार की राजधानी पटना के बड़े प्राइवेट अस्पताल में 17 जुलाई की सुबह पांच बदमाशों ने रूम नंबर 209 में भर्ती कुख्यात चंदन मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी थी. इस हत्याकांड के बाद हड़कंप मच गया था. सीसीटीवी फुटेज में पांच बदमाश चंदन मिश्रा पर गोलियां बरसाते दिखे थे. सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पांचों शूटर्स की पहचान हुई और पुलिस ने चार शूटर्स को कोलकाता से धर दबोचा. जबकि हत्याकांड के मास्टरमाइंड निशु खानउर्फ भाई जान को को पुलिस ने पटना से गिरफ्तार किया गया है.

## न्यूज अपडेट

### मतदाता सूची पुनरीक्षण के मामले पर विधानसभा में चर्चा कराने की महागठबंधन ने की मांग



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में कराए जा रहे विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को लेकर मानसून सत्र के पहले दिन विपक्ष ने सदन के बाहर और भीतर जोरदार हंगामा मचाया. सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद महागठबंधन विधायक दल की अहम बैठक हुई जिसमें अगले चार दिनों के भीतर सदन में सरकार को घेरने की रणनीति तय हुई. बढ़ते अपराध और एसआईआऱ के खिलाफ विपक्ष के विधायक मंगलवार को काला कपड़ा पहनकर विधानसभा आएंगे. सोमवार को हुई विधायक दल की बैठक के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बताया कि आज से विधानसभा का मानसून सत्र शुरू हुआ है. अभी महागठबंधन के विधायक दल की बैठक हुई है. हमलोगों ने स्पीकर से मांग की है कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के मामले पर विधानसभा में चर्चा कराई जाए. तेजस्वी ने कहा कि लोकतंत्र जिंदा रहे और उसका अस्तित्व न मिटाया जाए, इसके लिए हमलोग यह लड़ाई लड़ेंगे. अगर सरकार और विधानसभा स्पीकर चर्चा के लिए तैयार नहीं होंगे तो आने वाले समय में इन्हें जवाब देते नहीं बनेगा. इसको लेकर हमने सभी नेताओं को चिट्ठी लिखी है. नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने कहा कि संसद में भी विपक्षी दल इस मुद्दे को मजबूती के साथ उठा रहे हैं. इसके साथ ही साथ बिहार में भी मंगलवार को बहुत मजबूत तरीके से हमलोग इस मुद्दे को उठाने जा रहे हैं. सरकार को किसी भी कीमत पर इस मुद्दे पर सदन में चर्चा कराना ही पड़ेगा. उन्होंने बताया कि मंगलवार को महागठबंधन के सभी विधायक काला कपड़ा पहनकर सदन पहुंचेंगे और अपना विरोध दर्ज कराएंगे.

### पटना हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस बने विपुल एम पंचोली, राज्यपाल ने दिलाई शपथ



**पटना** बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने सोमवार को राजभवन में आयोजित एक समारोह में न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली को पटना उच्च न्यायालय के 45वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई. इस मौके पर बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने मुख्य न्यायाधीश का नियुक्ति पत्र और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा जारी नियुक्ति पत्र पढ़ा. इसके बाद राज्यपाल ने न्यायमूर्ति पंचोली को शपथ दिलाई. 57 वर्षीय न्यायमूर्ति पंचोली 24 जुलाई, 2023 से पटना उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में कार्यरत हैं.

उनका जन्म अहमदाबाद में हुआ था और उन्होंने 1991 में गुजरात उच्च न्यायालय में एक वकील के रूप में प्रैक्टिस शुरू की. उन्होंने अहमदाबाद स्थित अपने संस्थान सर एलए शाह लॉ कॉलेज में विजिटिंग फैकल्टी के रूप में भी काम किया. न्यायमूर्ति पंचोली को 2014 में गुजरात उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश और 2016 में स्थायी न्यायाधीश के पद पर पदोन्नत किया गया था. साल 2023 में उनका तबादला पटना उच्च न्यायालय में हो गया. उल्लेखनीय है कि पटना उच्च न्यायालय इस वर्ष 15 जनवरी से मुख्य न्यायाधीश के बिना चल रहा था क्योंकि न्यायमूर्ति पंचोली के पूर्ववर्ती न्यायमूर्ति विनोद के. चंद्रन को सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नत किया गया था. न्यायमूर्ति आशुतोष कुमार इस अवधि में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्यरत थे, लेकिन हाल ही में उन्हें गुवाहाटी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया. इस बीच, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुधीर कुमार सिंह 22 जुलाई को पटना उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे.

## कारोबार

### शुरुआती गिरावट के बाद मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

# बाजार की तेजी से निवेशकों को 1.63 लाख करोड़ का मुनाफा

एजेंसी । नई दिल्ली



सप्ताह के पहले कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार में उत्साह का माहौल बना रहा, जिसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया. आज के कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ हुई थी. हालांकि, बाजार खुलने के बाद बिकवाली का दबाव बनने की वजह से पहले 20 मिनट में ही सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लुढ़क कर लाल निशान में गिर गए, लेकिन इसके बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर ये दोनों सूचकांक रिकवरी करके एक बार फिर मजबूत स्थिति में पहुंच गए. पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.54 प्रतिशत और निफ्टी 0.49 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए.

सोमवार को दिन भर के कारोबार के दौरान बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, मेटल और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही. इसी तरह पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, कैपिटल गुड्स और कंज्यूमर ड्यूरेबल इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए. ऑयल एंड गैस, आईटी, एफएमसीजी, हेल्थकेयर और टेक इंडेक्स बिकवाली के दबाव में गिरावट के साथ बंद हुए. ब्रॉडर मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता रहा. बीएसई का मिडकैप इंडेक्स आज 0.55 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ. इसके विपरीत स्मॉलकैप इंडेक्स ने आज 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया. बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई. बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद बढ़ कर 460 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया. पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 458.37 लाख करोड़ रुपये था. इस तरह निवेशकों को करीब 1.63 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया.

वहीं बीएसई में 4,327 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई. इनमें 1,964 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,186 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 177 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए. एनएसई में आज 2,687 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई. इनमें से 1,295 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,392 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए. इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 18 शेयर बढ़त के साथ और 12 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए. निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 31 शेयर हरे निशान में और 19 शेयर लाल निशान में बंद हुए. बीएसई का सेंसेक्स आज 160.80 की तेजी के साथ 81,918.53 अंक के स्तर पर खुला.

कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बढ़ जाने के कारण पहले 20 मिनट में ही ये सूचकांक 239.07 अंक की कमजोरी के साथ 81,518.66 अंक तक गिर गया. इसके बाद खरीदारों ने बाजार में आक्रामक अंदाज में खरीदारी शुरू कर दी, जिससे थोड़ी ही देर में सेंसेक्स दोबारा मजबूत स्थिति में पहुंच गया. लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक कारोबार खत्म होने की थोड़ी देर पहले 516.30 अंक उछल कर 82,274.03 अंक तक पहुंचने में सफल रहा. हालांकि, आखिरी वक्त में इंट्रा-डे सेटलमेंट के कारण हुई मामूली बिकवाली की वजह से सेंसेक्स ऊपरी स्तर से करीब 75 अंक फिसल कर 442.61 अंक की मजबूती के साथ 82,200.34 अंक के स्तर पर बंद हुआ.

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 30.60 अंक उछल कर 24,999 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की. बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से पहले 20 मिनट के कारोबार में ही ये सूचकांक 86.10 अंक फिसल कर 24,882.30 अंक तक आ गया. इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक ने दोबारा हरे निशान में वापसी कर ली. बाजार में लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से आज का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक 143 अंक की मजबूती के साथ 25,111.40 तक पहुंचने में सफल रहा. हालांकि, आखिरी वक्त में दिन के सौदों के निपटारे की वजह से हुई बिकवाली के कारण निफ्टी ऊपरी स्तर से करीब 20 अंक खिसक कर 122.30 अंक की तेजी के साथ 25,090.70 अंक के स्तर पर बंद हुआ.

कारोबार के दौरान स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एटरनल 5.64 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक 2.81 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक 2.20 प्रतिशत, एचडीएफसी लाइफ 1.73 प्रतिशत और महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.70 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए. दूसरी ओर, रिलायंस इंडस्ट्रीज 3.21 प्रतिशत, विप्रो 2.47 प्रतिशत, इंडसइंड बैंक 1.29 प्रतिशत, आयशर मोटर्स 1.24 प्रतिशत और एचसीएल टेक्नोलॉजी 1.19 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए.

## सेल ने जोजिला सुरंग को 31 हजार टन से इस्पात से बनाया सशक्त

**नई दिल्ली ।** भारत की सबसे लंबी सड़क सुरंग और एशिया की सबसे लंबी द्वि-दिशात्मक जोजिला सुरंग यातायात के लिए 2027 तक पूरा होने की स्थिति में है. देश के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने इस परियोजना के लिए 31 हजार टन से ज्यादा स्टील की आपूर्ति की है. इस्पात मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि सेल को इस रणनीतिक संरचना में महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में शामिल किया गया था. इसके लिए सेल ने टीएमटी रि-बार, स्ट्रक्चरल और प्लेट सहित 31 हजार टन से अधिक इस्पात की आपूर्ति की है. मंत्रालय के मुताबिक रणनीतिक रूप से 11,578 फीट की ऊंचाई पर स्थित इस सुरंग का निर्माण हिमालय के चुनौतीपूर्ण भूभाग में किया जा रहा है. 30 किलोमीटर से ज्यादा लंबी यह सुरंग श्रीनगर और लेह के बीच द्रास और कारगिल होते हुए हर मौसम में महत्वपूर्ण संपर्क प्रदान करेगी. ये सुरंग भारत के राष्ट्रीय बुनियादी ढांचे के विकास विशेष रूप से श्रीनगर-कारगिल-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग, का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है. ये सुरंग इस क्षेत्र में नागरिक और सैन्य गतिशीलता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगी.

इस्पात मंत्रालय के मुताबिक 2027 तक पूरा होने की ओर अग्रसर इस परियोजना को इस्पात की निरंतर आपूर्ति सेल की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है. जोजिला सुरंग जैसी विशाल परियोजनाएं सेल के इस्पात की विश्वसनीयता और मजबूती पर निरंतर भरोसा करती हैं, जो कंपनी की गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता और भारत के भविष्य को आकार देने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका का प्रमाण है.

### डॉलर के मुकाबले 14 पैसे की कमजोरी के साथ बंद हुआ रुपया

**नई दिल्ली ।** वैश्विक बाजार में डॉलर की मजबूती और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के वायदा कारोबार में तेजी आने की कारण रुपया डॉलर की तुलना में गिरावट के साथ बंद हुआ. मुद्रा बाजार में भारतीय मुद्रा सोमवार को डॉलर की तुलना में 14 पैसे फिसल कर 86.30 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुई. इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को भारतीय मुद्रा 86.16 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी. इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में भारतीय मुद्रा ने सोमवार सुबह डॉलर के मुकाबले 6 पैसे की कमजोरी के साथ 86.22 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरुआत की थी. स्टॉक मार्केट में आज शुरुआती दौर में विदेशी निवेशकों द्वारा जमकर की गई बिकवाली के कारण मुद्रा बाजार में रुपये पर भी दबाव की स्थिति बन गई.

## एंथेम बायोसाइंसेज ने निवेशकों को किया खुश, पहले दिन 28 प्रतिशत का मुनाफा

एजेंसी । नई दिल्ली

बायोटेक फर्म्स और बड़ी फार्मास्यूटिकल कंपनियों को सर्विस देने वाली कंपनी एंथेम बायोसाइंसेज के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में मजबूत एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया. आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 570 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे. आज बीएसई पर इसकी एंट्री 723.10 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर 723.05 रुपये के स्तर पर एंट्री हुई. इस तरह एंट्री के साथ ही शेयरों को करीब 26 प्रतिशत का लिस्टिंग गेन मिल गया.

लिस्टिंग के बाद शेयरों की लिवाली शुरू हो गई, जिसके कारण कुछ ही देर में कंपनी के शेयर बीएसई पर 746.70 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर 747 रुपये के स्तर पर पहुंच गए. हालांकि, कुछ देर बाद बिकवाली शुरू हो जाने के कारण इस शेयर में कुछ गिरावट भी आई. पूरे दिन के कारोबार के बाद कंपनी के शेयर 730.35 रुपये के स्तर पर बंद हुए. इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 160.35 रुपये यानी 28.13 प्रतिशत का मुनाफा हो गया.

एंथेम बायोसाइंसेज का 3,395.79 करोड़ रुपये का आईपीओ 14 से 16 जुलाई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था. इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 67.42 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 192.80 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 44.70 गुना सब्सक्रिप्शन आया था. इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 5.98 गुना सब्सक्राइब हुआ था. वहीं एंप्लॉयीज के लिए रिजर्व पोर्शन में 6.99 गुना सब्सक्रिप्शन आया था. इस आईपीओ के तहत कोई नया शेयर जारी नहीं किया गया है, बल्कि 2 रुपये फेस वैल्यू वाले 5,95,75,319 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिए बेचे गए हैं. कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है.

## पेज एक का शेष...


### पूरी तरह बदल रही भारत की युद्धनीति!

जिनकी कीमत 32,000 करोड़ रुपये है. ये ड्रोन लद्दाख, अरुणाचल और हिंद महासागर में निगरानी और हमले के लिए तैनात होंगे.

**तापस-बीएच और वारहॉक :** तापस-बीएच स्वदेशी निगरानी ड्रोन है, जो हिंद महासागर में तैनात है. वारहॉक एआई-पावर्ड किलर ड्रोन है, जिसका लक्ष्य 2027 तक तैयार होना है.

**लॉइटरिंग म्यूनिशन्स :** ये आत्मघाती ड्रोन हैं, जो दुश्मन के ठिकानों पर मंडराते हैं. सटीक हमला करते हैं. ऑपरेशन सिंदूर में स्काईस्ट्राइकर ड्रोन्स ने कमाल दिखाया.

### 5. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई): स्मार्ट युद्ध




एआई-पावर्ड टैंक और ड्रोनः भारत एआई से लैस टैंक और ड्रोन्स बना रहा है. वारहॉक ड्रोन में सेंसर-फ्यूजन सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल होगा, जो इसे और घातक बनाएगा.

रियल-टाइम निगरानीः एआई की मदद से ड्रोन्स और सैटेलाइट्स रियल-टाइम में दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखते हैं. ऑपरेशन सिंदूर में इसरो की सैटेलाइट्स ने अहम रोल निभाया.

सीएलएडब्ल्यूएस लेजर डिफेंसः ये लेजर हथियार ड्रोन्स, माइक्रो मिसाइलों और मोर्टार को हवा में ही नष्ट कर देता है.

### क्यों जरूरी हैं ये नए हथियार

ऑपरेशन सिंदूर ने दिखाया कि भारत अब आतंकवाद और दुश्मनों के



खिलाफ सख्त रुख अपना रहा है. लेकिन पाकिस्तान और चीन जैसे पड़ोसी देशों की चुनौतियां कम नहीं हैं. चीन की सुपरसोनिक मिसाइलें और पाकिस्तान के ड्रोन्स भारत के लिए खतरा हैं.

**सुरक्षा :** ब्रह्मोस-2 और एस-400 जैसे हथियार दुश्मन की किसी भी हरकत को पलटवार करने के लिए तैयार हैं.

**आत्मनिर्भरताः** भारत अब विदेशी हथियारों पर कम निर्भर है. स्विफ्ट-के, तापस-बीएच और आकाश जैसे हथियार 'मेक इन इंडिया' का हिस्सा हैं.

**वैश्विक ताकतः** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के हथियारों की डिमांड बढ़ी है. कतर, लेबनान और जापान जैसे देश भारत से मिसाइलें, रडार और बुलेटप्रूफ जैकेट्स खरीद रहे हैं.

भविष्य के युद्धः ड्रोन्स, एआई और लेजर हथियार भविष्य के युद्धों में गेम-चेंजर होंगे.

**अब आगे क्या :** ऑपरेशन सिंदूर ने भारत को एक नया आत्मविश्वास दिया है. अब सरकार और डीआरडीओ मिलकर रक्षा बजट को जीडीपी का 2.5% करने की योजना बना रहे हैं. साथ ही...

**87 एमएएलई ड्रोन्सः** भारत 20,000 करोड़ रुपये में 87 स्वदेशी ड्रोन्स खरीदेगा, जो पाकिस्तान और चीन की सीमाओं पर निगरानी करेंगे.

एएमसीए स्टील्थ फाइटरः पांचवीं पीढ़ी का ये फाइटर जेट 2030 तक तैयार होगा.

**प्रोजेक्ट कुशाः** ये स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 की तरह 350 किमी तक के खतरों को रोकेगा.

रक्षा निर्यातः भारत का लक्ष्य 2024-25 तक 36,500 करोड़ रुपए का रक्षा निर्यात है. ब्रह्मोस और आकाश मिसाइलें दुनिया में छा रही हैं.



### मुंबई एयरपोर्ट पर भारी बारिश की वजह से

## रनवे पर फिसला एयर इंडिया का विमान, सभी यात्री सुरक्षित

एजेंसी । मुंबई



मुंबई एयरपोर्ट के रनवे पर सोमवार को कोच्चि से मुंबई आ रहा एयर इंडिया का विमान एआई २७४४ तेज बारिश के बीच लैंडिंग करते समय रनवे पर फिसल गया और उसके तीनों टायर फट गए. लेकिन पायलट की सूझबूझ और तेज रिएक्शन की वजह से बड़ा हादसा टल गया. इस घटना में कोई यात्री हताहत नहीं हुआ है. एयर इंडिया की ओर से जारी बयान में बताया गया कि विमान को सुरक्षित रूप से टैक्सीवे तक लाया गया और सभी यात्रियों और क्रू मेंबर्स को सुरक्षित उतार लिया गया. किसी को भी चोट नहीं आई है. घटना के बाद विमान को तुरंत ग्राउंड कर दिया गया है और उसकी तकनीकी जांच की जा रही है. एयर इंडिया ने कहा है कि यात्रियों और क्रू की सुरक्षा उनकी पहली प्राथमिकता है. एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि ₹तेज बारिश के कारण लैंडिंग के बाद विमान रनवे से थोड़ा फिसल गया. पायलट ने स्थिति को संभाला और विमान को सुरक्षित गेट तक पहुंचाया गया. सभी यात्री सुरक्षित हैं. विमान की जांच की जा रही है. मुंबई एयरपोर्ट पर इस घटना के बाद कुछ समय के लिए उड़ानों की आवाजाही पर असर पड़ा, लेकिन अब स्थिति सामान्य है.

### न्यूज अपडेट

### प्रो अशीम घोष ने हरियाणा के राज्यपाल पद की शपथ ली

**चंडीगढ़** । पश्चिम बंगाल के निवासी प्रो. अशीम घोष ने सोमवार को हरियाणा के राज्यपाल के पद की शपथ ली. वे हरियाणा के 19वें राज्यपाल बन गए हैं. घोष को बंडारू दत्तात्रेय की जगह राज्यपाल बनाया गया है. सोमवार को राजभवन में आयोजित एक शपथ ग्रहण समारोह में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शील नागू ने प्रो अशीम घोष को राज्यपाल पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई. घोष ने अंग्रेजी में शपथ ग्रहण की. शपथ ग्रहण समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया, हरियाणा विधानसभा के स्पीकर हरविंद्र कल्याण समेत कई विधायक, मंत्री तथा घोष के पारिवारिक सदस्य मौजूद थे. शपथ ग्रहण के बाद मुख्यमंत्री नायब सैनी ने विधिवत रूप से उनका बतौर राज्यपाल स्वागत किया.

### मानसून सत्र के पहले दिन राज्य सभा के 5 सदस्यों ने ली शपथ

**नई दिल्ली** । राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा के नवनिर्वाचित और मनोनीत पांच सदस्यों को सोमवार को संसद भवन में शपथ दिलायी. इस अवसर पर जिन सदस्यों ने शपथ ग्रहण की, उनमें पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेन्द्र प्रसाद बैश्य, कणाद पुरकायस्थ, डॉ. मीनाक्षी जैन, सी. सदानंदन मास्टर और हर्षवर्धन श्रृंगला शामिल हैं. सी सदानंदन, डॉ मीनाक्षी जैन और हर्षवर्धन श्रृंगला को हाल ही में उच्च सदन के लिए मनोनीत किया गया था. उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सभी सदस्यों को बधाई दी और संसद के उच्च सदन में उनके प्रभावी योगदान की कामना की. शपथ ग्रहण समारोह में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे.

### तमिलनाडु के सीएम स्टालिन अस्पताल में भर्ती, मॉर्निंग वॉक में आया चक्कर

**चेन्नई** । तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन को सोमवार सुबह चेन्नई के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है. उनके कुछ टेस्ट हुए हैं. अस्पताल की ओर से जारी आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है. अस्पताल की ओर से जारी बयान में बताया गया कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को आज सुबह रूटीन मॉर्निंग वॉक के दौरान हल्का चक्कर आया. उन्हें लक्षणों के मूल्यांकन और जरूरी डायग्नोस्टिक टेस्ट के लिए अपोलो हॉस्पिटल, चेन्नई में भर्ती कराया गया है.

### छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों ने की दो ग्रामीणों की हत्या

**बीजापुर/रायपुर** । छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने रविवार देर रात को दो ग्रामीणों की धारदार हथियार से हत्या कर दी. तर्रेम थाना अंतर्गत हुई इस घटना की जिम्मेदारी नक्सलियों की जगरगुंडा कमेटी ने ली है. नक्सली ग्रामीणों के घरों में घुसे और उन्हें बाहर ले गए. इसके बाद धारदार हथियारों से उनकी हत्या कर दी. बीजापुर में पिछले 25 दिनों में मुखबिरी के शक में नक्सलियों ने 6 ग्रामीणों, दो छात्रों एवं दो शिक्षादूतों सहित 10 लोगों की हत्या की है. बीजापुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गोवर्ना ने बताया कि 5 से 6 नक्सली रविवार देर रात को ग्रामीणों के घरों में घुसे और बाहर ले जाकर उनकी हत्या कर दी. मृतकों की पहचान 55 वर्षीय कवासी जोगा निवासी ग्राम छुटवाई और 50 वर्षीय मंगलू कुरसाम निवासी बड़ा तर्रेम के रूप में हुई है.

### म्यांमार प्रशिक्षित प्रीपाक उग्रवादी इम्फाल पूर्व से गिरफ्तार

**इंफाल** । सुरक्षा बलों ने खुफिया जानकारी पर इंफाल पूर्व से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन प्रीपाक के एक म्यांमार प्रशिक्षित उग्रवादी को गिरफ्तार किया है. यह जानकारी पुलिस ने सोमवार को दी. पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किया गया कोन्था अहलुप माखा लेईकाई निवासी कोंजेंगबाम तोम्बा सिंह उर्फ लिंगम (38) पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक (प्रीपाक) में स्वयंभू सार्जेंट मेजर के पद पर कार्यरत था. अधिकारियों ने पुष्टि की कि भारत लौटने से पहले उसने म्यांमार के तनाल स्थित संगठन के अड्डे पर सैन्य प्रशिक्षण लिया था.वह भूमिगत गतिविधियों विशेष रूप से प्रीपाक के लिए भर्ती करने में शामिल रहा.

### हिमाचल प्रदेश में रात से हो रही मूसलाधार बारिश से दो की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में रात से हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है. कई उपमंडलों में आज एहतियातन सभी शिक्षण संस्थानों में छुट्टी घोषित कर दी गई है. चंबा जिले में बारिश के कहर से दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि जगह-जगह भूस्खलन से सड़कें बंद हो गई हैं. अगले 72 घंटों के लिए मौसम विज्ञान विभाग ने कई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है.प्रदेश के मंडी, कांगड़ा, चंबा, शिमला, सिरमौर, सोलन, ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर और कुल्लू जिलों में लगातार भारी बारिश हो रही है. मंडी जिला के थुनाग, शिमला जिला के रोहड़ू, जुब्बल, कुमारसैन, चौपाल और सुन्नी के जलोग उपतहसील समेत कई उपमंडलों में स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र आज बंद रखे गए हैं.

### इजराइल ने व्यापक निकासी आदेश जारी किए

## गाजा में मदद के लिए जुटे 85 फिलीस्तीनियों की हो गयी मौत

एजेंसी । दीर अल-बलाह

गाजा में मानवीय सहायता की तलाश कर रहे कम से कम 85 फिलीस्तीनियों की रविवार को गोलीबारी में मौत हो गई, जो पिछले 21 महीनों में सहायता पाने वालों के लिए सबसे घातक दिन रहा. गाजा की स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी है. इस घटना के बीच इजराइल की सेना ने केंद्रीय गाजा के कई हिस्सों में नए निकासी आदेश जारी किए हैं. यह क्षेत्र अब तक जमीन पर सैन्य अभियान से अपेक्षाकृत अछूता रहा था और जहां कई अंतरराष्ट्रीय सहायता एजेंसियां कार्यरत हैं. रिपोर्टों के अनुसार, कई संगठनों को तत्काल अपने कार्यालय खाली करने के लिए कहा गया है.

**सबसे ज्यादा मौतें उत्तरी गाजा में :** उत्तरी गाजा, जो भारी तबाही और भुखमरी से जूझ रहा है, वहां ज़िकिम क्रॉसिंग के पास सहायता के लिए जुटे लोगों पर गोलीबारी में कम से कम 79 फिलीस्तीनी मारे गए. गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के रिकॉर्ड विभाग प्रमुख ज़ाहर अल-वाहेदी ने बताया कि इस समय संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम के 25 ट्रक वहां ₹भूख से बेहाल समुदायों₹ के लिए मदद लेकर पहुंचे थे, तभी भारी भीड़ जमा हो गई.



**प्रत्यक्षदर्शियों की आपबीती :** ईहाब अल-ज़ेई, जो आटा लेने पहुंचे थे, ने बताया, अचानक चारों ओर टैंक आ गए और गोलियों और हमलों के बीच हम दो घंटे तक फंसे रहे. अब मैं दोबारा कभी नहीं जाऊंगा. भूख से मरना बेहतर है. एक अन्य घायल नागरिक नाफिज अल-नज्जार ने कहा कि टैंकों और ड्रोन ने ₹लोगों को बेतरतीब तरीके से निशाना बनाया,₹ और उन्होंने अपने चचेरे भाई को मरते देखा. वहीं, इजराइली सेना ने बयान जारी कर कहा कि उत्तरी गाजा में हजारों लोगों की भीड़ इकट्ठा हुई थी, जो सुरक्षा के लिए खतरा थी, और इसी वजह से सैनिकों ने फायरिंग की. सेना ने यह स्वीकार किया कि कुछ लोग हताहत हुए हैं, लेकिन गाजा के अधिकारियों द्वारा बताए गए आंकड़ों को उसने ₹अत्यधिक बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया₹ बताया. साथ ही, उसने हमास पर जानबूझकर अराजकता फैलाने का आरोप लगाया. इसके अलावा, रफाह के शकूश इलाके में 6 अन्य फिलीस्तीनियों की मौत हुई. यह स्थान अमेरिका और इजराइल द्वारा समर्थित गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन के वितरण केंद्र के पास है.

### खैबर पख्तूनख्वा, बलूचिस्तान में 17 मारे गए, आठ गिरफ्तार

**इस्लामाबाद** । पाक के सुरक्षाबलों ने मुल्क के खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत में 17 आतंकवादियों को मार गिराया. इस दौरान आठ दहशतगर्दों को दबोच लिया. द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, आईएसपीआर ने रविवार देरशाम बताया कि 16 से 20 जुलाई तक खैबर-पख्तूनख्वा (केपी) के मलकंद जिले में एक संयुक्त खुफिया-आधारित अभियान चलाया गया. इस दौरान नौ आतंकवादी मारे गए और आठ अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया. यह सभी फितना अल-ख्वारिज से जुड़े हैं.

**12 बस यात्रियों की हत्या :** आईएसपीआर ने बताया कि आतंकवादियों के दो ठिकानों को नष्ट कर दिया गया. इस दौरान हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटकों का जखीरा बरामद किया गया. इस बीच सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान प्रांत में दो अलग-अलग खुफिया आधारित अभियानों में आठ आतंकवादियों को मार गिराया. इससे पहले कलात जिले में नीमुर्ग क्रॉस के पास कराची से क्वेटा जा रही एक यात्री बोगी पर गोलीबारी में कम से कम तीन यात्रियों की मौत हो गई और सात घायल हो गए.

## ढाका में वायुसेना का प्रशिक्षण विमान गिरा, 19 लोगों की मौत

- बांग्लादेश सेना के जवान और फायर सर्विस व सिविल डिफेंस की आठ यूनिट घटनास्थल पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू कर दिया

एजेंसी । ढाका

बांग्लादेश वायु सेना का एक एफ-7 ट्रेनर विमान सोमवार दोपहर करीब 1:30 बजे (भारतीय समयानुसार 1:00 बजे) ढाका के उत्तरा क्षेत्र में दियाबारी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया. बताया जा रहा है कि ये एयरक्राफ्ट माइलस्टोन कॉलेज के उत्तर कैंपस के अंदर स्थित स्कूल पर गिरा है, जिससे स्कूल और आसपास के इलाके में अफरा तफरी मच गई. इस हादसे के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जिनमें स्कूली छात्र अपनी जान के लिए इधर-उधर दौड़ते हुए नजर आ रहे हैं. स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एफ-7 ट्रेनर विमान दोपहर एक बजकर 6 मिनट पर उड़ान भरी और इसके 24 मिनट बाद एक बजकर 30 मिनट पर क्रैश हो गया. हजरत शाहजलाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस घटना की पुष्टि की, लेकिन दुर्घटना के कारणों या हताहतों के बारे में तत्काल जानकारी नहीं दी. प्राप्त जानकारी के अनुसार, एफ-7 एक चाइनिज विमान है.



**हादसे में एक व्यक्ति की मौत :** एपी की रिपोर्ट के मुताबिक सेना और अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि बांग्लादेश वायु सेना का ट्रेनर विमान ढाका के उत्तरी उत्तरा क्षेत्र में एक स्कूल परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई और 70 घायलों को 6 अस्पतालों में भर्ती कराया गया है. वहीं, हादसे की जानकारी मिलते ही बांग्लादेश सेना के जवान और फायर सर्विस व सिविल डिफेंस की आठ यूनिट घटनास्थल पर पहुंच गई हैं और बचाव कार्य शुरू कर दिया. एक अधिकारी ने बताया कि उन्हें दोपहर 1:18 बजे माइलस्टोन कॉलेज के पास विमान दुर्घटना की सूचना मिली, जिसके बाद तीन यूनिटों घटनास्थल पर काम कर रही हैं, जबकि दो अन्य यूनिट सड़क पर तैयार हैं.

### विमान हादसे की जांच पर बोले विमानन मंत्री नायडू

## भारत में पहली बार डिकोड हुआ ब्लैक बॉक्स

एजेंसी । नयी दिल्ली

एअर इंडिया के विमान हादसे की जांच को लेकर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने सोमवार को बताया कि भारत में पहली बार ब्लैक बॉक्स को डिकोड किया गया है. राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में नायडू ने कहा, जांच का पहला चरण पूरा हो चुका है और उसकी प्रारंभिक रिपोर्ट भी आ चुकी है. पहले जब ब्लैक बॉक्स को थोड़ा भी नुकसान होता था, तो उसे डिकोड करने के लिए निर्माता देश भेजा था. लेकिन पहली बार ऐसा हुआ है कि ब्लैक बॉक्स को भारत में डिकोड किया जा रहा है.

पूरी तरह निष्पक्ष प्रक्रिया अपनाता है एएआईबी : केंद्रीय मंत्री विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की तारीफ करते हुए कहा कि यह निष्पक्ष तरीके से काम करती है. उन्होंने कहा, मैं देश को यह बताना चाहता हूं कि एएआईबी पूरी तरह नियम आधारित और निष्पक्ष प्रक्रिया अपनाता है. उन्होंने आगे कहा, मैंने कई लेख देखे हैं, केवल भारतीय मीडिया में ही नहीं, बल्कि पश्चिमी मीडिया में भी, जो अपने-अपने नजरिए को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहे हैं. हम जांच तथ्यों के आधार पर जांच कर रहे हैं. हम केवल सच के साथ खड़े रहना चाहते हैं और वह सच तभी सामने आएगा, जब जांच पूरी होगी.

'पिछले साल डीजीसीए में 103 पदों पर की भर्ती' : जब मंत्री से पूछा गया कि विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) क्या कर्मचारियों की आधी संख्या के साथ काम कर रहा है, तो उन्होंने कहा, बीते दस वर्षों में विमानों और यात्रियों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई है. मंत्रालय ने डीजीसीए में और पदों की सिफारिश की. बीते दो से तीन वर्षों में ये खाली पद बनाए गए. पिछले वर्ष हमने 103 पदों पर भर्ती की, जो डीजीसीए के इतिहास में सबसे अधिक है.

'अंतिम जांच रिपोर्ट आने तक न करें टिप्पणी' : रविवार को भी मंत्री नायडू ने कहा था कि अंतिम जांच रिपोर्ट आने से पहले किसी भी तरह की टिप्पणी नहीं की जानी चाहिए और जांच प्रक्रिया का सम्मान होना चाहिए. उन्होंने कहा, डाटा हमारे पास है, प्रारंभिक रिपोर्ट भी सामने आ चुकी है, लेकिन अंतिम रिपोर्ट आने से पहले किसी भी तरह की टिप्पणी करना ठीक नहीं है. इसी वजह से हम भी बहुत सावधानी बरत रहे हैं.

### दुष्कर्म के आरोप में उदित प्रधान गिरफ्तार

**भुवनेश्वर** । मंचेश्वर पुलिस ने दुष्कर्म मामले में रविवार रात को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की छात्र इकाई नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के ओडिशा प्रदेश अध्यक्ष उदित प्रधान को गिरफ्तार कर लिया है. एनएसयूआई ओडिशा प्रदेश अध्यक्ष उदित प्रधान पर एक युवती ने 18 मार्च को एक होटल में नशीला पदार्थ देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है. पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि उदित ने 18 मार्च को एक होटल में लेजाकर उसे पेय पदार्थ में कोई नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया. होश में आने के बाद जब उसने विरोध जताया, तो उदित ने उसे धमकाया और घटना को छुपाने के लिए दबाव बनाया. पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपित उदय प्रधान के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है.

## जापान में उच्च सदन के चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन का खराब प्रदर्शन

एजेंसी । टोक्यो

जापान का सत्तारूढ़ गठबंधन संसद के उच्च सदन 'डायट' के लिए रविवार को हुए चुनाव में पिछड़ता नजर आ रहा है. जापान के प्रमुख अखबार असाही शिंबुन के एग्जिट पोल के अनुसार, सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) का प्रदर्शन इस बार दमदार नहीं रहा. सरकारी प्रसारक एनएचके टेलीविजन का भी कुछ ऐसा ही दावा है. एनकेएच ने ऊपरी सदन में सत्तारूढ़ गठबंधन की सीटें कम होने का अनुमान जताया है. एनकेएच के अनुसार, इस चुनाव में धुर-दक्षिणपंथी सैनसेतो पार्टी ताकत के रूप में उभरी है.

एनएचके में प्रसारित एक्जिट पोल में इशिबा के गठबंधन को 32-51 सीट मिलने का अनुमान लगाया गया है. अन्य चैनलों के मुताबिक इस



गठबंधन को 40-43 सीट मिल सकती हैं. एलडीपी को अकेले 32 से 35 सीटें मिलने का अनुमान है. एलडीपी अभी भी संसद में सबसे बड़ी पार्टी है.

एनएचके के अनुसार, मुख्य विपक्षी दल कान्स्टीट्यूशनल डेमोक्रेटिक पार्टी को 18 से 30 सीटें मिलने का अनुमान है. पहले उसे 22 सीटें मिली थीं. धुर दक्षिणपंथी सैनसेतो पार्टी अपने 'जापानी फर्स्ट' अभियान की वजह से मतदाताओं को प्रभावित कर रही है. इस पार्टी को 10-22 सीटें मिलने की संभावना है. इसे पिछले चुनाव में एक सीट मिली थी. इस पार्टी की शुरुआत कोविड-19 महामारी के दौरान यू-ट्यूब के जरिये हुई थी.

अल्पमत की सरकार चला रहे प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन की सीटें कम होने से जापान में राजनीतिक अस्थिरता बढ़ने की आशंका है. हालांकि इस चुनाव से सीधे तौर पर प्रधानमंत्री इशिबा की सरकार पर असर नहीं पड़ेगा, लेकिन उच्च सदन में झटका लगने से उन पर इस्तीफा देने का दबाव बढ़ सकता. महत्वपूर्ण यह है कि अक्टूबर में हुए निचले सदन के चुनाव में भी इशिबा की पार्टी का प्रदर्शन 15 वर्षों में सबसे खराब रहा था.

**तैयारी**

### डीआरडीओ ने सुपर सुखोई अपग्रेड प्रोग्राम के तहत उत्पादन साझेदार का चयन करने की प्रक्रिया शुरू की

## लड़ाकू सुखोई 'मिनी अवाक्स' में विरुपाक्ष' रडार लगाएंगें

एजेंसी । नई दिल्ली

ऑपरेशन 'सिंदूर' के दौरान दुश्मन के हवाई हमलों को नाकाम करने में एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम और अवाक्स की भूमिका अहम रहने के बाद लड़ाकू सुखोई विमानों को अपग्रेड करने की तैयारी है. वायु सेना के इन लड़ाकू विमानों को विरुपाक्ष एईएसए रडार लगाकर मिनी अवाक्स में बदला जाएगा. इसके लिए डीआरडीओ ने सुपर सुखोई अपग्रेड प्रोग्राम के तहत उत्पादन साझेदार का चयन करने की प्रक्रिया शुरू की है.



भारतीय वायु सेना के सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों के एवियोनिक्स सुइट को उन्नत करने के उद्देश्य से विरुपाक्ष रडार लगाया जाना है. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की प्रयोगशाला इलेक्ट्रॉनिक्स और रडार विकास प्रतिष्ठान (एलआरडीई) को अधिकृत किया गया है. एलआरडीई ने विमान के लिए अत्याधुनिक येसा रडार प्रणाली के सह विकास और निर्माण के लिए साझेदार का चयन करने के लिए अनुरोध पत्र (आरएफपी) जारी किया है. इसकी तकनीक ऐसी है कि सुखोई विमानों के एएल-31एफ इंजन में बदलाव किए बिना ही रडार को प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सकेगा, जिससे अपग्रेड की लागत कम रहेगी. विरुपाक्ष रडार 350-400 किमी (कुछ दावे 455 किमी. तक) की दूरी पर लक्ष्यों का पता लगा सकता है, जो मौजूदा रडार की तुलना में लगभग 1.7 गुना ज़्यादा है. यह रडार एक साथ 64-100 लक्ष्यों को ट्रैक कर सकता है, जबकि मौजूदा सिस्टम केवल 15 लक्ष्यों को ट्रैक कर पाता है. एक साथ कई लक्ष्यों को ट्रैक करने से हवाई युद्ध की स्थिति में अधिक प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया दी जा सकती है. इसका वजन 30-40 फीसदी हल्का होने की उम्मीद है, जिससे विमान की गतिशीलता और ईंधन दक्षता में सुधार होगा. सामरिक महत्व के लिहाज से देखा जाए तो यह रडार उच्च स्वदेशी सामग्री के माध्यम से भारत की आत्मनिर्भरता को मजबूत करेगा. साथ ही चीन के लड़ाकू विमान जे-20 जैसे खतरों का मुकाबला करने की क्षमता को बढ़ाएगा.

डीआरडीओ के मुताबिक इस रडार के लगने के बाद सुखोई की लाइफलाइन 2055 से भी आगे तक बढ़ जाएगी. विरुपाक्ष एईएसए रडार गहन निगरानी और मजबूत नेटवर्क केंद्रित युद्ध क्षमताएं प्रदान करेगा, जिससे यह लगभग एक मिनी अवाक्स के रूप में कार्य करने में सक्षम होगा, जो चीन के जे-20 जैसे स्टेल्थ विमानों का मुकाबला करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है. इस जेट में बड़े मल्टी फंक्शन डिस्प्ले और पूर्णतः डिजिटल कॉकपिट होगा, जिससे सुखोई 4.5+ पीढ़ी का लड़ाकू विमान बन जाएगा. यह रडार, हवा से हवा, हवा से जमीन और हवा से समुद्र जैसे विभिन्न मिशनों में काम कर सकता है. यह रडार भारत में विकसित किया गया है, जो देश की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करता है. यह रडार भारतीय वायु सेना को एक महत्वपूर्ण रणनीतिक लाभ प्रदान करेगा, जिससे वह अपनी हवाई श्रेष्ठता बनाए रख सकेगी.

## जम्मू-कश्मीर के रियासी में वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन से एक की मौत, नौ घायल

एजेंसी । जम्मू

जम्मू-कश्मीर के रियासी ज़िले में वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले पुराने मार्ग पर सोमवार को भारी भूस्खलन हुआ, जिसमें 10 लोग घायल हो गए और एक यात्री की मौत हो गई। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने घटना पर दुख व्यक्त किया और कहा कि वह स्थिति पर नज़र रख रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित तीर्थयात्रियों के आधार शिविर कटरा शहर में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में एक बुकिंग कार्यालय और एक ऊपरी लोहे का ढांचा ढह गया।

यह घटना सुबह करीब 8.30 बजे बाणगंगा के पास हुई। भूस्खलन के कारण तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और अन्य को मामूली चोटें



आई । माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के कार्यवाहक मुख्य कार्यकारी अधिकारी सचिन कुमार वैश्य ने संवाददाताओं को बताया कि सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि गंभीर रूप से घायल हुए लोगों में चेन्नई निवासी उप्पन (70), उनकी पत्नी राधा (66) और हरियाणा निवासी राजिंदर भल्ला (70) को नारायण अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि उत्तर प्रदेश निवासी लीला रायकवार (56) का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा में इलाज चल रहा है। घायलों में चेन्नई निवासी उप्पन (उम्र 70) की मौत हो गई है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने घटना पर दुख व्यक्त किया और कहा कि वह स्थिति पर नज़र रख रहे हैं.


स्वायत्ताधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक सुरजीत सिंह द्वारा फ्लैट नंबर 48, श्रीवाटिका अपार्टमेंट, चेशायर होम रोड, रेजीमेंटल गेट नंबर 1 के सामने, पोस्ट कोकर, पीएस सदर, रांची - 834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : सुरजीत सिंह. स्थानीय संपादक : संजय सिंह*** फोन नंबर 0651-2961734. (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.**)